3 राजधानी
गल्लामंडी में लगी आग

6 अभिमत
सिविल-सेना समन्वय जरूरी

9 राष्ट्रीय
संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में जेसपा नामक शेर की मौत

10 विदेश
यूक्रेन में रूस की गोलीबारी रही जारी

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 41
लखनऊ, सोमवार, 28 नवंबर, 2022
पृष्ठ 14 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




कोच ने बताया सूर्यकुमार की सफलता का राज
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# अयोध्या को वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी डबल इंजन की सरकार: योगी

● मुख्यमंत्री ने 1057 करोड़ रुपये की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को एक विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त धार्मिक, वैदिक और आध्यात्मिक नगर के रूप में स्थापित करने का संकल्प दोहराते हुए रविवार को कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार भगवान राम की जन्म स्थली को वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 1057 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 46 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

उसके बाद प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या के विकास के लिए राज्य और केंद्र सरकार ने 30,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा, डबल इंजन की सरकार इस नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार न सिर्फ अयोध्या के धार्मिक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को बढ़ावा देगी बल्कि यहां के निवासियों के कल्याण के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास भी करेगी। उन्होंने कहा, अब भगवान राम की जन्म स्थली एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनेगी और यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर को दुनिया के सामने रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, हम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से तो आगे बढ़ेंगे ही, भौतिक विकास के भी नित नए प्रतिमान स्थापित करेंगे। इस उद्देश्य से आज हम सब यहां उपस्थित हुए हैं। आज भारत दुनिया की एक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

आदित्यनाथ ने इस मौके पर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशियों के चेक के अलावा चाबियां और प्रमाण पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा, अयोध्या मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि है और 500 वर्षो का इंतजार समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण का कार्य हो रहा है। भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में जल्द ही शांति खुशहाली सौहार्द और जनकल्याण की योजनाएं बनाने वाले शीर्ष 20 देशों की सूची में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्ध जनों से मुखातिब होते हुए कहा, हम सभी को वर्ष 2047 तक अपनी इच्छा का भारत बनाने के लिए अयोध्या, उत्तर प्रदेश और भारत के लिए अपनी रणनीति की परिकल्पना करनी होगी। अयोध्या के विकास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अयोध्या की सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है, लटकते हुए तारों को दुरुस्त किया जा रहा है और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा समुचित बस अड्डों की व्यवस्था भी की जा रही है।

राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों पर प्रहार करते हुए योगी ने कहा, वर्ष 2017 से पहले अयोध्या अंधेरे में डूबा रहता था। हालांकि आज यह नगर एलईडी की रोशनी से जगमगा रहा है और बिजली की निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। हरिद्वार की हर की पैड़ी की तरह अयोध्या में राम की पैड़ी का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के रामकथा पार्क में 41वें रामायण मेले का उद्घाटन भी किया। इसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के सभी सदस्य शामिल थे। यह मेला 30 नवम्बर तक चलेगा।

# चीन में कोविड प्रतिबंधों के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन

● संक्रमण के मामले रिकॉर्ड स्तर पर

**भाषा।** बीजिंग



**चीन** में कोविड-19 को फैलने से रोकने के लिए लागू किए गए कड़े प्रतिबंधों के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इस बीच, देश में संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और रविवार को करीब 40,000 नए मामले सामने आए। चीन में इस प्रकार के प्रदर्शन होना दुर्लभ बात है। चीनी सोशल मीडिया और ट्विटर पर उपलब्ध कई वीडियो में लोग शंघाई समेत कई स्थानों पर प्रदर्शन करते और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) तथा देश के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

ऐसा बताया जा रहा है कि कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। कई वीडियो में विभिन्न विश्वविद्यालय परिसरों में छात्र लॉकडाउन का विरोध करते दिखाई दिए। इस बीच, सरकार ने शनिवार को शिनजियांग की राजधानी उरुमकी से लॉकडाउन हटाने के लिए कदम उठाए। उरुमकी में बृहस्पतिवार को लॉकडाउन के दौरान एक अपार्टमेंट में आग लग जाने से 10 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद वहां सप्ताहांत में व्यापक स्तर पर प्रदर्शन हुए। पुलिस ने आधी रात में मिडल उरुमकी रोड पर एकत्र हुए करीब 300 प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया।

कई लोगों का आरोप है कि वायरस संबंधी प्रतिबंधों के मद्देनजर लगाए गए अवरोधकों के कारण आग और भीषण हो गई तथा आपात कर्मियों को आग बुझाने में तीन घंटे का समय लगा, लेकिन अधिकारियों ने इन आरोपों से इनकार किया और कहा कि इमारत में कोई अवरोधक नहीं लगाए गए थे तथा निवासियों को वहां से जाने की अनुमति थी। इस बीच, राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने रविवार को बताया कि देश में शनिवार देर तक संक्रमण के 39,501 मामले सामने आए। देश में लगातार चौथे दिन संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। शंघाई जैसे प्रमुख शहरों में मामलों में अप्रैल में आई तेजी के बाद से यह संख्या सर्वाधिक है। झाओ नाम के एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि उसके एक मित्र को पुलिस ने पीटा और उसके दो मित्रों के खिलाफ मिर्च स्प्रे का इस्तेमाल किया गया।

प्रदर्शनकारी ने अपना उपनाम ही बताया। उसने कहा कि प्रदर्शनकारियों ने शी चिनफिंग, इस्तीफा दो, कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता छोड़ो, शिनजियांग से प्रतिबंध हटाओ, चीन से प्रतिबंध हटाओ, हम पीसीआर (जांच) नहीं कराना चाहते, स्वतंत्रता चाहते हैं और प्रेस की स्वतंत्रता सहित कई नारे लगाए।

# जी-20 भारत के लिए बड़ा अवसर: मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना एक बड़ा अवसर है और देश को इसका पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 95 वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि शांति हो या एकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता हो या टिकाऊ विकास, भारत के पास इन सबसे जुड़ी चुनौतियों के समाधान हैं।

गौरतलब है कि भारत आधिकारिक तौर पर एक दिसंबर को जी20 समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। भारत एक वर्ष के लिए जी20 का अध्यक्ष रहेगा और इस दौरान देश में 55 अलग-अलग जगहों पर संगठन की 200 से ज्यादा बैठकें होंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की आबादी में जी-20 की दो-तिहाई, विश्व व्यापार में तीन-चौथाई और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 85 प्रतिशत भागीदारी है तथा भारत एक दिसंबर से इतने बड़े व सामर्थ्यवान समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है। उन्होंने कहा, जी-20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक बड़ा अवसर बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता हो या फिर टिकाऊ विकास, भारत के पास इनसे जुड़ी चुनौतियों के समाधान हैं।

उन्होंने कहा, हमने वन अर्थ (एक पृथ्वी), वन फैमिली (एक परिवार), वन फ्यूचर (एक भविष्य) का जो नारा दिया है, वह वसुधैव कटुम्बकम के प्रति हमारे संकल्प को प्रदर्शित करता है। मोदी ने कहा कि जी-20 में आने वाले लोग भले ही एक प्रतिनिधि के रूप में आएं लेकिन वे भविष्य के पर्यटक भी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इतने बड़े आयोजन के दौरान देशवासी भारत की संस्कृति के विविध और विशिष्ट रंगों से दुनिया को अवगत कराएंगे।

मोदी ने कहा कि आने वाले दिनों में देश के अलग-अलग हिस्सों में जी-20 से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और इस दौरान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से लोगों को विभिन्न राज्यों में जाने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों, खासकर युवाओं से आग्रह किया कि वे किसी न किसी रूप में जी-20 से जरूर जुड़ें। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों मौका मिलेगा।

# मेघालय में शांति, असम ने हटा दिया यात्रा प्रतिबंध

● मेघालय में हिंसा प्रदर्शन थमने के बावजूद संघर्ष वाले स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** गुवाहाटी

**असम** ने अंतरराज्यीय सीमा पर विवादित क्षेत्र में हुई हिंसा के बाद मेघालय के लिए लगाए गए यात्रा प्रतिबंध छह दिन के बाद रविवार को हटा लिये। असम ने मेघायल में कानून व्यवस्था में सुधार होने के बाद यह निर्णय लिया है। हालांकि इसके बावजूद संघर्ष वाले स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि दोनों प्रदेशों के लोगों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में छह लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि असम से वाहनों को अब मेघालय में प्रवेश की अनुमति होगी। कछार के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नोमल महता ने कहा कि जहां भी आवश्यक है, वहां वाहनों को सुरक्षा घेरे में लेकर आगे बढ़ाया जा रहा है। अन्य संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त की व्यवस्था की गई है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि रविवार से वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है क्योंकि संपूर्ण स्थिति में सुधार हुआ है। असम पुलिस ने एक परामर्श जारी कर लोगों से मंगलवार को हुई घटना के बाद पड़ोसी राज्य की यात्रा करने से बचने को कहा था। अधिकारियों ने कहा कि गुवाहाटी और कछार जिले के पास जोरबाट में अवरोधक लगाए गए थे, जिन्हें प्रतिबंध हटाने जाने के बाद अब हटा दिया गया है। हालांकि, ट्रक, सामान और अन्य सामान ले जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था। गौरतलब है कि वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में असम-मेघालय सीमा पर अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को गत मंगलवार तड़के पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद हिंसा भड़क गई थी जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी।

# महबूबा मुफ्ती, पूर्व विधायकों को 24 घंटे में सरकारी आवास खाली करने का नोटिस

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग जिले में प्राधिकारों ने रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती और सात पूर्व विधायकों को 24 घंटे के भीतर सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुफ्ती को पिछले महीने यहां शहर के उच्च सुरक्षा वाले गुपकर इलाके में उनके फेयरव्यू आवास को भी खाली करने का नोटिस दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग के उपायुक्त के आदेश पर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) द्वारा रविवार को दक्षिण कश्मीर जिले के खानबल में आवासीय कॉलोनी में स्थित सरकारी आवास के लिए मुफ्ती तथा अन्य को आदेश जारी किया गया। उन्होंने बताया कि मुफ्ती के अलावा पूर्व विधायक मोहम्मद अल्ताफ वानी, अब्दुल रहीम राठेर, अब्दुल मजीद भट, अल्ताफ शाह और अब्दुल कबीर पठान, पूर्व पार्षद बशीर शाह और चौधरी निजामुद्दीन को नोटिस जारी किए गए।

# मोदी को आपत्तिजनक ई-मेल भेजने वाला युवक गिरफ्तार

**भाषा।** बदायूं (उप्र)



**उत्तर** प्रदेश के बदायूं के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के रहने वाले एक युवक को गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने हिरासत में ले लिया और उसे गुजरात ले गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओ पी सिंह ने बताया कि गुजरात से एटीएस की एक टीम यहां आई थी और थाना सिविल लाइंस के मोहल्ला आदर्श नगर के रहने वाले अमन सक्सेना को पूछताछ के लिए अपने साथ गुजरात ले गई।

उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात गुजरात एटीएस की टीम आई और बताया कि एक संदिग्ध गतिविधि में सिविल लाइन थानाक्षेत्र के अमन सक्सेना नाम के युवक से पूछताछ करनी है। उन्होंने बताया कि बदायूं पुलिस ने युवक तक पहुंचने में उनकी मदद की और वे अमन सक्सेना को पूछताछ के लिए ले अपने साथ गुजरात ले गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि युवक पर आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री को लेकर कोई आपत्तिजनक ईमेल किया है। वहीं आरोपी युवक अमन सक्सेना के पिता का कहना है कि उसने आईआईटी से पढ़ाई की है और अब मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया है।

बदायूं के आदर्श नगर में रहने वाले आरोपी अमन सक्सेना के पिता सुभाष सक्सेना ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय को ईमेल भेजने में दिल्ली की एक लड़की भी शामिल है जो अमन की दोस्त है और अमन का मोबाइल उस लड़की के पास ही है। उन्होंने बताया कि अमन ने आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी और उसके बाद कुछ दिन नौकरी करने के बाद नौकरी छोड़ दी। उन्होंने बताया कि अमन उनका इकलौता बेटा है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,294 | |
| निफ्टी | 18,513 | |
| सोना | 52,517 | /10g |
| चांदी | 61,387 | /kg |

## क्विक न्यूज

### फुटओवर ब्रिज ढहने से एक शिक्षिका की मौत, 12 लोग घायल

**नागपुर/चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक रेलवे स्टेशन पर रविवार को फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से लोग रेलवे पटरी पर गिर पड़े जिससे 48 वर्षीय शिक्षिका की मौत हो गई, जबकि 12 व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागपुर से करीब 150 किलोमीटर दूर बल्लारपुर कस्बे के बल्हारशाह रेलवे स्टेशन पर शाम पांच बजकर 10 मिनट पर यह हादसा हुआ। चंद्रपुर जिला मुख्यालय से बल्लारपुर की दूरी 12 किलोमीटर है। मध्य रेलवे (सीआर) के नागपुर मंडल के जिस स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज पर यह घटना घटी वह प्लेटफॉर्म नंबर एक को प्लेटफॉर्म नंबर दो से जोड़ता है।

# दर्शकों की उपस्थिति का गिनीज रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी स्टेडियम के नाम



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को बताया अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का नाम आईपीएल फाइनल 2022 के दौरान सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो गया है। इस स्टेडियम को पहले गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) स्टेडियम मोटेरा के नाम से जाना जाता था। इसकी क्षमता 110,000 दर्शकों की है जो कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) से लगभग 10,000 अधिक है। एमसीजी की क्षमता 100,024 दर्शकों की है। शाह ने ट्वीट किया, मुझे गर्व और खुशी है कि जीसीए मोटेरा के भव्य नरेंद्र मोदी स्टेडियम को किसी एक टी20 मैच में सर्वाधिक दर्शकों की उपस्थिति के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड में शामिल किया गया है।

# गुजरात में आज थम जाएगा प्रचार, मतदान एक दिसंबर को

## कांग्रेस के लिए कामयाबी का शॉर्टकट है आतंकवाद: मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/सूरत



**गुजरात** के खेड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके समान विचार वाले कई दल आतंकवाद को कामयाबी पाने का शॉर्टकट समझते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों को याद करते हुए कहा कि गुजरात और देश को कांग्रेस तथा इसकी समान सोच के दलों से बचाना जरूरी है। गुजरात विधानसभा चुनाव के तहत एक और पांच दिसंबर को मतदान होगा। राज्य में सोमवार को पहले चरण के लिए प्रचार अभियान थम जाएगा। अंतिम क्षणों में तीनों प्रमुख राजनीतिक दलों- भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब बड़े आतंकवादी हमले होते हैं तो कांग्रेस समेत ऐसे तमाम दलों के मुंह इस डर से बंद रहते हैं कि कहीं उनका वोट बैंक नाराज न हो जाए। वे आतंकवादियों को बचाने के लिए पिछले दरवाजे से अदालत भी जाते हैं। मोदी ने कहा कि जब बटला हाउस मुठभेड़ हुई थी तो एक कांग्रेस नेता आतंकवादियों के लिए रोए थे।

## केजरीवाल का लिखित में दावा- चुनाव जीतेगी आप

**पायनियर समाचार सेवा।** अहमदाबाद



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लिखित में दावा किया कि आम आदमी पार्टी (आप) आगामी विधानसभा चुनाव जीतकर गुजरात में सरकार बनाएगी। केजरीवाल ने गुजरात में सरकारी कर्मचारियों के लिए अगले साल 31 जनवरी तक पुरानी पेंशन योजना के क्रियान्वयन का वादा करते हुए उनसे आप का समर्थन करने का अनुरोध भी किया। गुजरात में दो चरणों में एक तथा पांच दिसंबर को मतदान होना है। सूरत में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली तथा पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए की गई उनकी भविष्यवाणी सच साबित हुई और गुजरात में भी ऐसा ही होगा। सूरत क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक सीटें दांव पर हैं। उन्होंने दावा किया कि लोग सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से इतने डरे हुए हैं कि वे गुजरात विधानसभा चुनाव में आप के लिए समर्थन को खुलकर स्वीकार करने से हिचक रहे हैं।

## भाजपा के हाथ से निकल रहा है गुजरात: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में चुनाव प्रचार के लिए इसलिए बार-बार आ रहे हैं, क्योंकि प्रदेश की भाजपा सरकार काम नहीं कर रही है और पार्टी में बगावत के सुर बुलंद हो रहे हैं। कांग्रेस ने राज्य में रोजगार नहीं होने को बड़ा मुद्दा बताया और इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। वड़ोदरा में एक रैली को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में भाजपा लगभग 30 साल से सत्ता में है, इसके बावजूद पीएम मोदी को गली-गली प्रचार करना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि भगवा दल ने राज्य में कोई विकास का काम नहीं किया। किस तरह काम हो रहा है, इसका उदाहरण मोरबी है, जहां पुल हादसे में 135 लोग मारे गए, लेकिन कोई जांच नहीं की गई। चुनाव में गुजरात प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे गहलोत ने कहा कि लोग कांग्रेस के लिए मतदान करेंगे और भाजपा के लिए यह आत्ममंथन का समय है। राज्य के आम लोगों ही नहीं, भाजपा के अंदर भी बगावत फूट रही है और 30 से 35 नेता पार्टी की नीतियों से खफा हैं।

# विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं: योगी

● बुलेट ट्रेन की गति से विकास कराती है ट्रिपल इंजन की सरकार: मुख्यमंत्री

● सीएम ने किया 1822 करोड़ की चार प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर



**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र व राज्य में समान विचारधारा की, डबल इंजन की सरकार होने से ही उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से विकास संभव हो पा रहा है। जब स्थानीय स्तर पर भी उसी पार्टी की, समान विचारधारा की सरकार होती है तो ट्रिपल इंजन की सरकार बुलेट ट्रेन की रफ्तार से विकास कार्यों को आगे बढ़ाती है। गोरखपुर में ऐसी ही ट्रिपल इंजन की सरकार है। जिले में सभी नौ विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और महापौर भाजपा का होने का ही परिणाम रहा कि यहां द्रुत गति से विकास कार्य आगे बढ़ रहे हैं। हम सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि विकास की यह गति थमने न पाए।

सीएम योगी रविवार को 1822 करोड़ रुपये की लागत वाली फ्लाईओवर, फोरलेन, जलनिकासी और सीवरेज से जुड़ी चार प्रमुख विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है। विकास की प्रक्रिया से जुड़ना, हो चुके कार्यों का संरक्षण करना और जो हो रहा है, उसे समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी नागरिकों की भी है। विकास का कोई विकल्प नहीं होता। विकास से ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन आता है, रोजगार का सृजन होता है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं में मानक व गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। सीएम योगी ने कहा कि पहले माफिया, अराजकता और अव्यवस्था के लिए बदनाम गोरखपुर को प्रदेश सरकार ने विकास के मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया है। 2017 के पहले तक यहां का स्वास्थ्य तंत्र चरमराया हुआ था। आज यहां एम्स है तो बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं। 1990 में बंद खाद कारखाना की जगह नया कारखाना 105 प्रतिशत की दर से खाद उत्पादन कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के लिए रामबाण का काम कर रहा है। खाद कारखाना परिसर में ही सैनिक स्कूल बन रहा है जो अगले सत्र में प्रारम्भ हो जाएगा। गोरखपुर में हर मार्ग फोरलेन है तो गोरखपुर-लखनऊ मार्ग सिक्सलेन होने जा रहा है। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन से वाराणसी की दूरी ढाई-तीन घण्टे में सिमट गई है। सड़कों की कनेक्टिविटी से जाम की समस्या का भी समाधान हो रहा है। गोरखपुर में शानदार एयर कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। यहां से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु आदि प्रमुख शहरों के लिए 14 फ्लाइट की सेवाएं हैं। सरकार यहां नए एयरपोर्ट के लिए की धनराशि उपलब्ध करा रही है। मानसरोवर, सूर्यकुंड, मुक्तेश्वरनाथ, जटाशंकर और मोहद्दीपुर के गुरुद्वारा समेत सभी धर्मस्थल दर्शनीय बन चुके हैं। आठ-दस साल पहले तक अपराध का गढ़ रहा रामगढ़ताल सबसे सुंदर स्थल के रूप में विकसित हुआ है। यहां अब फिल्मों की शूटिंग हो रही है। गोरखपुर में चार विवि क्रियाशील हैं। एम्स और मेडिकल कॉलेज के साथ ही यहां बड़ी संख्या में अस्पताल और हजारों निजी चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। गोरखपुर शिक्षा व चिकित्सा का हब बन चुका है। गोरखपुर में निवेश आ रहा है। स्थानीय युवाओं को यहीं नौकरी व रोजगार मिल रहा है तो देश दुनिया के लोग भी नौकरी और रोजगार के लिए यहां आ रहे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के नागरिकों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यहां के नागरिकों ने विकास कार्यों में कभी बाधा नहीं डाली। जब भी सड़कों के चौड़ीकरण की बात आई तो लोग अपने घरों, प्रतिष्ठानों के हिस्से को देने के लिए तैयार हो गए। सीएम योगी ने कहा कि गोड़धोइया नाला परियोजना पर काम शुरू होने के बाद यह नाला न केवल अतिक्रमण मुक्त होगा बल्कि इससे 17 वार्डों की करीब दो लाख की आबादी के लिए सीवरेज व जलभराव की समस्या का समाधान होगा। गोरखपुर सीवरेज योजना जोन सी पार्ट-2 की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अंतर्गत जंगल बेनीमाधव, पुराना गोरखपुर, कल्याणपुर, सिविल लाइंस, रामजानकी नगर, चक्सा हुसैन, जनप्रिय विहार, सूर्यकुंड समेत 21 वार्डों के लिए सीवरेज नेटवर्क तैयार किया जाएगा। 188 किमी सीवर लाइन बिछाते हुए 44 हजार घरों को सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विरोधियों के पास अब बोलने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने विकास कार्यों से विरोधियों की बोलती बंद कर दी है। उनके नेतृत्व में गोरखपुर में इतना विकास हुआ है कि अब सब लोगों का सपना है गोरखपुर में रहना। कार्यों के दम पर ही गुजरात के चुनाव में भी योगी जी की जय जयकार हो रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, कृषि एवं उद्यान विभाग की तरफ से संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# छात्रों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार विश्वविद्यालय स्तर पर गुणात्मक सुधार किए जाएं: आनंदीबेन

● राज्यपाल ने की वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर के नैक हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रदेश की** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के नैक हेतु प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने बताया कि विश्वविद्यालय तीसरी बार मूल्यांकन के लिए अपनी सेल्फ स्टडी रिपोर्ट दाखिल करने की तैयारी कर रहा है।

राज्यपाल ने बैठक में विश्वविद्यालय द्वारा नैक मूल्यांकन की तैयारियों के लिए गठित कमेटी के सदस्यों से सभी सातों मूल्यांकन क्राइटेरिया पर बिंदुवार जानकारी ली। उनके समक्ष नैक हेतु एक्जीक्यूटिव सारांश का प्रस्तुतिकरण विस्तार से किया गया। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि तकनीकी शिक्षण तथा अन्य विषयों में उच्चतम नैक ग्रेड प्राप्त शिक्षण संस्थानों में लागू विषयों का अवलोकन करके यथेष्ठ विषय अपने विश्वविद्यालय में भी लागू करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की विशेषताएं विशेष फीचर उल्लेख और विवरण आदि को हाईलाइट करें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की नैक टीम से पियर टीम भ्रमण के समय कमेटी सदस्यों द्वारा प्रस्तुतिकरण की तैयारी पर भी चर्चा की। उन्होंने सभी कमेटी हेड को निर्देश दिया कि वे सक्षमता के साथ अपना प्रस्तुतिकरण स्वयं करें। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने कहा कि नैक मूल्यांकन गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है तथा मूल्यांकन के विभिन्न महत्वपूर्ण लाभों से अवगत कराता है। उन्होंने फीडबैक सिस्टम को और सुदृढ़ बनाये जाने के निर्देश के साथ ही विद्यार्थियों हेतु हिन्दी भाषी विषय की पुस्तकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्राओं द्वारा अधिकतर गोल्ड मेडिल अर्जित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसेस पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों और वैज्ञानिकों की उच्च कोटि के शोध पत्र भी प्रकाशित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर स्थापित बापू बाजार की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बापू बाजार के तहत महत्वपूर्ण सामाजिक सरोकार के कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा प्राप्त फीडबैक के अनुसार विश्वविद्यालय स्तर पर गुणात्मक सुधार किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले एसएसआर से नए एसएसआर की रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन करने के उपरान्त ही नैक मूल्यांकन हेतु सशक्त तैयारी की जाये तथा विश्वविद्यालय द्वारा किये गये सारे कार्यों का विवरण एवं गणना एसएसआर में अवश्य रूप से वर्णित की जानी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों को ई-रिसोर्स के प्रयोग हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करने पर बल देते हुए कहा कि गूगल क्लास रूम के माध्यम से बच्चों को विभिन्न प्रकार की अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराये जाने के साथ ही विद्यार्थियों के ट्रेनिंगए इन्टर्नशिप तथा प्लेसमेंट का विवरण विस्तृत रूप से हाईलाइट किया जाये। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो मानस पाण्डेय ने विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## सपा ने की इटावा के डीएम व एसएसपी को हटाने की मांग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने रविवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ से भेंट कर उन्हें मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जनपद इटावा के जिलाधिकारी अविनाश कुमार राय तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपजयप्रकाश सिंह द्वारा पद व प्रशासनिक अधिकारों को दुरुपयोग किए जाने की शिकायत करते हुए उन्हें तत्काल निर्वाचन कार्यों से हटाये जाने की मांग की है। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि उक्त अधिकारी जसवन्तनगर विधानसभा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों, ब्लाक प्रमुखों, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्यों, बीडीसी सदस्यों पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए अनुचित दबाव बना रहे हैं जिससे चुनाव प्रभावित हो रहा है। इनके रहते स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराया जाना सम्भव नहीं है। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल में माता प्रसाद पाण्डेय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, नरेश उत्तम पटेल प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री रविदास मेहरोत्रा विधायक तथा केके श्रीवास्तव शामिल थे।

## राज्यपाल ने झण्डी दिखाकर तीन एम्बुलेन्स को किया रवाना

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रविवार को राजभवन में तीन एम्बुलेन्सों को रेडक्रास झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। तीनों रेडक्रास एम्बुलेन्स बेसिक लाइफ सपोर्ट से युक्त हैं। एम्बुलेन्स से लाभान्वित होने वाले जिले क्रमशः देवरिया, मेरठ एवं एटा हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी एवं विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जॉनी के अतिरिक्त उप्र रेडक्रास के उपसभापति अखिलेन्द्र शाही, महासचिव डा हिमाबिन्दु नायक के साथ कई स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## लद्दाख की हनु-आर्यन घाटी से आईं 25 बौद्ध महिलाओं ने की राज्यपाल से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल आनंदीबेन** पटेल से रविवार को राजभवन में लद्दाख की हनु-आर्यन घाटी से आई हुई 25 बौद्ध महिलाओं नें भेंट की। ये 25 बौद्ध महिलाएँ भारतीय सेना के ऑपरेशन सद्भावना के तहत फॉरएवर इन ऑपरेशंस डिवीजन के सौजन्य से राष्ट्रीय एकीकरण यात्रा का हिस्सा बनी हैं। 17 दिन की यह यात्रा लेह-दिल्ली-वाराणसी-गया तक जाएगी। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि लद्दाख के दूर



दराज के क्षेत्रों से आए हुए ये लोग बेहद परेशानियां भरा जीवन व्यतीत करते हैं। खाने पीने के साथ साथ आम जनजीवन भी बेहद मुश्किलों से भरा हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि हनु-आर्यन घाटी के दुर्गम रास्तों से निकलकर यह बौद्ध महिलाएं लेह से होते हुए हवाई रास्ते से देश की राजधानी नई दिल्ली पहुँची, जहाँ पर यह दल भारत के राष्ट्रपति से मिलने के उपरांत आज हमारे बीच लखनऊ में आया है। उन्होंने हनु-आर्यन घाटी की महिलाओं द्वारा जीवन में प्रथम बार देश के अन्य हिस्सों को देखने के लिए उनके सहासिक निर्णय एवं कदम की अपार सराहना की। राज्यपाल ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से नैक मूल्यांकन के लिए आई टीम से सभी 25 महिलाओं को परिचित कराया और विश्वविद्यालय के कार्यकलाप से भी उन्हें अवगत कराया। राज्यपाल ने फारएवर इन ऑपरेशंस डिवीजन और 191 फील्ड रेजिमेंट में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय सेना को धन्यवाद दिया। अंत में राज्यपाल ने इस यात्रा को जिम्मेदारी से पूर्ण करने वाले भारतीय सेना के अधिकारियों की सराहना करते हुए यात्रा के लिए मंगल कामना की।

# निदेशक खनन रोशन जैकब ने माइन मित्रा टीम को दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भूतत्व एवं** खनिकर्म विभाग व माइन मित्रा टीम को माइन मित्रा डिजिटल सिस्टम को डेवलप कर खनन प्रक्रिया में लागू करने के लिए भारत सरकार द्वारा मिले ई गवर्नेन्स एवार्ड से बारे में सचिव, निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग डॉ रोशन जैकब ने कहा कि मुख्यमंत्री की मन्शा के अनुसार उनके कुशल कुशल दिशा निर्देशन में खनिज प्रक्रिया को पूरी पारदर्शी, सुगम व सुलभ बनाने के लिए खनिज विभाग की पूरी टीम द्वारा पिछले 3 साल में ढांचा तैयार किया गया और प्रत्येक अप्लीकेशन को विकसित माइन मित्रा का रूप दिया गया। इस डिस्टल सिस्टम को लागू करने में सफलता हासिल हुई। जिसमें जन सुविधाओ, प्रवर्तन, उद्यमियों के लिए सुविधाए और यूपी मिनरल मार्ट एक छतरी के नीचे एक प्लेटफार्म से जोड़ा गया है। इसमें विभागीय टीम के अलावा तकनीकी सहयोग एनआईसी व यूपी डेस्को का प्राप्त हुआ। जिसके लिए डा जैकब ने माइन मित्रा परियोजना की टीम भी बधाई दी है। डा जैकब ने माइंन मित्रा के सहभागी भागी बने सभी पट्टाधारको, भंडारकर्ताओं, ट्रांसपोर्टरों और माइंड मित्रा का हिस्सा बने किसानों को इस बात के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है कि उन्होंने इसे लागू करने में अपना उल्लेखनीय सहयोग प्रदान किया। उन सभी के साथ कई राउंड में इसके बारे में विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा है कि माइन मित्रा के सफल संचालन में जिला अधिकारियों की अहम भूमिका है। जन सुविधा के सभी प्रमुख घटकों का संचालन जिलों से किया जाता है जिसमें आवेदन एप्रोसेसिंग आदि सब कार्य जिला स्तर से होते हैं इसके लिए जिला अधिकारियों द्वारा बेहतर समन्वय कर सहयोग प्रदान किया गया जिसके लिए वह बधाई के पात्र हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा आम आदमी को खनिज पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए एक स्वच्छ पारदर्शी और बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए खनिज प्रणाली विकसित करने के आदेश दिए गए थे जिसे साकार करने के लिए यह प्रक्रिया अपनाने की कल्पना की गई और इस सिस्टम को लागू किया जा सका। कहा कि इस सिस्टम को लागू करने का श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है। उन्होंने कहा खनन प्रणाली को और अधिक बेहतर, सरल, स्वच्छ और पारदर्शी बनाए जाने के लिए भी आगे भी प्रयास जारी रहेगा ताकि उपभोक्ताओं को उचित दाम पर आसानी से उप खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## पुष्पराज सिंह बने यूपी पीसीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष



**लखनऊ।** उप्र पीसीएस संघ का चुनाव रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्पन्न हुआ। सीनियर पीसीएस अफसर पुष्पराज सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। वह 2010 बैच के हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए विश्व भूषण मिश्रा, रजनीश राय, संजय कुमार को चुना गया है। जबकि वैभव मिश्रा सेक्रेटरी चुने गए हैं। उनके अलवा संजय पांडे, पंकज कुमार, सृष्टि धवन, पूजा अग्निहोत्री और संजय यादव ज्वाइंट सेक्रेट्री चुने गए। वहीं ट्रेजरार डा संतोष उपाध्याय और ऑडिटर चंद्र पटेल को बनाया गया है। यूपीपीसीएस के चुनाव अधिकारी मधुकर द्विवेदी रहे। करीब 6 साल बाद संघ का चुनाव हुआ है। यूपी में पीसीएस अफसरों की संख्या करीब 1100 है। कोरोना काल में एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक नहीं हुई। उसके बाद भी यह निष्क्रिय रही। लंबे समय बाद एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने इसकी बैठक बुलाने की पहल की। मंशा थी कि एसोसिएशन को सक्रिय कर सरकार के समक्ष उसके प्रतिनिधित्व के जरिये पीसीएस संवर्ग की समस्याओं का निराकरण कराया जा सके। पीसीएस संवर्ग में उच्च वेतनमान के पद बड़ी संख्या में खाली हैं। पीसीएस एसोसिएशन की वर्तमान कार्यकारिणी का चुनाव वर्ष 2019 में हुआ था जिसमें इंद्रमणि त्रिपाठी को अध्यक्ष, पवन गंगवार को महासचिव तथा सुनील चौधरी, अनिल कुमार व अनिल कुमार को उपाध्यक्ष चुना गया था।

## राष्ट्रपति के मूलभूत प्रश्न पर कार्रवाई जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने देश की जेलों में कमजोर तबके के विचाराधीन कैदियों की संख्या को लेकर चिंता जतायी है। मायावती ने रविवार को कहा कि देश की जेलों में गरीब, अशिक्षित एवं कमजोर वर्ग के मामूली अपराधों वाले विचाराधीन कैदियों की भरमार है, जिनकी हालत अधिकतर दयनीय व अमानवीय है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि देश की जेलों में गरीब, अशिक्षित एवं कमजोर वर्ग के मामूली अपराधों वाले विचाराधीन कैदियों की भरमार है। जिनकी हालत अधिकतर दयनीय व अमानवीय है जो अपने लोकतांत्रिक देश के लिए दु:ख व चिन्ता की बात है। इसके निदान हेतु मानवीय दृष्टिकोण व कानून के राज की सही प्रक्रिया व कार्रवाई जरूरी। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संविधान दिवस पर कल देश के कर्ताधर्ता व नीति निर्धारकों के सामने इस राष्ट्रीय मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त करना उचित एवं विचारणीय।

# डीएपी की कालाबाज़ारी के लिए सरकार जिम्मेदार: रालोद

**लखनऊ।** टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा ने डीएपी की भारी किल्लत व कालाबाजारी को देखते हुए प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने डीएपी की कालाबाजारी में प्रदेश सरकार के अधिकारी व मंत्रियों की संलिप्तता की संभावना से इंकार न करते हुए कहा कि क्या कारण है कि सहकारी समितियों से डीएपी नदारद है। जबकि आसपास के निजी खाद विक्रेता खुलेआम धड़ल्ले से ऊंचे दामों पर वही खाद किसानों को बेंचकर उनकी विवशता का फायदा उठा रहे हैं। अनुपम मिश्रा ने कहा कि किसानों के पास बुवाई का एक निश्चित समय होता है यदि उसी समय जुताई-बुवाई न की गई तो फसल नहीं मिलेगी इसी विवशता का फ़ायदा निजी दुकानदार सरकार के जिम्मेदारों की मिलीभगत से उठाते हैं और सहकारी समितियों से खाद गायब करा कर अपनी दुकानों पर ऊंचे दामों पर बेचते हैं जिससे किसान की उपज की लागत बढ़ जाती है और आम उपभोक्ता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। आगे बोलते हुए कहा कि यह किल्लत पिछले 1 महीने से चल रही है और कृषि मंत्री सिर्फ बयानबाजी कर रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी जो सफेद झूठ बोल रहे हैं कि खाद की कोई कमी नहीं है उनको चिन्हित कर तत्काल बर्खास्त कर उनकी जांच कराकर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्त दिया जाय व कृषि मंत्री का भी तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए । मिश्रा ने हाल ही में प्रकाश में आई भदोही व अयोध्या की घटना से सरकार को सबक लेने की सलाह देते हुए कठोर नियम बनाने की सरकार को सलाह दी जहां 32 सहकारी समितियों ने पुराने खाद के स्टॉक को नए दामों पर किसानों को बेचकर ठगने से भी नहीं हिचके ।अपने जारी बयान में उत्तर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए अनुपम मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार को जब यह मालूम था कि यह गेहूं और आलू की बुवाई का समय है तो इसकी तैयारी पहले से क्यों नहीं की गई ।

# विद्युत अभियंता संघ की आपातकालीन महासभा ने लिया हड़ताल का निर्णय

● 29 नवंबर से अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार को लेकर लिया गया संकल्प

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप्र राज्य** विद्युत परिषद अभियन्ता संघ द्वारा रविवार को लखनऊ में आहूत आपातकालीन महासभा में पूरे प्रदेश से भारी संख्या में आये बिजली अभियन्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करते हुए 29 नवंबर से हड़ताल करने का निर्णय लिया तथा घोषणा की कि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा हड़ताल का आह्वान होते ही प्रदेश के समस्त विद्युत अभियन्ता तत्क्षण हड़ताल पर चले जायेंगे।

विद्युत अभियन्ता संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह और महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने जारी बयान में कहा कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के पक्षपातपूर्ण, अलोकतांत्रिक, स्वेच्छाचारी, दमनकारी, नकारात्मक और विद्वेषपूर्ण रवैये के कारण ऊर्जा निगमों की गिरती परफॉर्मेंस, बढ़ती नकारात्मकता एवं अव्यवहारिक लक्ष्यों को प्राप्त करने का अत्यधिक दबाव व मानसिक तनाव देने वाली कार्यप्रणाली के कारण अभियन्ताओं के गिरते स्वास्थ्य आदि के दृष्टिगत ऐसी कार्यप्रणाली को समाप्त करने के लिए संघर्ष किये जाने की सामयिक एवं महती आवश्यकता को देखते हुए आपातकालीन महासभा आहूत की गयी है। महासभा में ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन के दमनकारी और उत्पीड़नात्मक रवैये से ऊर्जा निगमों में उत्पन्न नकारात्मक कार्य प्रणाली के चलते ऊर्जा निगमों की घटती परफॉर्मेंस एवं अभियन्ताओं के गिरते मनोबल के दृष्टिगत अन्याय का प्रतिकार करने के लिए उठाये जाने वाले लोकतांत्रिक कदमों पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ। महासभा में बिजली अभियन्ताओं ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन की कार्यप्रणाली तथा अभियन्ताओं की ज्वलन्त समस्याओं के प्रति उपेक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाये जाने पर प्रबन्धन के प्रति गम्भीर आक्रोष व्यक्त करते हुए निन्दा की गयी और न्यायोचित मांगों के समाधान कराने के लिए हड़ताल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वर्तमान में शान्तिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे संघर्ष के क्रम में 29 नवम्बर से प्रस्तावित कार्य बहिष्कार सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बिजली अभियन्ताओं ने आमजन को बेहतर उपभोक्ता सेवा प्रदान करने में आ रही व्यवहारिक कठिनाईयों, ऊर्जा निगमों को आत्मनिर्भर बनाने, ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के उपायों सार्थक चर्चा करने एवं शीर्ष प्रबन्धन द्वारा उत्पन्न किये गये टकराव टालने के लिए ऊर्जा मंत्री से सार्थक हस्तक्षेप करने की अपील की है। आपातकालीन महासभा में ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन इं शैलेन्द्र दुबे उपस्थित रहे। साथ ही विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के विभिन्न श्रम, सेवा संगठनों के विभिन्न पदाधिकारी सम्मिलित हुए जिसमें जय प्रकाश, सुहेल आबिद, महेन्द्र राय, केएस रावत, पी एन तिवारी आदि सम्मिलित हुए।

### पावर ऑफिसर्स एसो. ने कार्य बहिष्कार से किया अपने को अलग

**लखनऊ।** उप्र पावर ऑफिसर एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यसमिति एक आपात बैठक फील्ड कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह तय किया गया है की 29 नवंबर से एक संगठन द्वारा प्रस्तावित कार्य बहिष्कार से पूरे प्रदेश में पावर ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है। एसोसिएशन के सदस्य अपने कार्यालयों में पूर्व की भांति कार्य करते रहेंगे। प्रबंधन और कार्मिकों के बीच समय-समय पर कुछ मुद्दों को लेकर मतभेद हो सकता है लेकिन हम अपनी किसी भी लडाई में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को किसी समस्या में नही डाल सकते क्योंकि उपभोक्ता हमारे परिसर का अभिन्न अंग है उसे किसी भी प्रकार का व्यवधान ना हो एसोसिएशन के सदस्य हमेशा उपभोक्ता देवो भव की संस्कृत पर कार्य करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। उप्र पावर आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष केबीराम, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर ने दो टूक शब्दों में यह ऐलान किया कि जब पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे पर सरकार से लेकर प्रबंधन तक सब एक साथ आकर हमारे अभियंता कार्मिकों को रिवर्ट कर रहे थे तो बिजली विभाग के सभी संगठन मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे थे कुछ संगठन मिठाई बांटकर खुशियां मना रहे थे वह दिन आज भी प्रदेश के आरक्षण समर्थक इंजीनियर कॉमिक भूले नहीं है ऐसे में हम अपने स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए हमेशा अपनी लडाई को लडना जानते हैं इसलिए ना हम सहयोग लेंगे और ना ही सहयोग देंगे। एसोसिएशन ने सभी बिजली कंपनियों में अपने सदस्यों की एक 4 सदस्यों वाली कोर कमेटी भी बनाई है जो पूरी परिस्थिति पर नजर रखेंगे।

परिशिष्ट IV A
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029)** **(सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **31.12.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**,की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLKAN00389694** के लिए **रू.38,75,452/- (रुपए अड़तीस लाख पचहत्तर हजार चार सौ बावन मात्र)** के लिए **21.11.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **22.11.2022** से प्रभावी जो **नवीन श्रीवास्तव (प्रॉपराइटर, जीएनएस एंटरप्राइजेज) और गुंजन श्रीवास्तव** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.40,00,000/- (रुपए चालीस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.4,00,000/ - (रुपए चार लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के **10%** के बराबर होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**फ्लैट नं.-S - 2 , जिसका कवर्ड एरिया 77.49 स्के.मी, अविभाज्य जमीन एरिया 29.69 स्के.मी. दुसरी मंजिल पर, परिसर नं. 126/R/10 के भाग पर, गोविंद नगर, कानपुर – 208006, उत्तर प्रदेश और जो निम्नुंसार परिबद्ध है:**
**पूर्व: प्लॉट नं. 11 के बाद शील कुमार की मालिकी का शेष आधा भाग**
**पश्चिम: फ्लैट नं. 09**
**उत्तर: सीढ़ी, कॉमन लॉबी और फ्लैट नं. S-1**
**दक्षिण: प्लॉट नं. 25**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**दिनांक: 22.11.2022**
**स्थान : कानपुर**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# गल्लामंडी में लगी आग, लाखों का नुकसान

● धमाके के साथ फटे दुकानों में रखे सिलेंडर, दमकल देर से पहुंचने पर व्यापारियों का गुस्सा भड़का

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** की सबसे व्यस्ततम नवीन गल्ला मंडी में शनिवार की देर रात भीषण आग लग गई। आग से कई आढ़त में रखे गैस सिलिंडर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटे। घटना से अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित व्यापारियों ने दमकल देर से पहुंचने का आरोप लगाकर हंगामा किया। दमकल कर्मियों से उनकी नोकझोंक भी हुई। हालांकि कई गाड़ियों के एकसाथ कार्य में लगने से दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में सफल रहे। वहीं बताया जा रहा है कि आग से लाखों का नुकसान हुआ है।

राजधानी के सीतापुर स्थित नवीन गल्ला मंडी स्थित एक फल दुकान से शनिवार देर रात धुआं और आग की लपटें निकलती देख लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग दौड़े और उन्होंने पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख दुकानदारों ने दमकल को सूचना दी। इस बीच आग की लपटें बढ़ीं और कई अन्य दुकानें और आढ़त चपेट में आकर जलने लगीं। लोगों की मानें तो आग की तपिश से कई आढ़तों में रखे सिलिंडर ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटे। धमाकों से अफरा-तफरी मच गई। इस बीच दमकल कर्मी पहुंचे तो व्यापारी सलमान, अजय, सर्वेश व अन्य से उनकी नोकझोंक शुरू हो गई। व्यापारियों ने दमकल देर से पहुंचने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बवाल बढ़ता देख एसीपी अलीगंज आशुतोष कुमार सहित अन्य थानों की पुलिस ने नाराज व्यापारियों को समझाकर शांत कराया। दमकल कर्मियों ने फायर फ इटिंग शुरू की। दमकल कर्मी देर रात तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहें। दमकल कर्मी फ ायर फ ाइटिंग में लगे रहें। मौके पर मौजूद ने बताया कि आग के कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। अनुमान है किसी ने आढ़त के अंदर आग शार्ट सर्किट होने अथवा किसी अन्य कारण से लगी है। आग के कारणों की जांच की जा रही है। व्यापारियों ने बताया कि सूचना के बाद भी करीब आधे घंटे बाद दमकल मौके पर पहुंची। पहली दमकल से कर्मी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे कि इसी बीच एकाएक पानी खत्म हो गया। यह देख व्यापारियों का आक्रोश बढ़ गया और वह हंगामा करने लगे। वहीं सूत्रों की मानें तो पूरी मंडी में फायर उपकरण की भारी कमी देखी गयी। टिनशेड में दुकानों को आग से बचाने के लिए कोई सेफ्टी उपकरण नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में आग लगने के बाद बुझाना बहुत मुश्किल हो गया। पूरी मार्केट में सेफ्टी उपकरणों पर खानापूरी ही की गयी है।





## डीएम ने लिया घटनास्थल का जायजा, नुकसान का आकलन करेगी टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीती रात** सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी में लगी आग पर ज़िलाधिकारी द्वारा घटना स्थल पहुंकर जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान गल्ला मंडी के दुकानदारों ने जिलाधिकारी को भारी परेशानी बतायी। गल्ला मंडी में भीषण आग लगने से भयक्रांत लोग की पीड़ा सुनकर जिलाधिकारी ने दुकानदारों का सांत्वावना देकर दुकानदारों का हौंसला बढ़ाया। हालांकि आग की दुर्घटना में कोई जन हानि नहीं हुई। दुकानदारों ने बताया कि 17 दुकानें प्रभावित हुई। रविवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सीतापुर रोड स्थित मंडी में लगी आग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोदामों और दुकानों का जायजा लिया। जायजा लेने के दौरान जिलाधिकारी के साथ क्षेत्रीय लोग और दुकानदार मौजूद रहे। दुकानदारों ने जिलाधिकारी को भीषण अग्निकांड की पूरी व्यथा बताई। गनीमत रही कि अग्निकांड में किसी की जान नहीं गयी। दुकानदारों ने बताया कि पहले रात्रि में धुआं उठते दिखा। देखते हुए आग पूरी दुकान को अपनी गिरफ्त में ले ली। लेकिन अभी आग लगने की घटना की मुख्य वजह पता नहीं लगी। आग लगने के कारणों का लगाया जा रहा पता, प्रथम दृष्ट्या शार्ट सर्किट से आग लगने कीबात कही जा रही है। डीएम ने दुकानदारों को आश्वासन देते हुए आग लगने से हुए नुकसान का आकलन करने का निर्देश दिया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों की टीम गठित किया है। ज़िलाधिकारी ने समस्त व्यापारियों से अपील की कि अपनी दुकानों में फायर सेफ्टी सम्बंधित उपकरणों को रखें। जिससे आग लगने के दौर ान उपकरणों की मदद से आग पर काबू पाया जा सके।

# महानगर में अवैध अपार्टमेंट पर फिर चला एलडीए का हथौड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एलडीए** द्वारा महानगर में बहुमंजिला इमारत को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। यह कार्रवाई आवासीय पर कामर्शियल बिल्डिंग खड़ी करने पर की गयी। खुर्रम बिल्डर सहित अन्य द्वारा कार्रवाई के खिलाफ मंडलायुक्त से अपील की गयी थी, लेकिन मंडलायुक्त द्वारा अपील खारिज करने पर रविवार को प्रवर्तन टीम द्वारा कार्रवाई की गयी।

महानगर के सेक्टर.बी में एकल आवासीय भवन के स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बनाये गये अवैध अपार्टमेंट के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही लगातार रविवार को भी जारी रही। प्रवर्तन टीम ने महानगर की बहुमंजिला इमारत पर कार्रवाई की। यह बिल्डिंग खुर्रम बिल्डर एवं राहुल मिश्रा, अनिमेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा व अन्य द्वारा महानगर के सेक्टर.बी में भूखण्ड संख्या सी.362 पर स्वीकृत एकल आवासीय मानचित्र के विपरीत लगभग 463.21 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पांच मंजिला अवैध निर्माण किया गया था। इसके विरुद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या.274/2020 योजित करते हुए बिल्डिंग के अवैध हिस्से को ध्वस्त करने के आदेश पारित किये गए थे। विपक्षी द्वारा इस आदेश के खिलाफ मण्डलायुक्त लखनऊ न्यायालय में अपील की गयी थी, जिसे मण्डलायुक्त न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया था। प्रवर्तन जोन.5 के सहायक अभियंता शीतल प्रसाद, अभियंता राजीव कुमार श्रीवास्तव व सुशील कुमार वर्मा द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्रचलित की गयी। इससे पूर्व जोनल अधिकारी श्रद्धा चौधरी ने बताया था कि बिल्डर द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत चौथी व पांचवी मंजिल व सेटबैक का विचलन करते हुए अवैध निर्माण किया गया है। इसके बाद रविवार को भी प्रवर्तन दल प्राधिकरण पुलिस बल व स्थानीय थाने के पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी और मजदूरों के माध्यम से बिल्डिंग के अवैध हिस्से को तोड़ने का काम किया गया। इस दौरान फ्लैटों की दीवार, पिलर, छज्जे सहित सभी तलो पर ध्वस्त करने की कार्रवाई की गयी।

# दो दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा राष्ट्रीय संगोष्ठी 30 से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**फैकल्टी** ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, लखनऊ विश्वविद्यालय कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन एवं इंडियन योग फेडरेशन तथा यूपी नेचुरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवम्बर से 1 दिसंबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित इंजीनियरिंग संकाय के ऑडिटोरियम में दो दिवसीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का पाचन तंत्र पर प्रभाव शीर्षक पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन 30 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर आलोक कुमार राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन सिंह चौहान सदस्य विधान परिषद को आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, सिक्किम इत्यादि प्रदेशों से योग विशेषज्ञ प्रतिभाग करने आ रहे हैं। संगोष्ठी के दौरान पाचन तंत्र पर योग के पड़ने वाले प्रभाव पर मंथन होगा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न शोध पत्र किये जायेंगे जिसमें निम्लिखित प्रमुख हैं। आसनों के माध्यम से अपच एवं कब्ज़ का प्रबंधन, षट्कर्म का अमाशय पर प्रभाव, भोजन पाचन में प्राणायाम की भूमिका, स्वस्थ उदर स्वस्थ तन, पाचक रस एवं योगिक आहार, कोलाइटिस में योग प्रबंधन, पीलिया में योगिक प्रबंधन, स्वस्थ लिवर के लिए योग इत्यादि। कार्यक्रम के दौरान योगासनों, प्राणायामों का वैज्ञानिक प्रदर्शन भी होगा देश में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को सम्मानित भी किया जाएगा।

# लखनऊ में डेंगू के 37 नये केस मिले, 19 घरों को मिली नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** में डेंगू के मरीजों की संख्या बरकरार है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 37 डेंगू धनात्मक रोगी पाए गये। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत ऐशबाग में 4, अलीगंज में 5, इन्दिरानगर में 5, चन्दरनगर में 5, एनके रोड इलाके में 4, टूडियागंज में 4, रेडक्रास एरिया में 4, सिल्वर जुबली में 4, काकोरी में 2 केस पाए गए। आज लगभग 4273 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 19 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव किया गया।

# भारत विकास परिषद ने किया भारत को जानो प्रतियोगिता 2022 का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वस्थ,** समर्थ और संस्कारित भारत के संकल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत विकास परिषद् उत्तर मध्य क्षेत्र ने क्षेत्र स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित शेरवुड एकेडमी में किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि भारत के हर पहलू सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में देश के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर देश के प्रति गौरव का बोध जागरूक करना है। क्षेत्र स्तरीय भारत को जानों प्रतियोगिता 2022 उत्तर मध्य क्षेत्र-2 द्वारा आयोजित की, रीज़न-2 के अंतर्गत आने वाले 6 प्रान्तों से 6 टीमें सीनियर ग्रुप की और 6 टीमें जूनियर ग्रुप की कुल 12 टीमों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। भारत विकास परिषद् के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि आज की विजेता टीम आगामी 7 जनवरी को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने दिल्ली जाएगी। देश में हम अनेक अस्पतालों के जरिये समाज के जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। लखनऊ में भी हमारे डॉ स्वास्थ्य केंद्र अपनी सेवाएँ दे रहे हैं और तीसरा अस्पताल कृष्णा नगर में शीघ्र ही खुलने वाला है। भारत को जानों प्रतियोगिता के नेशनल चेयरमैन राकेश सचदेवा ने इसकी उपयोगिता के बारे में बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, महाग्रंथों, महाकाव्यों और धरोहरों के प्रति जिज्ञासा पैदा करने का एक प्रयास है। एकेटीयू के उप कुल सचिव डॉ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मुझे यह जानकार प्रसन्नता हुई कि भारत विकास परिषद् अपने उत्तम सेवा कार्यों के जरिए बच्चों में देश के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें संस्कारित करने का कार्य कर रहा है। विवि में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए परिसर में प्रेरक सद्वाक्य लिखवाए गए हैं। भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा जी ने बताया कि हमारी टीम के सदस्यों की महीनों की साधना के परिणामस्वरूप हम ऐसे कार्यक्रम को आयोजित कर पते हैं यह प्रतियोगिता बच्चों में अपने देश को जानने और समझने की एक स्वाभाविक सोच पैदा करती है और इसके माध्यम से संस्कार के बीजों को बच्चों में डालने का एक सार्थक प्रयास है। प्रांतीय महासचिव देवेन्द्र स्वरुप शुक्ल ने बताया कि भारत को जानो प्रतियोगिता तीन स्तरों पर कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 12 दो वर्गों में होती है। रीजनल स्तर पर विजेता टीमों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाता है लगभग 15 लाख से अधिक विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।



# मनाया गया एनसीसी दिवस



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** कैडेट कोर (लखनऊ विश्वविद्यालय) 74वां स्थापना दिवस मना रहा है। रविवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार रायके निर्देशन और कर्नल हर्ष कुमार झा (कमांडिंग ऑफिसर 63 यूपी बीएन), कर्नल पीपी किशोर (प्रशासन अधिकारी, यूपी बीएन) के सक्षम मार्गदर्शन में एनसीसी दिवस मनाया गया। 63 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ यूनिवर्सिटी एनसीसी अधिकारी कैप्टन किरण लता डंगवाल ने कार्यक्रम का समन्वय किया। कैप्टन किरण लता डंगवाल ने आमंत्रित वक्ता डॉ ओपी शुक्ला, प्रमुख, रक्षा अध्ययन विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय का स्वागत किया। डॉ ओपी शुक्ला ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया है कि कैसे ये युवा अपने तरीके से समाज और राष्ट्र के लिए योगदान दे सकते हैं। उन्होंने हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय कि ओर से रक्षा अध्ययन विभाग के पाठ्यक्रम में एनसीसी को एक विषय के रूप में शामिल किया है।

# खानपान से काबू हो सकती हैं कई बीमारियां: डॉ. योगेश्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**दवाओं** के बजाय खानपान से बीमारियों को काबू में किया जा सकता है। पौष्टिक भोजन और नियमित व्यायाम व्यक्ति को स्वस्थ्य रखता है। हर व्यक्ति को पांच रंग के भोजन का प्रयोग करना चाहिए। इसमें फल व सब्जियां शामिल हैं। ऐसा भोजन व्यक्ति को कई खतरनाक बीमारियों से बचाता है। यह कहना है डॉ योगेश्वर शुक्ला का।

एरा विवि में आयोजित दो दिवसीय 25वीं वर्ल्ड कांग्रेस ऑन क्लीनिकल न्यूट्रिशन डब्लूसीसीएन कार्यशाला में दूसरे दिन सीएसआईआर-आईआईटीआर के कैंसर सेल बायोलॉजी डिवीजन के प्रमुख डॉ योगेश्वर शुक्ला ने बताया कि किस प्रकार का भोजन हमको कैंसर के खतरे से बचाता है। उन्होंने कहा कि इलाज से अधिक बेहतर है रोकथाम। अगर बीमारी को होने से पहले ही उसे रोक लिया जाए तो हमें इलाज की जरूरत नहीं होगी। हल्दी, काली मिर्च, अंजीर, अदरख, ग्रीन टी, टमाटर, आम, काले अंगूर, शहद, गोभी व ब्रोकली में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के प्रोटीन के साथ मिलकर स्वस्थ्य सेल को और मजबूत करते हैं। इन सभी फलों और सब्जियों को अधिक से अधिक खाने में प्रयोग किया जाए तो कई बीमारियों की रोकथाम हो सकती है। उन्होंने कहा कि फूड सप्लीमेंट के बजाय व्यक्ति को नेचुरल फूड का प्रयोग करना अधिक बेहतर होता है। कार्यशाला में वर्चुअली शामिल हुए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के डॉ अली जफर आब्दी ने विटामिन- ए के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विटामिन ए की कमी से शरीर में कई प्रकार की दिक्कतें आ सकती हैं। आंखों की रोशनी कम होने से लेकर त्वचा सम्बंधी शिकायतें भी विटामिन ए की कमी से देखी जा सकती हैं। हमारे आस-पास मिलने वाले कई खाद्य पदार्थों में विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। इसलिए विटामिन ए की गोलियां खाने की अपेक्षा उन खाद्य पदार्थों का प्रयोग अधिक कारगर है। अपोलो हॉस्पिटल के लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ फलीउल्ला सिद्दकी का कहना है कि जरूरी नहीं कि अधिक वजन वाले और मोटे लोगों को ही फैटी लिवर की समस्या हो। दुबले पतले लोग भी इस बीमारी का शिकार हो सकते हैं। अगर दुबला व्यक्ति भी अधिक फैटी भोजन करता है तो उसे फैटी लिवर की दिक्कत हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि जरूरत से ज्यादा चटपटा और तेल युक्त भोजन न करें। नियमित रूप से व्यायाम करें। अधिक आरामदायक लाइफ स्टाइल न अपनाएं। बहुमंजिला इमारतों में दूसरी तीसरी मंजिल तक जाने में लिफ्ट का प्रयोग न करें।

# छात्रों ने किया कलात्मक क्षमता व कम्प्यूटर कौशल का प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर (प्रथम कैम्पस) द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'कोफास-2022' के दूसरे दिन आज नेपाल, थाईलैण्ड व देश के विभिन्न प्रान्तों से बाल वैज्ञानिकों ने विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में न सिर्फ अपने ज्ञान-विज्ञान का लोहा मनवाया अपितु एक-दूसरे के साथ अपने विचारों को भी साझा करते हुए विभिन्न देशों की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हुए। इस अन्तर्राष्ट्रीय कम्प्यूटर ओलम्पियाड के दूसरे दिन आज देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अभूतपूर्व कलात्मक क्षमता व कम्प्यूटर कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों के साथ ही साथ निर्णायकों को भी आश्चर्यचकित कर दिया। प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज सीनियर वर्ग की कोलेसियम (ड्रामा) प्रतियोगिता से हुआ इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र टीमों ने अपने ज्ञान व रचनात्मक सोच का आलोक बिखेरा, साथ ही अपनी अभिनय क्षमता का भी लोहा मनवाया।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4565 लोगों को मिला परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4565 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज नि:शुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4565 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1720 पुरुष, 2056 महिलायें और 789 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 44 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 27 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए। एमवेड के सहयोग से डेंगू से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया गया।

# केजीएमयू के विशेषज्ञों ने मरीज के आहार नली के कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक 60 वर्षीय मरीज का एक छेद के जरिए आहार नली के कैंसर का आपरेशन करने में सफलता पाई है। आपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है और उसे छुट्टी दे दी गयी है।

60 वर्षीय वृद्ध अयोध्या के एक मंदिर के पुजारी को कुछ समय से ठोस आहार लेने में हल्की दिक्कत होती थी परंतु कुछ दिनों बाद जब तरल आहार लेने में भी कठिनाई होने लगी तब चिकित्सकीय जांच के बाद पता लगा की इनको आहार नली का कैंसर है। चूंकि बीमारी स्टेज थ्री में थी, इसलिए कीमोथेरेपी वा रेडियोथेरेपी द्वारा पहले गांठ को छोटा किया गया। इसके बाद मरीज़ को अक्तूबर माह में ऑपरेशन के लिए केजीएमयू में कैंसर सर्जरी विभाग में रेफर किया गया। इस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ शिव राजन जो कि जटिल आपरेशन पहले भी कर चुके हैं, ने मरीज की सभी रिपोर्ट देखने के बाद उन्हें बताया कि इसका ऑपरेशन दूरबीन द्वारा संभव है। विभागाध्यक्ष प्रो विजय कुमार तथा पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो अरुण चतुर्वेदी के साथ ऑपरेशन की जटिलताओं की चर्चा करने के बाद डॉक्टर शिव राजन ने इस ऑपरेशन को करने का निर्णय लिया। सामान्यत: इस ऑपरेशन में छाती को 15 से 20 सेमी के चीरे से खोला जाता है या दूरबीन के द्वारा छाती में 4 से 5 छेद किए जाते हैं। जिसमें छाती में गैस भरी जाती है और आहार नली निकालने के लिए किसी एक छेद को लगभग 5 सेमी बड़ा किया जाता है। लेकिन देश में पहली बार डॉक्टर शिव राजन ने केवल 4 सेमी के एक ही छेद से दूरबीन द्वारा इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक कर दिया। इसमें ना ही गैस का प्रयोग किया एवं ना ही छेद को बड़ा किया गया। इस ऑपरेशन में 6 घंटे लगे और पेट से खाने के रास्ते की ट्यूब बना कर दूरबीन द्वारा ही छाती में जोड़ा गया। इस ऑपरेशन में डॉ शिव राजन के साथ निश्चेतन विभाग के प्रो डॉ अजय चौधरी, डॉ रोहित, डॉ अंकुर चौहान तथा डॉ शाश्वत तिवारी रहे, सिस्टर कृष्णा एवं स्टाफ अमित भी शामिल रहे। अब मरीज पूर्णतया मुंह से खाने लगा है और दसवें दिन अस्पताल से छुट्टी होकर अपने घर चला गया है। दूरबीन द्वारा छाती में एक छेद कर के गर्दन में खाने के रास्ते को जोड़कर ऑपरेशन भी पहली बार डॉ शिव राजन ने 2014 में केजीएमयू में किया था। इस विधि से किए गए ऑपरेशन का विवरण डॉ शिव राजन ने जल्द ही में टोक्यो और जापान में सम्पन्न विश्वस्तरीय कान्फ्रेंस में कर के केजीएमयू का नाम ऊंचा किया है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 28 नवम्बर 2022



# नई किरण में आये 23 मामलों में तीन में हो गया समझौता

संवाददाता। कानपुर देहात



**पुलिस** लाइन सभागार में दम्पत्तियों के आपसी विवाद को सुलझाने के लिये सृजित किये प्रोजेक्ट नई किरण में रविवार को 23 मामले आये जिसमें किरण टीम के समझाने पर 3 दम्पत्ति साथ में रहने को राजी हो गये बाकी मामले में सुनवाई के लिये अगली तारीख निर्धारित की गयी। महिला थानाध्यक्ष रीना सिंह, महिला उपनिरीक्षक संध्या सिंह, महिला हेड कॉस्टेबिल ज्योति तिवारी, महिला कॉस्टेबिल पूनम सागर, महिला कॉस्टेबिल किरन व नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्यगण कॅचन मिश्रा, डा0 पूनम गुप्ता व रामप्रकाश आदि की मौजूदगी में प्रोजेक्ट किरण का आयोजन किया गया। रविवार को कुल आये 23 मामलों में परिवार सुलह समझौतार के आधार खुशी खुशी साथ रहने को तैयार हो गये, शेष मामलों में सुनवाई के लिये अगली तारीख नियत की गयी। यातायात माह के क्रम में एएसपी की उपस्थिति में डिप्टी सीएमओ ने दिये उपयोगी टिप्स कानपुर देहात। यातायात माह के क्रमं में रविवार को पुलिस लाइन सभागार में एएसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन व उपस्थिति में डिप्टी सीएमओ डा0 एसएल वर्मा ने पुलिस कर्मियों को सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति के प्राथमिक उपचार के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। डिप्टी सीएमओ ने पुलिसकर्मियों के जीवन में आये तनाव, अपने व सहकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्यका ध्यान रखने तथा डयूटी के दौरान यदि मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्ति मिलने र उसके साथ किस तरह का व्यवहार कर क्या-क्या कदम उठाये जाने चाहिये आदि पर विस्तृत जानकारी देकर यातयात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित




संवाददाता। फतेहपुर

**राज** ताइक्कांडो एकेडमी के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए जिला ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए ट्राफी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने ताइक्कांडो खिलाड़ियों के उत्त्साहवर्धन में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आरव, आयुष, शुशांत, मुस्लमीन, सार्थक, अभिषेक, प्रिया, फातिमा, परी, अवन्तिका, आस्था, श्रेया, राधिका, अवनि, अनुष्का, सनाया, स्वर्णिमा, आयुष्कित सहित 10 सिल्वर व 5 कांस्य पदक प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि हर खेल में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देकर गोल्ड मेडल लाते हुए जनपद की धरती को गौरववान्तित करते रहें। सचिव राजकुमार ने कहा कि कठिन परिश्रम हर राह आसान कर देती है हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता। इस अवसर पर एकेडमी के कोच भरत वर्मा, शशांक आनन्द, काजल, अनुष्का, तनु, प्रियंका सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत खखरेरू कार्यालय के लिए जमीन की पैमाइश की गई

संवाददाता। फतेहपुर

**सृजित नगर** पंचायत खखरेरू के कार्यालय के लिए राजस्व टीम के साथ अधिशासी अधिकारी ने भूमि की पैमाइश कराई। खखरेरु नगर पंचायत की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों ने कसरत करनी शुरू कर दी है। नगर पंचायत की ईओ मोहिनी केशरवानी ने नगर पंचायत कार्यालय की स्थापना के लिए कस्बा खखरेरू के चचीडा खखरेरू रोड़ स्थित बनियनतारा नामक तालाब के पास ईओ के साथ क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश की गई। उन्होंने बताया कि भूमि की नाप-जोख हो गई है, जल्द से जल्द नगर पंचायत कार्यालय बनकर तैयार होगा। स्थानीय लोगों की मानें तो नगर पंचायत बनने के बाद लोगों में काफी खुशी है। नगर निकाय के चुनाव की चल रही कवायद से लोगों के बीच चुनाव की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए कई उम्मीदवार दावेदारी पेश कर रहे हैं। प्रत्याशिता का दावा करने की बात जनता के अनुसार नगर पंचायत खखरेरू की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बिजली-पानी, जलभराव, गंदा जल निकासी, सड़क की समस्या के अलावा सबसे बड़ी समस्या सफाई कर्मी का न होना है। इन समस्याओं के निदान कराने की दिशा में न तो कोई दावेदार जागरूक है और न ही स्थानीय या क्षेत्रीय अथवा जिले के जनप्रतिनिधि ही जागरूक हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक दशक से ग्राम पंचायत में किसी भी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने के कारण कस्बा में गन्दगी से नालियां बजबजा रही हैं। उन्होंने जिले के आला अधिकारियों से समस्याओं से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई है।

## सरस्वती ज्ञान मंदिर में हुआ पुरस्कार वितरण

**● जादूगर ने अपनी कला दिखाकर बच्चों का मोह लिया मन**

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)



**विकास** खंड खजुहा के अंतर्गत सरस्वती ज्ञान मंदिर गोंधइया विद्यालय में नौनिहाल छात्रों द्वारा हिंदी सुलेख लेखन व अंग्रेजी शब्दकोश प्रतियोगिता में अव्वल आए बच्चों के लिए पुरस्कार वितरण किए। इसके साथ ही प्रसिद्ध क्षेत्रीय जादूगर अरविंद कुशवाहा ने अपनी जादू की कला को दिखाते हुए बच्चों का मन मोह लिया। साथ ही जादूगर अरविंद ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति आंदोलन के तहत किसी भी प्रकार का लोगों को नशा न करने के लिए संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय जनसेवा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव, चेयरमैन चंद्रपाल यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए आराधना की। कार्यक्रम में अव्वल आए छात्र-छात्राओं में से खुशी सिंह, आदित्य सिंह, अरुण, शिवानी, आराध्या पटेल को कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के प्रबंधक शैलेंद्र सिंह यादव ने कार्यक्रम में सम्मिलित सम्मानित आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ वीके साहू, खजुआ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नागेंद्र उत्तम, धौराहरा प्रधान रामविलास, भारतीय पत्रकार जन समिति के जिलाध्यक्ष शारिब कमर अज़्मी, फौजी कुंवर सिंह यादव, ज्ञान सिंह यादव, अजय यादव, पत्रकार धर्मेंद्र यादव, संजय यादव, रवि सिंह गौतम के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं के साथ बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## कमरिहा बाबा के स्थान की खुदाई को लेकर लोगों में भारी नाराजगी

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

**कमरिहा** बाबा के स्थान में रात को खुदाई होने पर कई सांपों की मौत हो गई पेड़ भी काट दिए गए वही मामले की जानकारी सुबह हुई तो मौके पर हजारों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई सूचना मिलने पर पुलिस के अलावा राजस्व विभाग की टीम नगरपालिका की टीम तथा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची ग्रामीणों ने मांग किया कि खोदे गए स्थान में एक पक्का चबूतरा बनवाया जाए समझौते के बाद मामला शांत हुआ वहीं इस मामले में वन विभाग द्वारा आरोपी पर ?16000 का जुर्माना किया गया है

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इमलिहा बाग पैगंबरपुर के समीप नगर के ललौली रोड निवासी चंद्रशेखर गुप्ता का खेत व बगीचा है। बताया जाता है कि बगीचे के अंदर कमरिहा बाबा का स्थान है पैगंबरपुर मोहल्ले के लोगों के अनुसार यहां पर सैकड़ों वर्ष से पूजा-अर्चना होती आई है लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र के सभी परिवारों के कार्यक्रम यहां पर पूजा अर्चना के बाद शुरू किए जाते हैं इस स्थान को धार्मिक स्थान माना जाता है और हमेशा पूजा की जाती है शनिवार की रात को जेसीबी द्वारा इस स्थान की खुदाई कर दी गई रविवार की सुबह लोगों को जानकारी हुई तो हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष युवा तथा बुजुर्ग मौके पर पहुंचे और खुदाई को लेकर जमकर नाराजगी जाहिर की इस मामले में लोगों ने आरोप लगाया कि जेसीबी से खुदाई के कारण कई सांप कटकर मौत का शिकार हो गए। वहीं कई पेड़ भी कट गए तथा लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी ठेस लगी मामले की सूचना मिलने पर तहसीलदार सर्वेश कुमार नायब तहसीलदार रवि कुमार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिंदकी शमशेर बहादुर सिंह के अलावा लेखपाल भान सिंह अजीत उमराव अनिल कुमार के अलावा वन दरोगा श्रवण कुमार शुक्ला वन दरोगा रविंद्र कुमार वनरक्षक महेंद्र प्रताप तथा संकठा सिंह परिहार के अलावा नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मुन्ना लाल सोनकर सभासद वेदू गुप्ता नगर पालिका परिषद के प्रधान लिपिक मनोज शुक्ला सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने खेत मालिक को बुलाया खेत मालिक तथा नाराज लोगों के बीच वार्ता हुई जिस पर खेत मालिक ने उसी स्थान पर 10 फीट लंबा तथा 10 फीट चौड़ा एक चबूतरा बनवाने के लिए जगह दी और पक्का चबूतरा बनवाने की बात हुई इसके बाद लोगों की नाराजगी कम हुई वहीं इस मामले में वन दरोगा श्रवण कुमार शुक्ला ने बताया कि पेड़ काटे जाने के मामले में खेत मालिक पर 16000 का जुर्माना किया गया है।

## तेज रफ्तार कार ने झोपड़ी में बैठे वृद्ध दंपति को रौंदा, दर्दनाक मौत

**फर्रुखाबाद।** देर रात्रि राजपुर गुडेरा संपर्क मार्ग पर झोपड़ी में बैठकर खेत में खड़ी फसल की रखवाली कर रहे वृद्ध दंपत्ति को तेज कार ने रौंद दिया। जिससे वृद्धा मुन्नी देवी की मौके पर व इलाज के दौरान वृद्ध की भी मौत हो गई। बताते है कि थाना अमृतपुर क्षेत्र में राजपुर गुड़ेरा मार्ग पर राजपुर की तरफ से आई तेज रफ्तार कार आयी औरे झोपड़ी में टक्कर मार दी। जिसमें बैठकर खेत में खड़ी फसल की रखवाली कर रहे वृद्धा मुन्नी देवी की मौके पर मौत हो गयी व इलाज के दौरान वृद्ध पति की भी मौत हो गई। वहीं ग्रामीणों ने कार चालक को पकड़ कर थाना पुलिस को सौंप दिया। करीब घटना के 1 घंटे से अधिक समय के बाद पहुंची एंबुलेंस से राजेपुर सीएचसी में वृद्ध को भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान वृद्ध सुरेश को राजेपुर सीएचसी में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्रोफेशनल टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन-3 का शुभारंभ 11 को

**फतेहपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रोफेशनल टीचर्स प्रीमियर लीग सीजन-3 का आयोजन होगा। टीमों की नीलामी प्रक्रिया रविवार को राकेश वर्मा एडवोकेट के आवास पर सम्पन्न हुई। इस वर्ष भी इस आयोजन में आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। जनपद के आठ प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों ने टीमों को स्पांसर किया और बढ़-चढ़कर बोली लगाते हुए शिक्षक खिलाड़ियों को अपनी टीम का हिस्सा बनाया। स्पार्टन इलेवन टीम को विनय गिफ्ट सेंटर ने स्पांसर किया। इसके मालिक अभिषेक बाजपेई हैं। एजीएल सुपर किंग्स को एजीएल टाइल्स ने स्पांसर किया। इसके मालिक गणेश मिश्रा हैं। एएस द किंग टीम को एएस प्रापर्टी डीलर स्पांसर करेगी। इसके मालिक पंकज होंगे। सनराइजर्स को सचिन ज्वैलर्स प्रतिष्ठान स्पांसर करेगा। इसके मालिक राकेश गुप्ता व सचिन गुप्ता होंगे। एमएसईसी टीचर्स इलेवन को मदर सुहाग एजूकेशन सेंटर स्पांसर करेगी। इसके मालिक मोहित सिंह चंदेल हैं। फिट ब्वायज चैलेंजर्स को फिट ब्वाय शाप स्पांसर करेगी। इसके मालिक विकास भदौरिया हैं। इसी तरह देव प्रबोधिनी वारियर्स को एमपीएल इन्फ्रा स्पांसर करेगी। इसके मालिक मो. हसन हैं। मास्टर्स इलेवन टीम को एजुकेयर ट्रस्ट स्पांसर करेगी। इसके मालिक प्रदीप वर्मा हैं। मुख्य आयोजक पंकज पासवान एवं मैनेजर हिमांशु कैथल ने बताया कि इस आयोजन में सिर्फ बेसिक एजुकेशन डिपार्टमेंट के शिक्षक ही प्रतिभाग करते हैं और आज की इस नीलामी प्रक्रिया में सिर्फ शिक्षक साथियों की ही बोली लगाकर खरीदकर टीमों का निर्माण किया गया है। बताया कि उद्घाटन मैच ग्यारह दिसंबर को मुस्लिम इंटर कालेज के मैदान में खेला जायेगा। इसके बाद 18 दिसंबर, 25 दिसंबर, 31 दिसंबर, 01 जनवरी, 02 जनवरी को फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

## वैभव सिंह ने प्रथम प्रयास में पास की आईएनए की परीक्षा



**फतेहपुर।** साईं सिटी इंटर कॉलेज जयराम नगर के प्रबंधक पवन सिंह गौर के पुत्र वैभव सिंह ने आईएनए की परीक्षा प्रथम प्रयास में पास कर भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट बनने का गौरव प्राप्त किया है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल से करने वाले वैभव की माता ग्रहणी हैं और एक बहन वसुधा सिंह इंजीनियर की पढाई कर रही है। मूलतः खजुआ विकास खंड के शिवरी के रहने वाले वैभव शुरू से ही होनहार रहा और पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित कर जिले को भी गौरवान्वित किया है। भारतीय नौसेना अकादमी रजिमाला केरल में हुई परेड के बाद आज जनपद आगमन पर मौजूद बड़ी संख्या में लोगों ने उसका स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान ब्रज नरेश पांडे, सुशील, कैलाश सिंह अरविंद सिंह, संजय सिंह, मुन्ना सिंह गौर, रामेन्द्र सिंह गौर, अनुराधा, अगम सिंह, शिवांश, दिलीप कुमार, कनिका सिंह, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, अतुल कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## श्रीराम जानकी विवाह व विशाल ध्वजा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)



**श्री बालाजी** सरकार के तत्वावधान में कस्बे में श्रीराम-जानकी विवाह एवं विशाल ध्वजा यात्रा श्री बाला जी सरकार के प्रेरणा स्रोत डा.सुनील गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गयी। जिसका कस्बे के मुख्य मार्गों में जगह जगह स्वागत एवं फल, मिष्ठान वितरण किया गया। खागा कस्बे में श्री राम जानकी विवाह महोत्सव एवं विशाल ध्वजा यात्रा निकालते हुए श्री बालाजी सरकार के प्रेरणा स्रोत डा. सुनील गुप्ता ने बताया कि नौबस्ता रोड स्थित बड़े हनुमान मंदिर से अकोढिया धाम के लिए श्रीराम-जानकी विवाह व विशाल ध्वजा यात्रा निकाली गयी है। जिसका कस्बे के बस स्टाप स्थित मोड़ पर मुन्ना जयसवाल, हिमांशू गुप्ता, मोनू अग्रहरि, संजय जयसवाल,राजू गुप्ता आदि ने विशाल ध्वजा यात्रा का पुष्प वर्षा व बिस्कुट पैकेट के प्रसाद का वितरण किया। इसी प्रकार से खागा चेयरमैन गीता सिंह व प्रतिनिध रामगोपाल सिंह के नेतृत्व में अपने निज निवास पर श्रीराम-जानकी विवाह व विशाल ध्वजा यात्रा का स्वागत कर फल एवं मिष्ठान वितरण किया। उसी क्रम में भाजपा नेत्री शोभा अग्रवाल के नेतृत्व में मानू का पुरवा जी टी रोड स्थित श्री राम- जानकी विवाह व विशाल यात्रा का स्वागत कर फल वितरण किया और बताया कि श्री बालाजी सरकार के भक्त जनों का इस विशाल ध्वजा यात्रा में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। बताया कि सवामणी हवन व छप्पन भोग और विशाल भंडारा में आए हुए समस्त बाबा भक्तों की का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है। इस ध्वजा यात्रा में मुख्य रूप से संतोष नेता, सुनील गुप्ता, रोहित अग्रहरि, अनिल महान, सुशील गांधी, चेयरमैन गीता सिंह, प्रतिनिध राम गोपाल सिंह, शोभा अग्रवाल, क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान, श्रीपाल, मलखान सिंह, मुन्ना यादव, समाज सेवी इंदल सिंह, संदीप उर्फ पोनू पांडेय, रानू सिंह, रतन तिवारी, केदार नाथ शुक्ला, गगन अग्रवाल, सुधीर सिंह, गोलू ठाकुर, माया शिवहरे ,पंकज गुप्ता सहित कई सैकडा महिलाए व पुरुष एवं भक्त गण मौजूद रहे।

## यूपी मेडिकल एण्ड पब्लिक हेल्थ मिनि. एसो. निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न

**फतेहपुर।** यूपी मेडिकल एण्ड पब्लिक हेल्थ मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा फतेहपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन डा इस्तियाक अहमद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (कार्य. मुख्य चिकित्सा अधिकारी) के पर्यवेक्षण में विभिन्न पदों पर निर्वाचन निविरोध सम्पन्न हुआ जिसमें सभी लिपिक संवर्गीय कर्मचारी उपस्थित रहे। निर्वाचित पदाधिकारियों में राजेश कुमार स्वर्णकार वरिष्ठ सहायक -संरक्षक, रमेश चन्द्र वरिष्ठ सहायक -अध्यक्ष, चन्द्रशेखर प्रधान सहायक-उपाध्यक्ष, राजीव कुमार सिंह वरिष्ठ सहायक-उपाध्यक्ष, जय प्रकाश वरिष्ठ सहायक- संगठन मंत्री, मनोज कुमार यादव वरिष्ठ सहायक-संगठन मंत्री, विष्णु सिंह लखेरा वरिष्ठ सहायक-मंत्री, प्रदीप कुमार वरिष्ठ सहायक-संयुक्त मंत्री, अमित कुमार मिश्रा वरिष्ठ सहायक- संयुक्त मंत्री, विकास कुमार वरिष्ठ सहायक-कोषाध्यक्ष, अवधेश कुमार वरिष्ठ सहायक- आडीटर, खडग बहादुर सिंह वरिष्ठ सहायक व नीरज कुमार पाण्डेय वरिष्ठ सहायक को कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया।

## क्विक न्यूज

### अनियंत्रित होकर ट्रक दुकानों में घुसा, क्लीनर घायल

**घाटमपुर।** रविवार भोर पहर अनियंत्रित होकर एक ट्रक दुकानों में जा घुसा, दीवार से टकराने के बाद ट्रक की केबिन पिचक गयी जिससे ट्रक चला रहा क्लीनर उसमें दब गया, हादसे के बाद इर्द गिर्द के दुकानदार व पुलिस डायल 112 के जवानों ने काफी मशक्त के बाद उसे बाहर निकाला और इलाज के लिये सीएचसी भेजा है। बताया जाता है कि ट्रक कबरई-महोबा से गिट्टी भर कर लखनऊ जा रहा था और जैसे ही तड़के करीब 4 बजे घाटमपर नगरीय क्षेत्र की सीमा पर स्थित गांव स्योदी के पास पंहुचा कि तभी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकानों में जा घुसा, हादसे में कोई जनहानि तो नही हुई पर दुकाने छति ग्रस्त हो गयी।

### पुलिस लापरवाही में गई बालक गयी जान

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** पुलिस की लापरवाही के चलते 12 वर्षीय मासूम बालक अंशुल पुत्र संतोष शर्मा जान चली गयी। पुलिस मासूम की गुमशुदगी को गम्भीरता से लेती तो बच सकती थी बालक की जान। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस खानपुरी करती रही कोई मामले पर ध्यान नही दिया। संतोष शर्मा निवासी भगौतीपुर का 12 वर्षीय पुत्र अंशुल दो दिन पहले लापता हो गया था। परिजनों ने काफी खोजबीन की पर कंही पता नहीं चला। अंशुल के परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली कायमगंज को दी थी। पुलिस ने मासूम की गुमशुदगी दर्ज कर खानपूरी की कोई गुमशुदगी पर ध्यान नही दिया। दो दिन से लापता बालक का शव रघुबर दयाल के करौंदे के बाग में पड़ा मिला जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुचे , परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनो का आरोप है कि यदि पुलिस मासूम की गुमशुदगी को गम्भीरता से लेती तो बच सकती थी बालक की जान।

### अधेड़ की हत्या के मामले में परिजनों ने काटा हंगामा, लगाया जाम

**फर्रुखाबाद।** भैंसे चराने गये अधेड़ ग्रामीण की अज्ञात मवेशी लुटेरो ने निर्मम हत्या कर शव हुसैनगंज एवं शेखपुर गुमटी के बीच रेलवे लाइन के किनारे झाड़ी में फांक दिया गया था। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर परिजनों के द्वारा जाम लगा दिया गया। जाम लगे होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया, ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एवं तनाव बढ़ता देख मौके पर एक कंपनी पीएसी बुला ली गयी। मृतक अधेड़ की पुत्री ने आरोप लगाया कि घटना के एक दिन पहले आरोपी घर में घुस कर जान से मारने की धमकी दे गए थे। भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। सूचना पर सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ राय व सीओ सिटी प्रदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे गये। आक्रोशित मृतक के परिजनों ने हत्यारोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। दो घण्टे हुई नोकझोक के बाद पुलिस अधिकारियों के समझाने पर परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए वाना हुए। उन्होंने मृतक रामपाल यादव के परिजनों को समझा बुझाकर हत्या आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।

### दबंग ने अपने गुर्गों के साथ युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**फर्रुखाबाद।** पुरानी रंजिश के चलते दबंग अंकित उर्फ रावण ने अपने साथियों के साथ युवक को घेरकर हमला बोल दिया और युवक को बुरी तरह घेरकर मारापीटा। बीती देर रात्रि कारखाना जाने के दौरान रास्ते मे शहर कोतवाली के कछियाना मोहल्ले के पास दबंगों ने अभिलाष नाम के युवक को उस समय घेर कर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया जब वह अपने सिलाई कारखाने में काम करके वापस घर जा रहा था। गंभीर रूप से घायल युवक अभिलाष ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल परीक्षण व प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की छानबान कर रही है।

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवारों की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चकसकरनपुर के समीप देर शाम ट्रक की चपेट में आ जाने से बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना तिंदवारी गांव लोहारी निवासी चंद्रपाल का 35 वर्षीय पुत्र दीपक ललौली थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी राम स्वरूप पुत्र रामनाथ 30 वर्ष के यहां आया था और दोनों मजदूरी करते थे। बताया जा रहा है कि देर शाम दोनों बाइक से चकसकरनपुर से सुजानपुर जा रहे थे। जैसे ही यह लोग कुछ दूर पहुंचे उसी समय पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम ऐमापुर के समीप शनिवार की देर शाम साइकिल से मजदूरी कर घर वापस जा रहे 45 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई गांव निवासी बृजलाल का पुत्र रामसुमेर रोज की भांति खखरेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत मजदूरी करने आता था। देर शाम वह साइकिल से गांव वापस जा रहा था। तभी ऐमापुर के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई चंद्रशेखर ने दी है।

### 13 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत रविवार की सुबह पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मलवां थानाध्यक्ष दो, हुसैनगंज एक, किशनपुर एक, बिंदकी कोतवाली प्रभारी चार, कल्यानपुर एक, औंग एक, चांदपुर एक, गाजीपुर एक तथा हथगाम थानाध्यक्ष ने एक पर शांति भंग के तहत कार्रवाई की है।

### तमंचा-कारतूस के साथ युवक को दबोचा

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार की सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने तमंचा-कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय भेजा है। जानकारी के अनुसार राधानगर थाने के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार यादव अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर दीपू रैदास पुत्र भूरा रैदास निवासी ग्लोबल स्कूल के पीछे नई बस्ती को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद करते हुए न्यायालय भेज दिया।

### रिटायर्ड शिक्षक के घर लाखों की चोरी

**फतेहपुर।** सेवानिवृत्त शिक्षक के घर का ताला तोड़कर चोर करीब दो लाख का माल उड़ा ले गए। घर लौटने पर चोरी का पता लगा। पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची है। राधानगर थाने के पास रहने वाले अशोक कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शाखा गांव में परिवार के साथ शुक्रवार को निमंत्रण में गए थे। निमंत्रण से शनिवार को घर लौटकर आए। तभी कमरों का ताला टूटा देखा। कमरे में रखी अलमारी का लॉकर खुला पड़ा था। लॉकर तोड़कर चोर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के सोने, चांदी के जेवरात, 50 हजार रुपये नकदी चुरा ले गए हैं। चोर गेट फांदकर घर के अंदर आए हैं। प्रभारी निरीक्षक राज किशोर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### निर्माणाधीन मकान को दबंगों ने गिराया, पुलिस से की शिकायत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के वलीपुर रमसगरा मजरे रामपुर गांव में दबंगों ने निर्माणाधीन मकान को जमींदोज कर दिया। विरोध करने पर पीड़ित परिवार के साथ मारपीट भी की गई। जिसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को शिकायत दी पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि रमसगरा गांव निवासी बाबू निषाद कुछ वर्ष पूर्व खरीदी गई जमीन पर निर्माण करा रहा था। जिसमें लगातार करीब 10 दिनों से कार्य जारी था। जिस पर पीड़ित परिवार का काफी कार्य हो चुका था। जिसमें गांव के ही कुछ दबंगों ने पीड़ित परिवार के मकान बनाने से मना किया। और मकान ना बनवाने की बात कही। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने अपनी जमीन होने की बात कही। जिस पर दबंगों ने भद्दी भद्दी गालियां देते हैं महिलाओं को लात घूसो से पीट दिया और पीड़ित परिवार का निर्माणाधीन मकान गिरा दिया। जिससे पीड़ित परिवार का काफी नुकसान हो गया। पीड़ित परिवार को पीटने के बाद दबंगों ने कहीं पर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। वही मामले को लेकर जब स्थानीय पुलिस से जानकारी लेनी चाहिए तो संपर्क सांझा नहीं हो सका।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के ग्राम ऐमापुर के समीप शनिवार की देर शाम साइकिल से मजदूरी कर घर वापस जा रहे 45 वर्षीय युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धाता थाना क्षेत्र के डेंडासई गांव निवासी बृजलाल का पुत्र रामसुमेर रोज की भांति खखरेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत मजदूरी करने आता था। देर शाम वह साइकिल से गांव वापस जा रहा था। तभी ऐमापुर के समीप अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई चंद्रशेखर ने दी है।

# काशी-तमिल संगमम् के एक भारत- श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना काशी के धरती पर हो रही चरितार्थ : केशव

● **काशी तमिल संगमम् में दिव्यांग खिलाड़ियों ने दिखाया दमए काशी और तमिलनाडु के टीम ने मैदान में जमकर लगाया चौके-छक्के**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी तमिल** संगमम् के तहत 26 और 27 नवंबर को दो दिवसीय दिव्यांग टी.20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। पहले दिन शनिवार को ऑल इंडिया दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से काशी.तमिल टी.20 दिव्यांग क्रिकेटम् सुब्रह्मण्यम भारती कप प्रतियोगिता का आयोजन भेलूपुर के रेवड़ी तालाब स्थित जय नारायण इंटर कॉलेज में हो रहा हैं।

मैच के उद्घाटन सत्र में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या पहुंचें। उन्होंने दोनों टीमों को बधाई देते हुए काशी.तमिल संगमम् के एक भारती श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना काशी के धरती पर चरितार्थ हो रही उसके लिए प्रधानमंत्री को भी धन्यवाद दिया। मैच में टॉस जीतकर तमिलनाडु के कप्तान सचिन ने पहले फिल्डिंग का फैसला लिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओबरा में 9 विकेट गवाकर 152 रन बनाया। वही तमिलनाडु की टीम ने लक्ष्य का पीछा नही कर पाई और भारत को जीत हासिल हुई। पहला मैंच काशी और तमिलनाडु के बीच हुआ। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश दिव्यांग प्रकोष्ठ संयोजक उत्तम ओझा ने बताया कि यूपी टीम में बनारस के चार खिलाड़ी दिनेश सिंहए पंकज रायए रंजित वर्माए पवन राम सहित कानपुर के राहुलए गाजियाबाद के ओमबीरए आगरा के जेपी सिंह और अजहरए सैफई के अवनीशए मऊ के हरिवंश चौहान यूपी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। वही तमिल टीम में तमिलनाडु के साथ साथ कुछ केरला और कर्नाटक के खिलाड़ी मौजूद हैं । यह मैच उत्तर और दक्षिण भारतीय खिलाड़ियों के बीच खेला जा रहा। क्रिकेट मैच के आयोजक के संजय चौरसिया ने कहा कि काशी तमिल संगमम् से प्रेरणा लेकर हम सभी ने काशी और तमिल के बीच हम सभी ने 3 टी 20 मैंच का आयोजन किया हैं। जो कि जय नारायण इंटर कालेज के मैदान में आज पहला मैंच खेला जा रहा। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम् को विस्तार देने के लिए हम लोगों ने ये आयोजन किया इससे हम संदेश देना चाहता हूं कि दो सांस्कृतिक उत्तर और दक्षिण भारत को एक साथ एक मंच पर लाना चाहते हैं। वहां पर सांस्कृतिक सम्मेलन हो रहा यहां हम क्रिकेट के माध्यम से खेल कुद का आयोजन किया जा रहा हैं।

## मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा व्यापार मेले का आयोजन

**वाराणसी।** मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सा उपकरणों के लिए सबसे बड़े बी 2 बी व्यापार मेले मेडिकॉल का आयोजन 09 से 11 दिसंबरए 2022 के दौरान कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में किया जाएगा। मेडिकॉल के 31वें संस्करण में अस्पताल की सभी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगाए जिसमें सर्जिकल कॉटन से लेकर नवीनतम इमेजिंग उपकरण और सर्जिकल उपकरण जैसी सभी चीजें शामिल होंगी। यह पूर्वी और उत्तर.पूर्वी भारत में चिकित्सा उपकरणों तथा अस्पताल की जरूरतों के लिए आयोजित सबसे बड़ी और भव्य प्रदर्शनी होगी। इस एक्सपो के बारे में बात करते हुए डॉण् एसण् मणिवन्नन संस्थापक एवं सीईओ मेडिकॉल ने कहा टियर 2 एवं टियर 3 श्रेणी के शहरों के छोटे और मध्यम आकार के अस्पतालों के मालिक योग्य परचेज मैनेजर को नियुक्त करने का खर्च नहीं उठा सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### राज्य स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** जनपद में मच्छर जनित बीमारियों की स्थिति का आकलन करने तथा पिछले वर्ष जनपद के विकास खंड म्योरपुर के मकरा गांव में गत वर्ष हुई ऐनिडेमिक की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण करने के उद्देश्य से राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय टीम डॉक्टर सुरेश कुमार के नेतृत्व में दिनांक 26 और 27 नवंबर 2022 को जनपद के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी धमेंद्र नरायण श्रीवास्तव, कन्सल्टेंट शुभम कुमार, एम्बेड परियोजना से शशांक यादव साथ रहे। डा. सुरेश कुमार ने संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दवा की उपलब्धता, प्रत्येक बुखार रोगी की मलेरिया जांच, आशा द्वारा गृह भ्रमण करने के साथ ही स्थितियों पर नजर बनाये रखने के निर्देश दियें। प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंवारी के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में गृह भ्रमण कर डा. सुरेश कुमार, अमित कुमार शुक्ला व शुभम कुमार द्वारा लोगों को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक भी किया गया।

### योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ सामापन

**सोनभद्र।** इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में युवा भारत के तत्वाधान में 17 नवंबर से आयोजित 11 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर युवा भारत के जिला महामंत्री योगी संकट मोचन एवं योग शिक्षिका अर्चना ने हास्य आसन, शीर्ष आसन, चक्रासन, हलासन, सर्वांग आसान, वृक्ष आसान सहित तमाम प्रकार के योगासन व प्रणायाम कराया गया। साथ ही अतिथि के रूप में उपस्थित गायत्री परिवार के संयोजक स्वामी अरविंद सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं के साथ भजन कीर्तन कर समारोह को दिव्यता प्रदान की, उपस्थित लोगों में गायत्री परिवार की पुस्तकों व स्टिकर आदि का वितरण कर प्रशिक्षुओं एवं उपस्थित कर्मचरियों का सम्मान किया। अतिथि के रूप में उपस्थित राजकुमार केशरवानी ने प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति अपनी कविताओं से प्रेरित किया। इस अवसर पर युवा भारत के जिला प्रभारी आशीष पाठक ने कहा की शरीर के स्वस्थ्य के लिए योग, आर्थिक लाभ के लिए उद्योग एवं समाज को स्वस्थ्य रखने के लिए आपसी सहयोग बेहद आवश्यक है। समाज को स्वस्थ्य रखने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यापकगण अभिनव राहुल के साथ तमाम कर्मचारी एवं आंशिका अंकिता आरती चांदनी गौरी कुमकुम काजल रुपाली साक्षी श्रेया कविता सौम्या ऋचा वंशिका समृद्धि अर्पिता शिल्पा प्रिया कौशिका सलोनी निशांत अंकित लोकेश हर्षित आयुष्मान आरजीत अनूप दीपेंद्र कमल अर्थ मुकुल अबुजार देवेश विनीत सौरभ आदर्श शिवम आदि प्रथम वर्ष के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अनुप्रिया पटेल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित द्वितीय प्रवेश द्वार का 28 आज करेंगी उद्घाटन

**मिर्जापुर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री एवं जनपद की लोकप्रिय सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल 28 नवंबर सोमवार को मिर्जापुर रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित सेकेंड इंट्री गेट का लोकार्पण करेंगी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद श्री रामशकल जीए सदर विधायक श्री रत्नाकर मिश्रा जी एवं मझवां विधायक डॉ विनोद कुमार बिंद सहित जनपद के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी का कहना है कि पिछले दो दशक से बहुप्रतीक्षित नवनिर्मित सेकेंड इंट्री गेट के उद्घाटन से जनपदवासियों को जाम से राहत मिलेगी। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस गेट के पास पार्किंग की व्यवस्था होने से वाहनों को खड़ा करने की सुविधा मिलेगी। शहर में आवागमन तेज होगा। इस आशय की जानकारी जिला मीडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान ने दी।

### मनोज जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने रविवार की सुबह गणेशगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर भाजपा के तमामं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 95वाँ एपिसोड देखा।रेडियो प्रोग्राम श्मन की बातश् के 95वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम तेजी से मन की बात के एपिसोड के शतक की ओर बढ़ रहे हैं।ळ.20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए गौरव की बात है।इस मौके पर प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के हरिप्रसाद गारू द्वारा हाथ से बुनकर भेजे गये लोगो का भी ज़िक्र किया।उन्होंने कहा कि उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। तेलंगाना का व्यक्ति जी.20 से खुद को कितना जुड़ा महसूस करता है।पीएम ने कहा कि स्पेस सेक्टर में भारत ने अपनी सफलता का परचम लहराया है।जो बच्चे बचपन मे आसमान में चांद.तारे देखकर हवाई जहाज की आकृतिया बनाते थेएआज वही अंतिरक्ष में रॉकेट भेज रहे है।जब हम टेक्नोलॉजी से जुड़े इनोवेशन की बात कर रहें हैं तो ड्रोन्स को कैसे भूल सकते हैं।भारत अब ड्रोन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।कुछ दिनों पहले हमने देखा कि कैसे हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में ड्रोन्स के जरिए सेब ट्रांसपोर्ट किए गये।आज हमारे देशवासी अपने इनोवेशन से उन चीजों को भी संभव बना रहे हैंएजिसकी पहले कल्पना तक नहीं की जा सकती थी।

### इंटरलाकिंग कार्य का किया लोकार्पण

मीरजापुर। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल रविवार की दोपहर नगर के फत्हा वार्ड पहुँचे।जहा उन्होंने 95 मीटर नवनिर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया।बता दे वार्ड के निवासियों ने देवानंद बिन्द के मकान से लेकर विजय कुमार के मकान तक साइडवाल व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण को लेकर नपाध्यक्ष से मांग की थी।नपाध्यक्ष ने जनहित में अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था।रविवार को नवनिर्मित सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों ने खुशी भी जाहिर की।इसके बाद नपाध्यक्ष ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश भी दिया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि जनता की मांग पर इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य कराया गया है।सड़क बनने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा और वार्ड के रहवासियों को भी राहत मिलेगी।मन की बात में पीएम ने पर्यावरण के जागरूकता को लेकर बात कही थी।उसी को लेकर आज वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर.प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उत्तर.प्रदेश में तेजी के साथ कई एक्सप्रेस वेएपुल.पुलियाएसड़को आदि का निर्माण कराया गया है। इस मौके पर सभासद विजय यादवएमण्डल अध्यक्ष सिटी उत्तरी महेश गुप्ताएमनमोहन वैश्वारएराम सिंहएकल्लू गुप्ताएप्रदीप दुबेएबाबूलालएवीजय पालए दीपक संजय सिंहएश्यामबाबू निषादएनगर अभियंता विपिन मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## एचएमटी मशीन टूल्स के साथ बीएचयू आईटी की संयुक्त रूप से बैठते हुए

**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;काशी हिन्दू विश्वविद्यालयद्धए वाराणसी में मशीन टूल डिजाइन पर उत्कृष्टता केंद्र ;सीओईद्ध को भारी उद्योग मंत्रालय ने मंजूरी दी है । भारी उद्योग मंत्रालयए भारत सरकार के तत्वाधान में एक उद्योग भागीदार के रूप में एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड के साथ सेंटर ऑफ एक्सलेन्स ;सीओईद्ध की स्थापना की जा रही है जो भारतीय कैपिटल गुड्स सेक्टरए फेज.प्प् में प्रतिस्पर्धा विस्तार के भारत सरकार की योजना के अधीन है । भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;काशी हिन्दू विश्वविद्यालयद्धए वाराणसी प्रमुख तकनीकी संस्थानों में से एक है और इसकी स्थापना के बाद से उच्च शैक्षणिक मानकों को बनाए रखा है । संस्थान के पूर्व छात्र जिन्होंने इंजीनियरिंगए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है । इसी तरहए एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड भारी उद्योग मंत्रालयए भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में धातु काटने और धातु बनाने की मशीन टूल्स और उपकरणों के निर्माण और बिक्री व्यवसाय करने में लगी हुई है। एचएमटी मशीन टूल्स लिमिटेड ने कई महत्वपूर्ण मशीनों के लिए ऑर्डर निष्पादित किए हैं और रणनीतिक क्षेत्र से प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किए हैं। यह उम्मीद की जाती है कि आईआईटी बीएचयू जैसे अकादमिक संस्थान और प्रतिष्ठित उद्योगए एचएमटी के बीच सहयोग मेक इन इंडिया की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

# एक अच्छा फोटो हजार शब्द से ज्यादा प्रभावी: मण्डलायुक्त

● **एस अतिबल छायाचित्र प्रतियोगिता व प्रदर्शनी उद्घाटित**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**फोटोग्राफी** कला के साथ साथ विज्ञान भी है। एक अच्छा फोटो हजार शब्द से ज्यादा प्रभावी होता है। यह ऐसी कला है जो एक कलाकार के रूप में फोटोग्राफर की रचनात्मक दृष्टि को दर्शाती है। यह विचार आज काशी पत्रकार संघ से संचालित वाराणसी प्रेस क्लब के तत्वावधान में दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि के सहयोग से आयोजित एस अतिबल छाया चित्र प्रतियोगिता व प्रदर्शनी के उद्घाटन पर मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा ने व्यक्त किये। कहा कि मोबाइल के बढ़ते चलन से फोटोग्राफी प्रभावित हो रही है। अब कोई भी फोटोग्राफर अपने आसपास की दुनिया और घटना के प्रति अपने दृष्टिकोण को इस माध्यम से व्यक्त कर सकता है। उन्होंने वरुणा के जीर्णोद्धार कार्य पर भी सहमति जतायी। आगतो का स्वागत काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुभाषचन्द्र सिंह नेए संचालन संघ के महामंत्री डा? अत्रि भारद्वाज और धन्यवाद ज्ञापन वाराणसी प्रेस क्लब के अध्यक्ष चन्दन रूपानी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्र नारायण शर्माए संघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्णदेव नारायण राय ने भी विचार रखे। अनिरूद्ध पाण्डेय ने आयोजन के उद्देश्य को रेखांकित किया।

प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार अमन आलमए द्वितीय पुरस्कार मोहम्मद मुकीद ;दोनो हिन्दुस्तानद्धए तृतीय पुरस्कार नरेन्द्र यादव ;अमर उजालाद्ध को प्राप्त हुआ। साथ ही प्रदीप तिवारी स्मृति पुरस्कार राजू सिंह दुआ ;काशीवार्ताद्धए मंसूर आलम स्मृति पुरस्कार संतोष यादव ;दैनिक भास्करद्धए विजय सिंह स्मृति पुरस्कार मदन मेहरोत्रा ;स्वतंत्रद्ध को दिया गया। इस अवसर पर दो छायाकारों अनिल मिश्रा एवं शंकर चतुर्वेदी को छायारत्न से सम्मानित किया गया। आयोजन में प्रेस क्लब के मंत्री पंकज त्रिपाठी व सह संयोजक संजय गुप्ता, संघ के उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम चतुर्वेदी की सक्रिय भागीदारी रही। संघ के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ तिवारी, गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, संस्थापक इंदु शेखर शर्मा, पवन शुक्ला, अवनीधर, आशीष तिवारी, हनुमान यादव, शिवम गुप्ता, अश्वनी श्रीवास्तव, सुनील शुक्ला, उमेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, हरिबाबू श्रीवास्तव, राजेश सेठ सहित बड़ी संख्या प्रेस छायाकार उपस्थित थे।

## वाराणसी परिक्षेत्र के 6 जनपदों में आधार के लिए 28 व 29 नवम्बर को चलेगा विशेष अभियानः पोस्टमास्टर जनरल



**वाराणसी।** नया आधार कार्ड बनवाने या फिर उसमें संशोधन कराने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर 6 जिलों में 28.29 नवम्बरए दिन सोमवार.मंगलवार को डाकघरों में विशेष अभियान चलाया जायेगा जहाँ आधार नामांकन व अपडेशन का कार्य आसानी से कराया जा सकेगा। यह अभियान वाराणसीए भदोहीए चंदौलीए गाजीपुरए जौनपुर व बलिया जिले के 129 डाकघरों में चलाया जायेगा। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पोस्ट ऑफिस में आधार सेवाओं का लाभ कोई भी ले सकता है। वाराणसी परिक्षेत्र में अब तक 11 लाख 50 हज़ार से ज्यादा लोगों का आधार नामांकन व संशोधन किया जा चुका है। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने बताया कि डाकघरों में नया आधार निरूशुल्क बनाया जाता है। डेमोग्राफिक संशोधन ;नामए जन्म तिथिए लिंगए पताए मोबाइल व ईमेलद्ध हेतु 50 और बायोमेट्रिक संशोधन ;फिंगरप्रिंटए आईरिस व फोटोद्ध हेतु 100 शुल्क जमा करवाना होगा। प्रवर डाकघर अधीक्षक राजन राव ने बताया कि वाराणसी के 45ए भदोही के 6 व चंदौली जनपद के 11 डाकघरों में यह विशेष अभियान चलाया जायेगा। वाराणसी जनपद में वाराणसी प्रधान डाकघर, वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर, अनई, अस्सी, कठिराओं, कमच्छा, काशी, गंगापुर, चेतगंज, चोलापुर, चौबेपुर, जखनी, डीण,लण्डब्लूण, नगर महापालिका, पिंडरा, बडागांव, भेलुपुरा, मदनपुरा, महामंडल, मालवीयनगर, मिर्ज़ामुराद, राजातालाब, रामनगर, लंका, शिवपुर, वाराणसी सिटी, संस्कृत विवि, सिन्धौरा, हिन्दू विवि, इत्यादि डाकघर में आधार की सेवाएं ली जा सकती हैं।

# मन की बात 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का माध्यम

● **सदर विधायक व सदर ब्लाक प्रमुख के नेतृत्व में रेडियो पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात**



**सोनभद्र।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री की मन की बात जनपद मुख्यालय स्थित सदर विधायक भूपेश चौबे के आवास पर सदर विधायक श्री चौबे के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा सुनी गई। वही रावर्टसगंज विधानसभा बूथ संख्या 21 पर सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में रेडियो पर सुनी गई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम बहुत तेजी से इस कार्यक्रम के शतक की तरफ बढ़ रहे हैं। यह कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का एक और माध्यम है। हर एपिसोड से पहले, गांव-शहरों से आये ढ़ेर सारे पत्रों को पढ़ना, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के ऑडियो मैसेज को सुनना, ये मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होता है। पीएम ने कहाकि जी-20 की दुनिया की जनसंख्या में दो-तिहाई, वैश्विक व्यापार में तीन-चौथाई और वर्ल्ड जीडीपी में में 85 प्रतिशत भागीदारी है। आप कल्पना कर सकते हैं कि भारत अब से तीन दिन बाद यानी एक दिसंबर से इतने बड़े समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है। जी-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा मौका बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। प्रधानमंत्री ने कहा, कि हाल ही में स्वदेशी स्पेस स्टार्ट-अप के विक्रम-एस रॉकेट ने जैसे ही ऐतिहासिक उड़ान भरी, हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा हो गया। यह भारत में प्राइवेट स्पेस सेक्टर के लिए एक युग के उदय का प्रतीक है। ये देश में आत्मविश्वास से भरे एक नए युग का आरंभ है। आप कल्पना कर सकते हैं, जो बच्चे कभी हाथ से कागज का हवाई जहाज बनाकर उड़ाया करते थे, उन्हें अब भारत में ही हवाई जहाज बनाने का मौका मिल रहा है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा, कला, संगीत और साहित्य से हमारा लगाव ही मानवता की असली पहचान है। हम भारतीय, हर चीज में संगीत तलाश ही लेते हैं। चाहे वह नदी की कलकल हो, बारिश की बूंदें हों, पक्षियों का कलरव हो या फिर हवा का गूंजता स्वर, हमारी सभ्यता में संगीत हर तरफ समाया हुआ है। संगीत हमारे समाज को भी जोड़ता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजू श्रीवास्तव धीरेंद्र पांडे लवकुश तिवारी समर सिंह बृजेश शास्त्री बलराम सोनी सोनू पासी इत्यादि लोगों ने मन की बात रेडियो पर सुनी।

## भाजपा का किसान सम्मेलन संपन्न

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा नगर पालिका चुनाव हेतु किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन महंत शिवाला स्थित भुवनेश्वर नाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा जीएविशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री हेमंत त्रिपाठी जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह और संचालन किसान मोर्चा के महामंत्री नागेश्वर तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि रमाकांत विश्वकर्मा ने आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को तन मन के साथ जुड़ने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मंत्री हेमंत त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को अनुशासन का महत्व और पार्टी के प्रति समर्पण का भाव जागृत करने हेतु प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम के संयोजक जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा आशुतोष त्रिपाठी जी एवं प्रभारी जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा डॉ प्रशान्त कुमार पाण्डेय रहे।

# जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना लक्ष्य



**सोनभद्र।** सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को समय पर मूर्त रूप देने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। हमारा कर्तव्य है कि सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की पूरी कोशिश करें। जरूरतमंदों को चिह्नित करें और उन योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। हम इस पर लगातार कार्य कर रहे हैं और भविष्य में भी पूरा प्रयास होगा कि सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर मूर्त रूप देने में मददगार सिद्ध हो सकें। उक्त बातें ओबरा नगर पंचायत के वार्ड दो इंदिरा बस्ती और वार्ड एक संत रविदास नगर में घर घर पहुंचकर भाजपा जिला मंत्री कन्हैयालाल जायसवाल ने कही। जन संपर्क के दौरान जिलामंत्री ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं और उससे लाभान्वित लोगों के बारे में जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के निर्देशन में जागरूक किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव डबल इंजन की भाजपा सरकार के प्रयास से स्मार्ट होते शहर के मूल में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संदर्भित पत्रक भी नागरिकों में वितरित किया गया।

# अनुप्रिया पटेल ने जनसंवाद कार्यक्रम में समस्याओं का निस्तारण किया

● **प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम मिर्ज़ापुर के खिलाड़ियों को केंद्रीय मंत्री पटेल ने किया सम्मानित**

संवाददाता। मीरजापुर



**अपना दल** (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने रविवार को जनपद के सरदार पटेल चौराहा स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आये हुए लोगों से मुलाक़ात की एवं संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर मेडिकल संबंधित शिकायत व शिकायती प्रार्थना पत्र, ज़मीन विवाद से संबंधित ज्यादातर शिकायतें केंद्रीय मंत्री पटेल के पास आईं। केंद्रीय मंत्री पटेल ने जनसंवाद कार्यक्रम में आए हुए सभी फरियादियों की समस्या सुनकर संबंधित विभाग व अधिकारी को त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने लखनऊ के ग्रेयर ग्राउंड में आयोजित प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मिर्जापुर जनपद की विजेता टीम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच रामवृक्ष बिंद के द्वारा माननीय केंद्रीय मंत्री जी को अवगत कराते हुए बताया कि राजधानी लखनऊ के ग्रेयर ग्राउंड में क्षेत्र पंचायत सदस्य संघ द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट में प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें जनपद मिर्ज़ापुर की टीम ने जनपद जौनपुर को हरा कर कप जीत कर जनपद का गौरव एवम् सम्मान बढ़ाया। पूरी टीम में कैप्टन रामपाल यादव, सुभाष जायसवाल, योगेंद्र सिंह, विनोद यादव, राहुल कुमार, अभिषेक यादव, इंद्रजीत, मनोज राय, ह्रदय चंद, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश सिंह एवं प्रांतीय संयोजक बीडीसी संजय साथ में जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती आदि को माननीय केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल ने अंग वस्त्र देकर खुशी जाहिर की। जनसंवाद कार्यक्रम में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष इंजीनियर राम लौटन बिंद, राष्ट्रीय महासचिव रमाशंकर पटेल, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रेखा वर्मा, रमेश सिंह पटेल, आनंद सिंह पटेल, कुलदीप पटेल, रामवृक्ष बिंद, कीर्ति केसरी, उदय पटेल, हेमंत बिंद, संजय उपाध्याय, गिरीश चंद पटेल, एडवोकेट संतोष विश्वकर्मा, पूनम सिंह, भगवान दास प्रजापति, नसीम कुरैशी, विशंभर पांडे, कपिल कुमार, आरिफ अली मंसूरी, आमिर खान आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## सदस्य अल्पसंख्यक आयोग की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न

**मिर्जापुर।** सदस्य अल्पसंख्यक आयोग श्री नवेन्दु सिंह इजीकेल के अध्यक्षता में अष्टभुजा डाक बंगला सभागार मैं मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिर्जापुर राजेंद्र प्रसादए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी भदोही व प्रभारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी मिर्जापुर रमेश चंद्रए जिला अल्पसंख्यक अधिकारी सोनभद्र कार्यालय से अर्चना शुक्ला व संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे द्य समीक्षा बैठक के दौरान माननीय सदस्य द्वारा अल्पसंख्यक विभाग से जुड़ी योजनाओं को व्यापक प्रचार प्रसार कराने का निर्देश दिया उन्होंने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया बैठक में स्वास्थ्य विभाग व अल्पसंख्यक विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तृत समीक्षा की गई।

# रामबाग में बिरहा कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मीरजापुर।** बिरहा गायन लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है । बिरहा गायन के माध्यम से किसी भी घटना का सजीव चित्रण संगीत के माध्यम से किया जाता है । आज बिरहा जैसी प्राचीनतम गायन प्रोत्साहन के अभाव में अपने गौरवशाली कीर्तिमान को नहीं प्राप्त कर पा रही है । बिरहा कलाकारों का सम्मान वास्तव में एक महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय कार्यक्रम है । बिरहा कलाकारों का सम्मान बिरहा गायन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा । उक्त विचार अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने आज आदर्श पाषाण औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति लि 0 ए मीरजापुर द्वारा नगर के रामबाग स्थित बड़े हनुमान जी प्राचीन मंदिर ए चकबन्दी आफिस प्रांगण में आयोजित विशाल बिरहा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए व्यक्त किया । इस बिरहा महोत्सव का आयोजन मीरजापुर के सुप्रसिद्ध लोकगीत कलाकार खोखा मिर्जापुरी एवं सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना गुप्ता जी द्वारा आयोजित किया गया । इस बिरहा महोत्सव की अध्यक्षता आदर्श पाषाण औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति लि 0 ए मीरजापुर के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश दत्त पाण्डेय द्वारा किया गया । इस बिरहा महोत्सव में मीरजापुर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के इस बिरहा गायकों को विन्ध्य बिरहा रत्न सम्मान पत्र 2022 से सम्मानित किया गया । जिसमें अंतरराष्ट्रीय बिरहा कलाकार एवं लोकगीत गायक डॉक्टर मन्नू यादव एवं मिर्जापुर के नामी.गिरामी बिरहा कलाकार जिसमें प्रमुख रूप से बद्री यादव ए बबलू बावरा ए मन्नू यादव ए मकोई यादव ए सूरज सोनकर ए गणेश दत्त पाण्डेय को इस सम्मान से मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया तथा कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजक द्वारा मुख्य अतिथि श्री सुनील कुमार पाण्डेय एडवोकेट को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण करके स्वागत करते हुए उन्हें भी विन्ध्य बिरहा रत्न सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। बिरहा महोत्सव को सम्बोधित करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय एडवोकेट ने कहा कि मीरजापुर जनपद में बिरहा गायन लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है । वर्तमान सरकार को बिरहा गायन को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम करने चाहिये ए जिससे कलाकारों का मनोबल बढ़े और बिरहा गायन को प्रोत्साहन मिल सकें । उन्होंने कार्यक्रम में बुलाने के लिए कमेटी का आभार व्यक्त किया । बिरहा महोत्सव को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष गणेश दत्त पाण्डेय एडवोकेट ने कहा कि आदर्श पाषाण औद्योगिक उत्पादन सहकारी समिति लि 0 ए मीरजापुर लगातार मीरजापुर जनपद में लोक संस्कृति के उन्नति के लिए प्रयत्नशील है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 28 नवंबर, 2022



# गहलोत-पायलट टकराव

## अक्षम कांग्रेस


**कांग्रेस** राजस्थान में अशोक गहलोत व सचिन पायलट के बीच सुलह-समझौता लागू करवाने में बुरी तरह विफल हुई है। राजस्थान में 'महाभारत' समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नया तीर छोड़ते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट को कांग्रेस के लिए 'गद्दार' बता दिया है क्योंकि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से मिलीभगत कर राज्य में अपनी ही पार्टी की सरकार गिराने का प्रयास किया था। उनका इशारा पायलट के 2020 में असफल विद्रोह की ओर है। वास्तव में, देश की सबसे पुरानी पार्टी इस समय भ्रम की शिकार है। एक ओर उसके कद्दावर मुख्यमंत्री हैं जिनको अधिकांश विधायकों का समर्थन प्राप्त है और यहां तक कि उनको कुछ समय पहले तक पार्टी का नेतृत्व करने के उपयुक्त भी माना जा रहा था। लेकिन वे राज्य का नियंत्रण छोड़ने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह कांग्रेस शासन वाला सबसे बड़ा राज्य है और उन्होंने पार्टी अध्यक्ष बनने के बजाय मुख्यमंत्री बने रहने को वरीयता दी है। दूसरी ओर एक युवा नेता हैं जो राज्य की लगाम थामने के लिए उतावले हैं और वे इस मामले में अपने 70 वर्षीय वृद्ध प्रतिद्वंद्वी जितना ही प्रतिबद्ध हैं। इसके कारण होने वाला टकराव पिछले कुछ सप्ताह तक ठंडा रहने के बाद गुरुवार को एक बार फिर उस समय भड़क गया जब गहलोत ने एक खबरिया चैनल को साक्षात्कार में 'गद्दार' टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी का समय महत्वपूर्ण था क्योंकि उस समय पायलट मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में भारत जोड़ो यात्रा में भाग ले रहे थे। 'गद्दार' टिप्पणी आने के समय राहुल गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ पायलट के फोटो भी सामने आए थे। गहलोत ने जोरदार तरीके से कहा था, 'एक गद्दार को मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता है। आलाकमान पायलट को मुख्यमंत्री नहीं बना सकता है।' इस प्रकार राजस्थान के मुख्यमंत्री लगभग कांग्रेस आलाकमान को भी चुनौती दे रहे थे अथवा वे एक प्रकार से उस चुनौती



को जारी रखना चाहते हैं जो कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के समय उनके सामने आई थी। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेतृत्व राज्य में गहलोत-पायलट टकराव का समाधान निकालने में पूरी तरह विफल रहा है, जबकि यह देश की सबसे पुरानी पार्टी के शासन वाला सबसे बड़ा राज्य है। गांधी परिवार भले ही स्वयं को कांग्रेस में अजेय व अधिकारी मानता हो, पर उसके किसी भी सदस्य ने ऐसी समस्याओं के समाधान की क्षमता या प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। राहुल गांधी जैसे किसी दूसरे युग में जी रहे हैं, उनकी पार्टी बिखर रही है और उनको इसकी चिन्ता नहीं है, जबकि वे 'भारत जोड़ो' की चिन्ता कर रहे हैं। कहने का यह अर्थ नहीं कि देश को जोड़ना कम महत्वपूर्ण काम है और शायद यह एक राजनीतिक पार्टी संचालित करने की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है। लेकिन यदि कोई किसी पार्टी का संचालक हो तो उसकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि पार्टी एकजुट, मजबूत तथा संघर्ष करने में सक्षम बनी रहे। हमें यह समझने की भूल नहीं करनी चाहिए कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देश की सबसे पुरानी पार्टी में सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। ऐसे समय जब गुजरात व इसके पहले हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार पूरे जोर पर रहा हो, राहुल अपनी इस 'यात्रा' में व्यस्त हैं। जब वे पैदल नहीं चल रहे होते हैं तो ऐसी बहसें भड़का देते हैं जिनको इतिहासकारों पर छोड़ना ही ज्यादा अच्छा होगा। इससे भी बुरी बात है कि सावरकर पर उनकी टिप्पणी ने कांग्रेस सहयोगी उद्धव शिवसेना को नाराज कर दिया था। उनके पास ऐसे पुराने मुद्दों के लिए समय और ऊर्जा है, पर राजस्थान के लिए नहीं। आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस के सर्वोच्च नेता राजस्थान पर एक समझौता कराने या उसे लागू कराने में अक्षम सिद्ध हुए हैं। उनकी यह अक्षमता असाधारण है।

# सिविल-सेना समन्वय जरूरी

**हमें 26-11 की चौदहवीं वार्षिकी पर सिविल-सेना समन्वय पर विचार करना चाहिए क्योंकि यह राष्ट्र के समक्ष मौजूद सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए जरूरी है।**



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।)



भयानकतम आतंकी घटना 26-11 के पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्रिय रूप से आतंकी विभीषिका के खिलाफ एक व्यापक व एकजुट विमर्श का प्रयास कर रहा है। देश को समझना चाहिए कि आतंकवाद तथा अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक नेटवर्कों के बीच परस्पर निर्भरता का संबंध है जिससे इन समूहों को अपनी गतिविधियों के लिए पैसा एकत्र करने में सहायता मिलती है। सामाजिक, मानवीय मुद्दों तथा मानवाधिकार मुद्दों से संबंधित समिति की तीसरी बैठक में 2019 में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के अनुसार आपराधिक समूहों की अवैध गतिविधियों में 'नकली मुद्रा, मनी लांड्रिंग, हथियारों का अवैध व्यापार, नशीली चीजों के व्यापार तथा सीमाओं के पार आतंकी भेजना' शामिल हैं। हाल ही में संरा. की आतंकवाद-विरोधी समिति की बैठक भारत की अध्यक्षता में मुंबई में हुई जिसमें पाकिस्तानी आतंकी समूहों की वित्तीय फंडिंग पर विचार किया गया। इसके बाद राजधानी में 'आतंक के लिए पैसा नहीं' पर सम्मेलन का आयोजन हुआ। ये दो आयोजन चीन द्वारा पाक-प्रायोजित आतंकियों को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने पर लगाए वीटो के बाद हुए। इसकी संभावना नहीं है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ 'निशाना लगाओ व खून बहाओ' राजनीति छोड़ देगा। पाकिस्तान नुकसान उठाने के लिए भी अत्यधिक प्रेरित व प्रतिबद्ध है, यदि यह भारत को 'रक्तरंजित करने' के लिए जरूरी हो। इसके साथ ही यह उम्मीद करना गलत व यथार्थ से परे होगा कि अमेरिका व चीन जैसी विश्व शक्तियां पाकिस्तान को वित्तीय रूप से इतना दबाने के लिए तैयार हैं कि वह पाकिस्तानी आतंकी समूहों को पूरी तरह समाप्त कर दे।

भू-राजनीतिक रूप से यदि भारत, पाकिस्तान व अमेरिका के त्रिआयामी दृष्टिकोण से देखा जाए तथा चीन, पाकिस्तान व भारत के बीच गत्यात्मकताओं को उससे अलग रखा जाए तो भी यह स्पष्ट है कि इस्लामाबाद एक 'कमजोर' पक्ष रहा है। लेकिन यदि उभरते भारत को रोकना हो तो वह वाशिंगटन या बीजिंग के पक्ष में संतुलन को उलट सकता है। इस प्रकार प्रत्येक शक्ति को अपना 'वर्चस्व' खोने की चिन्ता है और वह अपना 'प्रभाव क्षेत्र' बनाए रखने के लिए 'असमान शक्ति संतुलन' की रणनीति पर काम करते हुए परिणामस्वरूप भारत की प्रमुख-चिन्ताओं को किनारे कर देता है। यह स्थिति आने वाले वर्षों में जारी रहेगी। अत: एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' से बाहर करने व अमेरिका द्वारा एफ-16 पैकेज दिए जाने तथा चीन की उपरोक्त मामले में वीटो शक्ति प्रयोग करने से इस अवधारणा की पुष्टि होती है। विरोधियों के दुष्टतापूर्ण इरादों का मुकाबला करने के लिए विदेश नीति संतुलन के बारे में अनेक संस्तुतियां सामने आई हैं। लेकिन ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि पहले इन चुनौतियों से निपटने के लिए घरेलू स्तर पर क्या किया जाना चाहिए। यह सुस्थापित तथ्य है कि बाहरी और भीतरी सुरक्षा परस्पर जुड़ी हैं।

हालांकि, 26-11 के बाद शहरों पर आतंकी हमले लगभग नगण्य रहे हैं। यह बहु-एजेंसी समन्वय केन्द्रों-मैक व सहायक बहु-एजेंसी समन्वय केन्द्रों-स्मैक के गठन से संभव हुआ है। इसमें सक्रिय वैसेल मैनेजमेंट सिस्टम, तटीय सुरक्षा योजना, तटों पर सटीक एलेक्ट्रानिक निगरानी व्यवस्था, आदि ने अपना योगदान दिया है। लेकिन इसके बावजूद विभिन्न एजेंसियों के बीच परस्पर समन्वय मजबूत करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। आपरेशनल स्तर पर देखें तो सर्वोच्च स्तर पर एक निर्णय की जरूरत है ताकि मुद्दा आधारित देश के प्रयासों को ऊर्जान्वित व पुन: निर्देशित किया जाए। इनमें अवैध प्रवासी, तटीय सुरक्षा, नार्को-आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, आदि शामिल हैं। गृह मंत्रालय तथा भारतीय सशस्त्र सेनाओं व केन्द्रीय समन्वय एजेंसी के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय-एनएससीएस के बीच अंतर-एजेंसी सहयोग को बढ़ावा मिलना चाहिए। नौकरशाही, खुफिया व सुरक्षा बलों के बीच सक्रिय सहयोग बहुत जरूरी है।

यहां तक कि राज्य सेवा अधिकारियों को समुद्री क्षेत्र जागरूकता रणनीतियों पर अमल करने के साथ अंतर-एजेंसी समन्वय ढांचा तैयार करना चाहिए। स्वतंत्र रूप से काम करते हुए तीन एजेंसियां भारत की बाहरी और भीतरी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती हैं। खुफिया डेटा का समुचित साझा व संवाद, विमर्शों का विकास तथा ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से सिविल-सेना समन्वय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए जरूरी है। उदाहरणार्थ, सूचनाओं का साझा, वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था तथा अधिकार क्षेत्र के मामले जैसे सरल विषय, गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले मामलों व एनएससीएस के बीच कोई दुविधा नहीं होनी चाहिए। देश की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सुनियोजित समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। चूंकि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों का एक उद्देश्य भारत की सुरक्षा है, इसलिए उनमें संयुक्त विमर्श तैयार करने के एि ज्यादा सहमति जरूरी है। इसके लिए राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा समन्वित सहयोगी प्रयासों की जरूरत है। इनसे दृष्टिकोण का लाभदायक प्रबंधन तथा एजेंडा निर्धारण संभव हो सकता है। संक्षेप में कहा जाए तो यह विभिन्न एजेंसियों का विभिन्न स्तरों पर टीम वर्क है। भारत को अपनी संप्रभुता पर उल्लंघनों को उजागर कर विभिन्न वैश्विक मंचों पर जवाबी प्रतिक्रिया करते हुए भावी विकासक्रम में बाधा डालने से बचना चाहिए। इस दिशा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कदम भारत की समुद्री सुरक्षा में उल्लंघन के मामलों में वैज्ञानिक रूप से स्थापित आंकड़ों का प्रकाशन का व्यवहार जरूरी है। संबंधित सुरक्षा एजेंसियों द्वारा हिंद महासागर में चीनी व पाकिस्तानी युद्धपोतों व निगरानी पोतों की बढ़ती संख्या के आंकड़े सार्वजनिक किए जाने चाहिए।

अनेक समुद्री उल्लंघनों के बारे में डेटा का अभाव है। जब तक सुरक्षा विशेषज्ञ व विद्वान क्षेत्रीय व समुद्री सुरक्षा उल्लंघनों पर भारतीय आंकड़ों का संदर्भ नहीं देंगे तब तक राष्ट्रीय हितों की देखभाल नहीं हो सकती है। अब एक पूर्णत: सक्रिय सिविल-सेना फ्यूज़न से बचा नहीं जा सकता है। हालांकि, सरकार ने इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाए हैं, पर इनको और गति देने की आवश्यकता है। पहला, राष्ट्रीय ढांचागत संरचना की निजी सुरक्षा में लगे निजी सुरक्षा कर्मियों पर आमतौर से विरोधियों का पहला हमला होता है। उनको अत्यधिक विशिष्ट सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तकनीकी व शारीरिक प्रशिक्षण दिलाना सबसे जरूरी है। दूसरा, जमीनी स्तर पर भी सिविल-सेना फ्यूज़न की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय ढांचागत संरचनाओं में सीसीटीवी कैमरों की नियमित रिकार्डिंग व रिपोर्टिंग से अनेक लोगों की संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लग सकती है जो 'कमजोर बिंदुओं' की तलाश करने वहां बार-बार जाते हैं। यह रिपोर्टिंग बिना सक्रिय सिविल-सेना फ्यूज़न के संभव नहीं है। बायलोजी-संचालित एआई निगरानी व्यवस्थाओं, रोबोटिक्स, सेटेलाइट ट्रैकिंग तथा संवेदनशील तकनीकी उपकरणों से मल्टिपल टार्गेट ट्रैकिंग जरूरी हो गई है।

इस दृष्टिकोण से विभिन्न शक्तियों के संकुचित उद्देश्यों को देखते हुए हर बार सहयोगियों से हमरी तकनीकों के उच्चीकरण की उम्मीद करना हमारे लिए हानिकारक हो सकता है। निगरानी व्यवस्थाओं का निरंतर उच्चीकरण रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अंतर्गत किया जाना चाहिए। डीआरडीओ व अन्य एजेंसियों के तकनीक विकास फंड को मजबूत करने में विभिन्न सार्वजनिक व निजी संस्थाओं का सहयोग लिया जाना चाहिए। दुनिया के विभिन्न भागों को जोड़ने वाले हाइपर-सोशल मीडिया की चुनौती भी एजेंडा निर्धारित करने के मामले में महत्वपूर्ण होनी चाहिए। सरकारी एजेंसियों द्वारा विमर्श तैयार करते ही राष्ट्र-विरोधी तत्व उनको विखंडित करने में लग जाते हैं। 'वार्ता व आतंक एकसाथ नहीं चल सकते हैं' की गतिशीलता को धीमा नहीं पड़ने देना चाहिए। इसके बजाय इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के माध्यम से उच्च स्तर पर ले जाने की जरूरत है।

26-11 को विरोधियों के दु:साहस व अन्य आतंकी हमलों तथा उनके खिलाफ देश की जवाबी प्रतिक्रिया को राष्ट्रीय पाठ्यक्रम में स्थान मिलना चाहिए। इससे बहुत शुरुआती चरण पर ही सिविल-सेना फ्यूज़न सुनिश्चित होगा। संक्षेप में, घरेलू स्तर पर 'एकरूपता व एकता' लाना ऐसे समय बहुत जरूरी है जब क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनिश्चिततायें व्याप्त हैं। इनसे निपटने के लिए एकजुट भारत जरूरी है।

# प्रशासन पर वास्तविक नियंत्रण का उदाहरण

**हसन खुर्शीद**
(लेखक, विधि पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



स्वविवेक जब प्रशासनिक शब्द के संदर्भ में हो, तो उसे तर्क और न्याय के नियमों के संदर्भ में शुरू किया जाना चाहिए, न कि व्यक्तिगत सनक और कल्पनाओं के अनुसार। दिल्ली सरकार 16 अक्टूबर, 2020 से शुरू होने वाले पिछले दो वर्षों से 'रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ' नामक फ्लॉप शो आयोजित करने में लिप्त है, जिसे प्रदूषण नियंत्रण के बहाने 18 अक्टूबर, 2021 से दोहराया गया था, जबकि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद के जरीवाल की छिपी मंशा दिल्ली की सड़कों के हर इंच पर अपनी तस्वीरों को प्रदर्शित करने की अंतहीन इच्छा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व पंथ को पेश करने के अपने बुत को संतुष्ट करने के लिए प्रकट हुई। इस बेकार की कवायद के पीछे के जरीवाल का एक और छिपा मकसद हो सकता है उनकी वोट बैंक की राजनीति। अगर हम मान लें कि 2500 स्वयंसेवकों में से प्रत्येक के पास पांच लोगों का परिवार है, तो साधारण गणना के साथ, के जरीवाल को सीधे 12500 मतदाताओं की सहानुभूति मिल जाती है। नासमझ अभियान की प्रकृति यह है कि दिल्ली सरकार साल में लगभग एक महीने के लिए दिल्ली के 100 चौराहे पर लगभग 2500 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को नियुक्त करती है और के जरीवाल की तस्वीर को प्रदर्शित करने वाले एक छोटे से नारे, रेड लाइट ऑन, गाडी ऑफ के साथ तख्तियां लिए हुए है।

इस साल, एलजी दिल्ली ने अपने विवेक से बेकार अभियान की फाइल वापस कर दी और सीएम को प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की सलाह देते हुए कहा कि यह अत्यधिक प्रदूषित ट्रैफिक जंक्शनों पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को रखने के लिए अमानवीय और शोषक था, जिसमें कोई समानांतर नहीं है, किसी भी अन्य सभ्य महानगरीय शहर में। एलजी ने वायु प्रदूषण को कम करने में इस तरह के तदर्थ उपाय की प्रभावशीलता और प्रभावशीलता पर भी सवाल उठाया क्योंकि राजधानी उच्च वायु प्रदूषण के तहत रील करती है। एलजी सभी उम्र के स्वयंसेवकों की दुर्दशा पर बहस करके सही हैं, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें लगातार आठ घंटे तक पूरी तरह से असहज स्थिति में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्हें अपने मानवाधिकारों की अवहेलना करते हुए पानी, चाय या प्राकृतिक कॉल



के लिए पद छोड़ने की अनुमति नहीं है। एक और नादानी भरे और दोषपूर्ण देशभक्ति अभियान में, दिल्ली सरकार ने पिछले साल रुपये खर्च किए थे। शहर में 500 स्थानों पर 35 मीटर ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज लगाने पर 104.37 करोड़ रुपये। दिल्ली सरकार भी टीवी विज्ञापनों की एक श्रृंखला के साथ सामने आई थी जिसमें दावा किया गया था कि उसने दिल्ली में शासन में सुधार किया है। इस विज्ञापन को आप के पूर्व सदस्य और स्वराज अभियान के नेता प्रशांत भूषण सहित विभिन्न वर्गों से आलोचना मिली थी और इसे राजनीतिक भ्रष्टाचार का उदाहरण बताया था। संगठन ने एक बयान में कहा था, समस्या का मूल यह है कि यह टीवी विज्ञापन बेशर्मी से अरविंद के जरीवाल के लिए एक व्यक्तित्व पंथ बनाने के लिए सार्वजनिक धन का दुरुपयोग करता है। यह आप नेता की प्रशंसा करता है और उन्हें प्रोजेक्ट करने की कोशिश करता है। एक मसीहा के रूप में।

कल्पना कीजिए, इतनी भारी रकम भूख से मर रहे नागरिकों को रोटी मुहैया कराने और फुटपाथ पर रहने वाले बेघरों जैसे सरीसृपों और आवारा गली के जानवरों को आश्रय देने में खर्च की जा सकती थी। के जरीवाल ने अपने व्यक्तित्व पंथ के प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च किए हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत एक आरटीआई कार्यकर्ता अमित गुप्ता के एक प्रश्न के जवाब में, दिल्ली सरकार ने सितंबर, 2021 में कथित तौर पर खुलासा किया था कि उसने 2015 से शुरू होने वाले पिछले सात वर्षों में प्रदूषण के खिलाफ अभियानों के प्रचार पर 940 करोड़ से अधिक खर्च किए हैं। .के जरीवाल ने कोई भी अखबार, बस, बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन बिना अपनी तस्वीर दिखाए नहीं छोड़ा है। हालांकि, वह करदाताओं के पैसे की कीमत पर इस फिजूलखर्ची से संतुष्ट नहीं थे और इस तरह उन्होंने अपने स्वयं के प्रचार के लिए गाड़ी ऑफ के नए मूर्खतापूर्ण विचार का आविष्कार किया, जिसमें शामिल लागत की परवाह किए बिना। वास्तव में, पिछले दो वर्षों के दौरान कोई वांछनीय परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रहे थे।

यह एक अच्छा विचार है कि लाल बत्ती पर, ड्राइवर अपने इंजन बंद कर देते हैं लेकिन तर्कसंगतता के सिद्धांत से 2500 स्वयंसेवकों को तैनात करने की क्या आवश्यकता है। इस संदेश को बड़े आकार में दर्शाने वाले तख्तों को ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस या प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सलाह के रूप में लगाया जा सकता है, बजाय इसके कि फोटो-खुश सीएम को प्रोजेक्ट और बढ़ावा दिया जाए। क्या मुख्यमंत्री एलजी की तस्वीर को तख्तियों पर लगाने के लिए सहमत होंगे या फिर वह बिना किसी की तस्वीर के तख्तियों को प्रदर्शित करने का विकल्प चुन सकते हैं? इसके अलावा, इन स्वयंसेवकों को मार्शल कहा जाता है जो भारतीय वायु सेना में एयर मार्शल और फील्ड मार्शल की तरह भारतीय वायु सेना में एक अत्यधिक प्रतिष्ठित और प्रतिष्ठित रैंक है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक पुलिस को वर्दी की तरह पहनते हैं जो गैरकानूनी होने के अलावा उन भोले-भाले नागरिकों को गुमराह करता है जो उन्हें पुलिस मान लेते हैं। पुलिस आयुक्त, दिल्ली ने अपने परिपत्र सं. 59/सीटी/एसी-2/2003 ने पुलिस और सशस्त्र बलों की वर्दी पहनने और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। यह सर्कुलर दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 37 के तहत एलजी, दिल्ली के निर्देश पर जारी किया गया था। मई, 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सत्तारूढ़ दल सरकार द्वारा वित्त पोषित विज्ञापनों में राजनीतिक नेताओं की तस्वीरें प्रकाशित नहीं कर सकते हैं। हालांकि जून 2015 में आईटीओ के पास एक बड़े होर्डिंग में के जरीवाल की फोटो दिखाने वाला एक विज्ञापन लगाया गया था, जिसमें के जरीवाल सुप्रीम कोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए दिल्ली के छात्रों को बधाई दे रहे हैं। करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग करने की प्रथा राजनेताओं द्वारा बेशर्मी से की जा रही है।

## आप की बात

### लव जेहाद की समस्या

**देश** मे लव जेहाद की दिल दहलाने वाली घटनाएं वर्षो से हो रही है। लेकिन हमारे समाज मे जब महिलाओं में साक्षरता दर बढ़ रही है। लड़कियां पढ़ रही है। लेकिन वे इन लव जेहाद के दुखद अंत की ओर ध्यान नही देती। मातपिता को बिना बताए अपरिचित धोखेबाजों की मीठी बातों में फंस कर अपना जीवन नर्क ही नही बर्बर हत्याओं के शिकार हो जाती है । दिल्ली में एक लड़की की बर्बर तरीके से टुकड़े टुकड़े करके हत्या की घटना ने सारे देश को झकझोर दिया है। सहमति से सम्बंध बनाने के बाद दुखद अंत लड़कियों का हो रहा है। लोग नाम बदल कर लड़कियों को प्रेमजाल में फंसा कर उन्हें बाद में अपना धर्म बताकर उन्हें मतांतर करने के लिये बाध्य करते है। बात न मानने पर शारीरिक यातनाओं के साथ उनकी बर्बर तरीके से हत्याएं की जा रही है। भारत में केरल से शुरू लव जिहाद आज सारे देश मे समस्या बनकर देश की छवि को खराब कर रहा है। उप्र सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये उप्र अवैध धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम लागू किया था। अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करना चाहिए। लव जेहाद की समस्या से समाज और सरकार को मिलकर निपटना होगा।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### निष्पक्ष चुनाव आयोग

**देश** की सर्वोच्च अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त के नियुक्ति पर सवालिया निशान खड़े किए हैं तो वहीं केंद्र सरकार ने भी कहा कि अदालत पूरी प्रक्रिया देखने से पहले टिप्पणी न करे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के समक्ष चार नामों को पेश किया गया था, लेकिन 24 घण्टे के अंदर ही गोयल के नाम पर मुहर लगा दी गयी। सर्वोच्च न्यायालय ने इसी सन्दर्भ में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव आयुक्त की उम्मीदवारी या काबिलियत पर प्रश्नचिन्ह नहीं खड़ा कर रही, बल्कि नियुक्ति की प्रक्रिया पर सवाल किया गया है। ऐसे में केंद्र और कोर्ट के बीच तनातनी का माहौल है। उम्मीद करनी चाहिए कि इस प्रकरण से चुनाव आयोग को और मजबूती मिलेगी तथा देश की लोकतांत्रिक व चुनाव व्यवस्था पर जनता का विश्वास और मजबूत होगा। चुनाव सुधार व निष्पक्ष चुनाव कराने में चुनाव आयोग की भूमिका, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया, आदि पर निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से विचार-विमर्श जरूरी है। यह अपनी आजारी का अमृत महोत्सव मनाने के समय और जरूरी है।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली


### कांग्रेस की गुटबाजी

**राजस्थान** के सीएम अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच तल्खी एक बार फिर सामने आ गई है। पायलट के खिलाफ गहलोत का हालिया आक्रामक बयान इस बात का सबूत है । ऐन राजीव गांधी की राजस्थान यात्रा शुरू होने के ठीक पहले राजस्थान की गुटबाजी उभरकर फिर सामने आ गई है। अगले वर्ष राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और अब तक की गहलोत और पायलट की गतिविधियों पर कांग्रेस हाईकमान के प्रयासों के असफल होने से जाहिर है कि इन दोनों के झगड़े राजस्थान में कांग्रेस की लुटिया डुबो कर रहेंगे हर सीट पर गुटबाजी कांग्रेस के वोटों को आपस में काटेगी, वहीं भाजपा इनके अंतर कलह का भरपूर फायदा उठाने का प्रयास करेगी। लेकिन यदि सीएम के चेहरे के रूप में वहां की बीजेपी भी वसुंधरा के नाम पर सहमत नहीं होती है तो भाजपा में भी टकराव हो सकता है। वर्तमान घटनाओं से लगता है कि राजस्थान का चुनावी महाभारत बहुत मजेदार होने वाला है। वैसे परंपरा के अनुसार इस बार भाजपा के सत्ता में आने की बारी है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**पश्चिम** द्वारा रूसी तेल पर मूल्य सीमा लगाने के प्रयास व्यापार संबंधों के विरोध में हैं।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**रूसी** तेल पर मूल्य सीमा आरोपित करने के बारे में अमेरिका व उसके सहयोगियों के बीच विचार-विमर्श जारी है।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति



**गर्व** के साथ अपना इतिहास पुन: लिखने से हमें कौन रोक सकता है?

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

# नई उर्जा के कारण 500 वर्षों की समस्या का हुआ समाधानः योगी

**● मुख्यमंत्री ने 41 वें रामायण मेले का किया उद्घाटन, अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास भी रहे मौजूद**

**●दर्शक दीर्घा में बैठे कांग्रेस के पूर्व सांसद निर्मल खत्री से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**



मध्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाय महंत नृत्य गोपाल दास जगतगुरु राम दिनेशाचार्य दाहिने महंत कमल नयन दास महंत जन्मेजय शरण

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम और माता जानकी के विवाहोत्सव पर श्री राम नगरी में आयोजित होने वाले 41वें में रामायण मेले के राम दरबार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा 40 वर्षों से भगवान श्री राम के विवाह उत्सव पर आयोजित होने वाला चार दिवसीय मेला भगवान श्री राम की जीवन चरित्र से नई ऊर्जा का संचार करता है और इसी नई उर्जा के कारण 500 वर्षों की समस्या का समाधान हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि के कारण अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और इसके साथ साथ दीपोत्सव जैसे भव्य कार्यक्रम नई अयोध्या के बारे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान आकृष्ट कर रही है। प्रधानमंत्री ने दीपोत्सव में पहुंचकर अयोध्या को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का कार्य किया है और एयर रेल और रोड की त्रिकोणीय कनेक्टिविटी अयोध्या को नई पहचान दिलाने का कार्य करेगी और वैश्विक स्तर पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करेगी।

हमारी परंपरा प्राचीनता का संवाहक है फिर भी हम संकोच करते हैं खुले मन से अपनी परंपरा और विरासत को संतो के साथ मिलकर आगे बढ़ाना होगा। अयोध्या में 30 करोड़ की परियोजना वर्तमान समय में चल रही हैं केंद्र और राज्य सरकार पैसा दे सकती है लेकिन हमारी भी कुछ जिम्मेदारियां बनती हैं कि वह पैसा कहां खर्च हो रहा है कैसे खर्च हो रहा है और जो कार्य हुआ है उसका संरक्षण कैसे हो यह हम अयोध्या के लोगों की जिम्मेदारी है कि हम अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा करें और हुए हुए कार्यों का संरक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम किस पहचान वैश्विक स्तर पर है और इसका भव्य रूप आप सबको दी पोस्टों में देखने को मिलता होगा जब श्रीलंका भूटान इंडोनेशिया रूस नेपाल सहित अन्य देशों की रामलीला अयोध्या में होती है। एयर रेल और रोड के साथ जलमार्ग का भी अयोध्या में विकास किया जाएगा क्योंकि जब अयोध्या की राजकुमारी कोरिया जल मार्ग से गई थी तो निश्चित ही अयोध्या का जलमार्ग काफी समृद्ध रहा होगा। रामायण मेले के आयोजन पर कहा किस को बेहद बनाना होगा इसके पीछे आड़े नहीं आएगा जितने धन की आवश्यकता होगी इतना धन उपलब्ध कराया जाएगा लेकिन इसमें वैश्विक परिस्थितियों को भी शामिल करना होगा। रामायण मेला की अध्यक्षता करते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। मणिराम दास स्वामी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। समिति के महासचिव वीएन अरोरा संयोजक आशीष मिश्र और संचालन कर रहे कमलेश सिंह नागा राम लखन दास ने मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने तुलसी दल पत्रिका का विमोचन भी किया जिसका संपादन डॉ जनार्दन उपाध्याय करते हैं। मुख्यमंत्री जी ने दर्शक दीर्घा में बैठे कांग्रेस के पूर्व सांसद निर्मल खत्री से जाकर मिले।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर डीएम ने मतदेय स्थलों का किया भ्रमण

**संवाददाता।** अंबेडकर नगर

**26 नवंबर 2022।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा पुनरीक्षण हेतु चतुर्थ विशेष अभियान दिवस को जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कटेहरी के अंतर्गत मतदेय स्थलों मॉडल इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल रोहन पारा भीटी तथा प्राथमिक विद्यालय पांडे पकौली भीटी का भ्रमण किया गया।

डीएम महोदय द्वारा बीएलओ से फॉर्म 6, 7, 8 के बारे में पूछताछ किया गया तथा आज कितने आवेदन आए उसके बारे में जानकारी ली गई। सभी बीएलओ के पास फॉर्म 6, 7 तथा 8 उपलब्ध पाया गया।महोदय द्वारा गरुड़ा एप के बारे में भी जानकारी लिया गया।

साथ ही साथ प्राथमिक विद्यालय रोहनपारा तथा प्राथमिक विद्यालय पांडे पकौली भीटी का निरीक्षण भी किया गया। प्राथमिक विद्यालय रोहन पारा में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं पाई गई जिस पर डीएम ने प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल सफाई कर्मी लगाकर इसे साफ कराया जाए। स्कूल में निपुण लक्ष्य का बोर्ड नहीं लगा था जिसे तत्काल लगाने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत डीएम द्वारा शिक्षण कक्षाओं का जायजा लिया गया और जिलाधिकारी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर तथा बच्चो का पठन.पाठन के संबंध में पूछताछ की गई स्थिति ठीक पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने बच्चों से अंग्रेजी और मैथ का कॉपी देखा जिसमें अध्यापक द्वारा दिनांक अपडेट नहीं पाया गया। डीएम ने प्रधानाध्यापक को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिदिन बच्चों की कॉपी पर दिनांक अपडेट कराया जाए। स्कूल के बच्चों से जिलाधिकारी महोदय ने ब्लैक बोर्ड पर सवाल देकर हल कराया। साथ.साथ बच्चों से नए वित्तीय वर्ष का किताब के बारे में पूछताछ किया गया। कुछ बच्चों को पुरानी किताबेंए कुछ को नई किताबें मिली थी। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि सभी बच्चों को नई किताब जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। प्राथमिक विद्यालय पांडे पकौली भीटी में बच्चों को उपलब्ध कराया गया गणित किट के बारे में भी पूछताछ किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी भीटी सुनील कुमार तथा नायब तहसीलदार मौके पर उपस्थित।

# 150 गरीब कन्याओं का हाथ पीला करायेगा समाज कल्याण विभाग

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग 150 गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैए 4 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। गरीब परिवार की बेटियों के हाथ पीले कराने के लिए सरकार समाज कल्याण विभाग के जरिए सामूहिक विवाह योजना का संचालन कर रही है। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में अमानीगंज व मिल्कीपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों से 150 बेटियों का विवाह कराने का लक्ष्य मिला है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का यह कार्यक्रम अमानीगंज ब्लाक मुख्यालय पर किया जाएगाए इस सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर समाज कल्याण विभाग तैयारियों में जुटा है।

सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार प्रति लाभार्थी 51000 हजार रुपए खर्च करती है इनमें से 35000 रुपए लड़की के खाते में जमा किए जाते हैं। 10ए000 रुपए का बर्तन व जेवर समेत अन्य सामान दिया जाता है और 6000 हजार रूपए विवाह के आयोजन और भोजन पर खर्च किए जाते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी अयोध्या आर पी सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह 4 दिसंबर को ब्लॉक मुख्यालय अमानीगंज पर आयोजित किया जाएगा सभी गरीब लाभार्थी परिवारों का आवेदन अभी भी लिया जा रहा है मिल्कीपुर ब्लॉक से 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा अमानीगंज ब्लॉक क्षेत्र से भी 75 आवेदन प्राप्त हुए हैं कुल 150 आवेदन मिले हैं। अभी भी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले लाभार्थियों का आवेदन लिया जा रहा है। इस योजना से वंचित हो रहे हो तो तत्काल अपने ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी एवं समाज कल्याण अधिकारी से मिलकर अपना आवेदन शामिल करा सकते है।

# भारतीय भाषाओं में न्याय दिया जायः न्यायमूर्ति सुनील

**● 46 सिंधी भाषी विधि स्नातक हुए सम्मानित**

**● जन गण मन के जरिए सिंधी जन जन में मौजूद हैं: कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल**




**अयोध्या।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद्, दिल्ली द्वारा वित्त पोषित डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या में संचालित अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रहे न्यायमूर्ति सुनील अंबवानी और अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने संयुक्त रूप से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 46 सिंधी विधि स्नातकों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर समारोह पूर्वक सम्मानित किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति सुनील अंबवानी ने कहा कि न्याय भारतीय भाषाओं में मिलना चाहिए क्योंकि भारत की आत्मा भारतीय भाषाओं में बसती है। ऐसा होने से वादी को न्याय की व्याख्या समझने के लिए अतिरिक्त खर्च भी नहीं करना पड़ेगा।

कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने नयी शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि किसी समुदाय की भाषा खत्म होती है तो उस समुदाय की पहचान ही खत्म हो जाती है। उन्होंने सिंधी समुदाय के जड़ों से उखड़ने की पीड़ा को यह कहकर सहलाया कि जब तक राष्ट्रगान गाया जाता रहेगा भारत में सिंधी भाषा और सिंधियों का वजूद बना रहेगा। सिंधी अध्ययन केंद्र के सलाहकार ज्ञाप्रटे सरल ने संचालन और मानद निदेशक प्रो. आरके सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कुलसचिव उमानाथ, सहायक कुलसचिव डॉ. रीमा श्रीवास्तव, सहील अहमद, डीएसडब्लू नीलम पाठक आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हॉस्पिटल में बेहोशी की हालत का उठाया फायदा

**प्रयागराज।** आज के वृंदावन पर आधारित एक परिपक्व रोमांस की कहानी है। ज़ी टीवी का पॉपुलर फिक्शन शो प्यार का पहला नाम राधा मोहन है। इसमें मोहन शबीर अहलुवालिया की कहानी है। जो कभी एक खुशमिजाज और दिलकश नौजवान था। जिस पर लड़कियां मोहित हुआ करती थीं। हालांकि आज मोहन की वो मुस्कान कहीं गुम हो गई है और अब वो एक गंभीर और चिड़चिड़ा इंसान बन गया है। दूसरी ओर राधा निहारिका रॉय एक धार्मिक और आशावादी लड़की है। जो मोहन के चेहरे पर एक बार फिर वही मुस्कान वापस लाना चाहती है। जहां दर्शकों को हमारे प्यारे राधा और मोहन की केमिस्ट्री बहुत पसंद आ रही है। वहीं अब आने वाले एपिसोड में दर्शकों को एक्शन से भरपूर ड्रामा देखने को मिलेगा। जिसे देखकर सब हैरान रह जाएंगे। आगे क्या होगा जानने के लिए देखिए प्यार का पहला नाम राधा मोहन हर सोमवार से रविवार रात आठ बजे सिर्फ ज़ी टीवी पर आएगा।

# समाधान दिवस पर अहिरौली थाने मे डीएम और एसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद



**अंबेडकर नगर।** जनसमस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्गत शासनादेश के क्रम में कोविड.19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए थाना समाधान दिवस का आयोजन सभी थानों में किया गया। थाना अहिरौली में थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन तथा पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया। थाना अहिरौली में थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कुल 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, उप जिलाधिकारी भीटी सुनील कुमार, नायब तहसीलदार भीटी, थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, कानूनगो, लेखपाल तथा थाना के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन कलाश यात्रा निकाली गई



**हैदरगंज।** हैदरगंज बाजार में श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन मिलो तक कलाश यात्रा निकाली गई । महिलाओं और बालिकाओं ने कलश यात्रा के दौरान पीत वस्त्र धारण कर सर पर पगड़ी बांधकर हाथों में पताका लिए नजर आई। डमरू बजाते भक्त और झांकियों के साथ डीजे पर श्रद्धालु थिरकते हुए माहौल को भक्तिमय बनाते रहे। हैदरगंज थाना क्षेत्र के हैदरगंज कस्बे में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भव्य रूप में 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के व्यास गद्दी पर विश्व विख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता कथा वाचिका जया किशोरी अपने वचनों से अमृत वर्षा करेगी। आयोजनकर्ता व जजमान के रूप में पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कमला देवी और अग्रहरि समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सियाराम अग्रहरि द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसके प्रथम दिन रविवार की दोपहर बाद भव्य और विशाल कलश यात्रा निकाला गया। लगभग 6 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हुए।

कलश यात्रा का नेतृत्व जिला पंचायत सदस्य उदित सर्राफ ने किया। कस्बे सहित आगंतुक बालिकाओं ने सर पर पगड़ी बांध और पीतांबर वस्त्र धारण कर हजारों की संख्या में पताका हाथों में लेकर जय कारे लगाते हुए लंबी कतार में चलती रही। मंत्रों का उच्चारण करती बालिका एवं महिलाएं सर पर कलश रखकर शामिल रहीं। भव्य तौर पर निकली इस कलश यात्रा में बनारस से बड़े.बड़े डमरु वादकों का नृत्य और लंबी कतार के बीच बीच में राधा कृष्णए शंकर पार्वती, राम सीता सहित दर्जनों झांकियां राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों को लुभाती रही। डीजे सहित अन्य वाद्ययंत्रों से निकलने वाली भक्ति धुन पूरे क्षेत्र के वातावरण को भक्तिमय बनाता रहा। रथों पर सवार पुरोहित पंडित देव कुमार शास्त्री पूरी कलश यात्रा की शोभा बढ़ाते नजर आए। हैदर गंज थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक विजय बहादुर पांडेयए उपनिरीक्षक राजकुमार यादव सहित दर्जनों पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैदी से लगे रहे।

# सबसे सरल और सहज है सनातन धर्मः कल्याणीनंद गिरी

**● श्रीतक्षक तीर्थ में चल रही भागवत कथा की हुई पूर्णाहुति**



श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुईं महामंडेश्वर।

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा प्रयागराज की महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि जी महाराज ने कहा कि हमारा सनातन धर्म सबसे सरल और सहज है। इससे जहां भगवत भक्ति की प्राप्ति सबसे सरल मार्गों से होती है वहीं मोक्ष की प्राप्ति भी सबसे सरल मार्ग सत्संग कथा प्रवचन और भगवान की साधना से होता है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि महराज ने श्रीतक्षक तीर्थ दरियाबाद में चल रही श्रीमद्भभागवत कथा के समापन पर शामिल हुईं। आज संत महात्मा और अखाड़े ही सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे हैं। यह धर्म आदि और अनादिकाल से सतत चलता आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान बहुत सारे उतार चढ़ाव सनातन धर्म ने देखा है। लेकिन वह अपने आप में स्थिरता और गंभीरता से चलता रहा है। भगवान विष्णु और भगवान शिव पृथ्वी से अंधकार अराजकता और पाप को खत्म करने और लोगों को पाप से मुक्ति दिलाने के लिए कई बार राक्षसों का वध किया और विविध स्वरूपों में अवतार लिया। इसके पूर्व किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि महंत वैष्णवीनंद गिरि और महंत राधिका के तक्षकतीर्थ मंदिर पहुंचने पर मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी रविशंकर महाराज ने भव्य स्वागत किया। महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि ने भागवत कथा की पूर्णाहुति पर भागवत भगवान की आरती उतारी। भागवताचार्य सुदर्शन जी महाराज के श्री मुख से भागवत कथा का रसपान भी किया। किन्नर महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम लोग सनातन धर्म को और मजबूती प्रदान करें जिससे कि यह लोगों में और जन जन तक पहुंचे। आज जो भी हमले हो रहे हैं। वह सनातन धर्म को लक्ष्य करके किए जा रहे हैं लेकिन सनातन धर्म अनादिकाल से चलता आ रहा है इसे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है बल्कि सनातन धर्म को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले लोग खुद आपस में उलझे हुए हैं और वह आगे बढ नहीं पा रहे हैं।महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणी नंद गिरि ने बताया कि तक्षकतीर्थ सनातन धर्म के प्रसिद्ध तीर्थ और पीठ में से है। यहां के दर्शन पूजन करने से कालसर्प योग से मुक्ति मिलती है और लोगों का कल्याण होता है।

# आवासीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट बैंच का समापन



**अंबेडकर नगर।** बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.सेटी) अम्बेडकरनगर में आवासीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट बैंच का शनिवार को समापन हुआ। यहां 34 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त स्वतः रोजगार आर.बी. यादव व निदेशक आरसेटी अजय कुमार वर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं को सहभागिता का प्रमाण.पत्र वितरित किया गया। मुख्यालय स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान पर प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओ को ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट से संबन्धित विस्तृत जानकारी दिया गया। उपायुक्त स्वतरू रोज़गार आर.बी. यादव ने सभी प्रशिक्षुओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाये दी। संस्थान निदेशक अजय कुमार वर्मा ने स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस प्रशिक्षण के दौरान, बैंक ऑफ बड़ौदा के उप.क्षेत्रीय प्रबन्धक व एलडीएम संबन्धित जानकारी दिया। प्रतिभागियों को ऋण सुविधा व ऋण प्राप्त करने की तरीके भी बताये। कार्यक्रम के दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# केजी के बच्चों ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव




कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**प्रयागराज।** पतंजलि नर्सरी स्कूल के सभागार में केजी के बच्चों ने अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। दो भागों में अपने निराले अंदाज में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विभा श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि डा रूपा शंकर चाइल्ड डेवलपमेंट काउंसलर तथा रवीन्द्र गुप्ता ने मुख्य अतिथि राहुल श्रीपथ सीनियर एडवोकेट हाई कोर्ट का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम नृत्य कहानी जुम्बा और राधा कृष्ण नृत्य का एक मिश्रण था। कार्यक्रम का आरम्भ स्वागत गान के साथ हुआ। इसके बाद यूनिकॉर्न डांस का आयोजन किया गया। जिसने श्वेत अश्व को दर्शाते हुए दर्शकों को सपनों की जादुई दुनिया में ले जाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। अनेकता में एकता की कहानी के तहत बच्चों ने भारतवर्ष की विविधताओं के बीच बहती एकता की अखण्ड धारा को दर्शाते हुए देश प्रेम प्रदर्शित किया। जुम्बा के द्वारा बच्चों ने मस्ती भरे अंदाज मे नृत्य करते हुए शरीर को स्वस्थ और फुर्तीला रखने की प्रेरणा दी। राधाकृष्ण नृत्य के तहत नन्हे कलाकारों ने अत्यन्त मनोरम एवं जीवन्त नृत्य प्रस्तुत किया। जिसने लोगों को इतना प्रभावित किया कि वह बहुत देर तक तालियां बजाते रहे। विद्यालय की अध्यक्ष डा कृष्णा गुप्ता ने छात्र छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ की सराहना की। शिक्षा के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये इस तरह की गतिविधियों के महत्व को उजागर किया। मुख्य अतिथि रूपा शंकर ने नन्हें बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अभिभावकों से सकरात्मक परवरिश के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किये। मुख्य अतिथि राहुल श्रीपथ ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये तथा पतंजलि विद्यालय के द्वारा बच्चों को मूल्यों की शिक्षा देने के लिये प्रबन्धन एवं शिक्षकों की भरपूर प्रशंसा की। विद्यालय निदेशक यशोवर्धन गुप्ता एवं निदेशिका रेखा वैद ने पूर्ण सहयोग देने के लिये अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापिका विभा श्रीवास्तव एवं अध्यापिका ऋचा यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# नेहरू ग्राम भारती कॉलेज में विधि छात्रों को संविधान की दी जानकारी

**● संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय में संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन**



शपथ लेते विधि परामर्शी।

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ और जनपद न्यायाधीश संतोष राय के निर्देश पर संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद के तत्वावधान में जनपद न्यायालय इलाहाबाद में संविधान के प्रस्तावना के वाचन का आयोजन किया गया। संविधान के प्रस्तावना का वाचन संतोष राय जनपद न्यायाधीश द्वारा कराया गया। संविधान के प्रस्तावना के वाचन में अनिरुद्ध कुमार तिवारी एडीजे वन रत्नेश कुमार श्रीवास्तव स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट विकास श्रीवास्तव स्पेशल जज ईसी एक्ट मनीष निगम एडीजे 21 हरेंद्र नाथ सीजेएम मानस अपर सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी 16 और अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर संविधान दिवस के अवसर पर नेहरू ग्राम भारती विधि कॉलेज में शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ लकी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कॉलेज के सभी विधि छात्रों को संविधान के महत्व व उनकी अहम भूमिकाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसका विषय भारत लोकतंत्र की जननी है। जिसमें विधि विभाग के कई छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में कॉलेज के डीन स्वप्निल त्रिपाठी विधि विभागाध्यक्ष डॉ दिलीप कुमार पैनल अधिवक्ता देवेश शुक्ला प्राविधिक स्वयंसेवक सत्यम रावत शिवांश पांडे व शिशिर कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे। डॉ गणेश प्रसाद विधि महाविद्यालय ने भी संविधान दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधि विद्यालय के निर्देशक आशुतोष तिवारी व अखिलेश तिवारी उपस्थित रहे। यह जानकारी डॉक्टर लकी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद ने दी।

# शिक्षक के साथ पुलिस अभद्रता का मामला पकड़ने लगा तूल !

संवाददाता। सीतापुर

- शिक्षक/पत्रकार अरूण मिश्र के साथ पुलिस अभद्रता को लेकर बढ़ता जा रहा आक्रोश
- पुलिस को सद्धबुद्धि देने के लिए अवध प्रेस क्लब निकालेगा शांति मार्च
- शिक्षक और छात्र भी पुलिस के दुर्यव्यवहार के विरोध में उतर सकते है सड़क पर पुलिस का ट्वीट जले में नमक छिड़कने का कर रहा काम

**सीतापुर के** खैराबाद कस्बे में शिक्षक और पत्रकार अरूण मिश्र के साथ पुलिस की अभद्रता का मामला तूल पकड़ने लगा है। मामला 22 नवंबर का है। पुलिस अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने और पुलिस अधिकारियों द्वारा मनगढंत बयान ट्वीटर पर दिए जाने के बाद शिक्षकों, पत्रकारों और छात्रों में आक्रोश पनपने लगा है। बताया जाता है कि 22 नवंबर को अपने मासूम बेटे को स्कूल से शिक्षक और पत्रकार अरूण मिश्र कार से घर ला रहे थे, एआरटीओ कार्यालय के पास गाय आने के बाद कार अनियंत्रित हो गई, दो साइकिल सवार चपेट में आकर गिर गए, जिनका हालचाल लेने के लिए अरूण मिश्र पहुंचे कि इसी बीच गुजर रहे सीओ सिटी सुशील कुमार सिंह भी पहुंच गए और फिर परिचय दिए जाने के बावजूद पुलिस का शिक्षक और पत्रकार के प्रति रवैया कैसा रहा यह वायरल हो रहे इस वीडियो के जरिए सभी ने देख लिया। फिर भी पुलिस ने ट्वीटर के जरिए मनगढंत जवाब दिए जो जले पर नमक छिडकने जैसा रहा। उजागर लाल इंटर कालेज में शिक्षक और प्रमुख दैनिक अखबार के संवाददाता अरूण मिश्र के साथ पुलिस द्वारा की गई अभद्रता को लेकर शिक्षकों, छात्रों और पत्रकारों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। रविवार शाम को 1857 गदर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अंग्रेजों के खिलाफ फतवा जारी करने वाले अल्लामा फजले हक खैराबाद के स्मारक स्थल तक पुलिस विभाग की सद्धबुद्धि हेतु शांति मार्च अवध प्रेस क्लब द्वारा निकाला जाएगा। सोमवार को शिक्षक समुदाय भी इस मामले को लेकर सड़कों पर उतरने की तैयारी में है।

## पहला आश्रम विद्यालय परिसर में निकला 15 फीट का अजगर

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के पहला आश्रम विद्यालय परिसर में 15 फीट का अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। कई घंटे के बाद वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण विद्यालय परिसर में इकट्ठा हो गए। वहीं स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिर भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। इस दौरान पहला आश्रम के महंत 84 कोसीय परिक्रमा अध्यक्ष नारायण दास भी मौके पर पहुंचे। कई ग्रामीणों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय वन विभाग को दी। काफी देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम पर लापरवाही का आरोप लगाया है। काफी देर बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया है। दरोगा अनिल कुमार यादव का कहना है अजगर 15 फीट से अधिक लंबा है और इसका वजन भी 15 किलो के ऊपर का है।

## एक किसान की हाथी ने पटक पटक कर ली जान

**मोहम्मदी खीरी।** मोहम्मदी रेंज में हाथी के हमले में एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। कई दिन से आगाह करने के बावजूद वन विभाग की लापरवाही की बलि चढ़ गया एक युवक।प्राप्त जानकारी के अनुसार रहरिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी गांव के एक किसान अपनी फसल देखने के लिए जंगल के किनारे अपने खेत पर गया जहां जंगल के किनारे हाथियों ने उसे देख लिया तथा एक हाथी ने किसान रामभरोसे उर्फभोला 55 वर्ष को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। वन विभाग व पुलिस को सूचना देने के उपरांत वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर लखीमपुर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि हाथियों के आतंक से जंगल के आसपास किसानों की फसलों को बड़े पैमाने पर नष्ट किया जा रहा है। लगातार किसानों द्वारा वन विभाग को इसके बारे में जानकारी दी जा रही है परंतु वन विभाग कोई ठोस कदम उठा नहीं पा रहा है।वहीं आम जनता भी हाथियों के इस तांडव से बेहद परेशान है और आज एक किसान की हाथियों ने पटक.पटक कर जान ले ली। परिवार को जानकारी होने पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं वन विभाग की सेहत पर इसका कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा कि।

## क्विक न्यूज

### साइकिलिंग के इतिहास में आयकर निरीक्षक ने रचा नया इतिहास

**बरेली।** फ्रांसिसी साइकिल चालक क्लब आडेक्स क्लब पेरिसियन के अखिल भारतीय संगठन ऑडेक्स इण्डिया रैंडोन्यूर्स ए आई आर द्वारा आयोजित बी आर एम ( ब्रेवेट रैंडोनियर्स मोंडियाक्स) गैर प्रतिस्पर्धी लंबी दूरी की साइक्लिंग प्रतियोगिता में लगभग 315 किलोमीटर की दूरी 19 घंटे में पूरी कर विजय प्राप्त की। जैसा कि आपको पता है कि 6 नबंवर को आयोजित इस प्रतियोगिता में 200 किलोमीटर 12रू30 घंटे में चलाकर विजय प्राप्त की थी। 52 वर्षीय आयकर निरीक्षक 15 नबंवर से 19 नबम्बर तक बरेली से कुल 823 किलोमीटर की साइकिल यात्रा की थी। बरेली के साइक्लिंग के इतिहास में पचास वर्ष के ऊपर अभी तक इतना साइकिल चलाकर प्रतियोगिता जितना पहली बार अंकित हो रहा है। लगभग एक वर्ष में कुल 5000 किलोमीटर की साकिल यात्रा कर चुके रवीन्द्र सिंह बताते हैं कि साइकिल चलाने का उद्देश्य स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं भारतीय एकता है।यह महत्वपूर्ण बात है कि आयकर विभाग में अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्री के सपनों को साइक्लिंग के द्वारा समाज को एक संदेश देने का कार्य कर रहे हैं।

### प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बरेली।** दोस्त के साथ मोटरसाइकिल से पास के गांव में ही रहने वाली प्रेमिका से मिलने गए एक युवक की 4 लोगों ने लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। सिरौली थाने के गांव मेन गोटिया निवासी 18 वर्षीय बादाम सिंह पुत्र कल्याण सिंह की बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि बादाम सिंह कल दिन में अपने खेत में काम कर रहा था इसी दौरान गांव का रहने वाला मान सिंह उसके पास पहुंचा और उसके बड़े भाई की मोटरसाइकिल मांगी मोटरसाइकिल मिलने के बाद वह बादाम सिंह को भी अपने साथ लेकर गणेश नगर गांव गया था धर्मेंद्र ने बताया कि मानसिंह किसी लड़की से मिलने के लिए गया था बादाम सिंह भी में उसके साथ था मोटरसाइकिल को मानसिंह चला रहा था वापस लौटते समय गणेश नगर के पास ही चार अज्ञात लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल को घेर लिया और पीछे बैठे बादाम सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया वही मानसिंह मौका देखकर मोटरसाइकिल लेकर घर वापस लौट आया है इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने बादाम सिंह को पहचान लिया और उसके घर वालों को सूचना दी अभिमान सिंह ने घटना की जानकारी बादाम सिंह के घर वालों को देती बताएं कि 4 लोगों ने उसको लोहे की रॉड से हमला किया था मौके पर पहुंचे घरवाले घायल बादाम सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक के घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तब पुलिस ने मान सिंह से पूछताछ शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतक छे भाइयों में छोटा था और गुलरिया गौरीशंकर महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष का छात्र था और ई रिक्शा चला कर गुजारा चलाता था।

### मासूमों पर पागल कुत्ते ने किया जानलेवा हमला

**बरेली।** दुकान से सामान खरीदने के लिए घर से निकले दो मासूमों पर अचानक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया जिससे दोनों घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। शाही थाने के गांव नौगवां बीथम निवासी प्रमोद कुमार की बेटी काव्या और बेटे अंकित को कल शाम इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया प्रमोद कुमार ने बताया कि वह मजदूरी करके गुजारा कल चलाता है और कल शाम को मजदूरी करके घर वापस लौटा और उसके बच्चों ने उसे अपने खाने के लिए कुछ सामान खरीदने को पैसे मांगे पैसे लेकर दोनों बच्चे गांव के पास की एक दुकान पर जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन रास्ते में ही अचानक एक कुत्ते ने दोनों पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए बेटी काव्या गंभीर रूप से घायल हो गई दोनों बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने कुत्ते को भगा दिया घटना की सूचना मिलते ही पिता प्रमोद कुमार मौके पर पहुंचा और उन्हें इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहां से हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल लाया गया।

### डॉक्टर के बंद मकान में लाखों की चोरी

**बरेली।** पिता का इलाज कराने के लिए मकान पर ताला डालकर गए एक डॉक्टर के मकान में दरवाजा तोड़कर घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर लिये पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी। इज्जत नगर थाना क्षेत्र की आशुतोष सिटी कॉलोनी निवासी डॉक्टर विशाल सिंह के घर में घुसे चोरों ने लाखों का जेवर और नकदी चोरी कर ली डॉक्टर विशाल सिंह ने बताया कि उनके पिता जोगेंद्र सिंह केसरपुर में मिठाई की दुकान चलाते हैं और उनका इलाज कराने के लिए उन्होंने नोएडा के मेदांता अस्पताल के एक डॉक्टर से शुक्रवार का अपॉइंटमेंट लिया था वह शुक्रवार को अपने पिता, मां और पत्नी के साथ डॉक्टर के पास गए थे और घर पर ताला डाल गए थे एक दिन पहले ही उन्होंने घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे जो उनकी पत्नी के मोबाइल फोन से कनेक्ट है शुक्रवार को उन्होंने शाम के समय उसी फोन पर देखा कि उनके घर में कोई घुसा हुआ है फोन के माध्यम से उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी और खुद शनिवार कोदेर रात घर वापस लौट आए उन्होंने जांच की तो पता चला कि चोर मकान का दरवाजा खोल कर अंदर घुसे थेऔर अलमारी व अन्य स्थानों पर रखे लगभग 10 तोले सोने चांदी के जेवर और 35000 रुपए नकद चोरी हो गए हैं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरूकर दी।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बरेली।** रिश्तेदार के घर से लौट रहे एक बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिशारतगंज थाना क्षेत्र के नंद गांव निवासी 35 वर्षीय अंतराल की बीती रात खटेटा गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के भाई राजेंद्र ने बताया कि अंतराम मजदूरी करके गुजारा चलाता था और कल दिन में नौगवा के रहने वाले अपने एक रिश्तेदार से मिलने के लिए उसके घर गया था जहां से शाम को वह घर वापस लौटने के लिए मोटरसाइकिल से चला था लेकिन रास्ते में ही खटेटा गांव के पास उसकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दी और शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### इंडो नेपाल बॉर्डर पर नही रुक रही तस्कारी

**बेलराया.खीरी।** भारत नेपाल सीमा हमेशा से अवैध कारोबार करने वालो के मुफीद रही है। जिले मे खुली सीमा का लाभ उठाकर आसानी से किसी भी समान को पार कर लेते हैं।मोहाना नदी के आस पास का बार्डर खाद तस्करो का बड़ा हब बना हुआ थाएखाद के साथ साथ अब कपड़े एचीनीएदवाई आदि समान की तस्करी बड़े पैमाने पर शुरु हो गई है।आए दिन् कप ?ि कि तस्करी करते हुये लोग पकड़े जा रहे हैंएसीमा पर तस्करी रोकने के लिए एसएएसण् बीण्पुलिस व कस्टम विभाग की टीमे तैनात हैं।वही आज खखरौला के निरीक्षक गौर मोहन राय व अन्य जवानों ने गस्त के दौरान साईकिल सहित कुछ लोगो को बॉर्डर की तरफ जाते देखा जिसके बाद घेरा बंद कर चार व्यक्तियो को साईकिल सहित पकड़ लिया गया और कुछ अन्य भागने मे कामयाब रहें।जब उनकी साईकिल पर बंधे हुए सामान को चैक किया गया तो उसमे कप ?एदवाई व अन्य सामान मिला जो की तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।एस एस बी द्वारा सामान रहित व्यक्तियों को तिकुनिया कस्टम विभाग को सौंप दिया गया।

### इंस्पेक्टर ने स्थानीय पत्रकारों के साथ की बैठक

**बेहजम खीरी।** थाना नीमगांव इंस्पेक्टर अवधेश यादव ने स्थानीय पत्रकारों के साथ बैठक की। पुलिस का सहयोग करने की पत्रकारों से अपील की। इस मौके पर क्षेत्र पत्रकार बन्धुओं और थाने क्षेत्र की बेहजम चौकी प्रभारी सुनील बाबू अवस्थी व सिकन्द्राबाद चौकी प्रभारी सुनील सिंह के साथ अन्य दरोगा और सिपाही मौजूद रहे।थाना प्रभारी नीमगांव अवधेश कुमार यादव ने आज पत्रकारों के साथ की बैठक की और स्थानीय पत्रकारों से रूबरू हुए ।थाना प्रभारी नीमगांव ने पत्रकारो से बताया आप लोग पुलिस का सहयोग करें ताकि हम हर समस्या का समाधान कर सके समाज में पुलिस पत्रकार एक दूसरे के पूरक होते हैं ।आप लोग दिन भर अपने कार्य के प्रति जागरूक व सक्रिय नजर आते है अगर आपकी जानकारी मे कोई घटना या कोई कहीं वारदात होती है तो आप लोग हमें मोबाइल अथवा व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर कोई भी जानकारी साझा करते हैं यथासंभव आपके पास पुलिस मौके पर तुरंत पहुचेगी।पत्रकारों के समक्ष कहा कि मेरे कार्य काल मे अपराधियों की जगह सलाखों के पीछे होगी कोई भी अपराधीए माफिया बख्शा नहीं जायेगा थाने मे बिना किसी भेदभाव के पीङित को हर सम्भव मदद की जायेगी साथ ही उन्होने कहा मेरे थाना क्षेत्र मे जुआए शराब अन्य अपराधिक कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे जनता की सेवा करना मेरी पहली प्राथमिकता है।इस मौके पर पत्रकार श्याम सिंह संजीव शुक्लाए मयंक त्रिवेदीए धीरज तिवारीए फैसल खानएसुशील शर्मा एअश्वनी बाजपेई राजेश शुक्लाए उधम सिंह एसुनील तिवारीए जेपी मिश्रा एराजेश शुक्ला एदिनेश शर्मा ए प्रांशु वर्मा प्रभाकर शर्माएअजय पाल चौधरीएएस के सिंह कृष्णा अवस्थी पंकज अंकित सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# समाजवादी पार्टी छोड़कर कांग्रेस का थामा दामन



संवाददाता। बरेली

**महानगर कांग्रेस** कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । इस अवसर पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के ब्रांड लीडर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश में लोगों के जेहन को बदल कर रख दिया है। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर जो महानगर की जोरदार तैयारियां चल रही है उससे प्रभावित होकर शहर के विभिन्न विभिन्न पार्टी के लोग अपने दलों को छोड़कर कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन करने लगे हैं । आज बड़ी तादाद में अफ्जाल हुसैन ने समाजवादी पार्टी को छोड़कर अपने लगभग 100 साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । पार्टी मे शामिल हुए अफ्जाल हुसैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी फक्त एक ऐसी पार्टी है जो सभी धर्मों को और जाति के लोगों को सम्मान देकर साथ चलने का काम करती है समाजवादी पार्टी एक जाति विशेष की पार्टी है और भारतीय जनता पार्टी सांप्रदायिक पार्टी है। इसलिए कांग्रेस पार्टी में आज उन्होंने उनके रिश्तेदारों ने उनके यार दोस्तों ने सभी लोगों ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया है और आने वाले निकाय चुनाव ,और 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प भी लिया है । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जनाब नवाब मुजाहिद हसन खान साहब ने इस अवसर पर समाजवादी पार्टी से कांग्रेसमें आए सभी लोगों का इस्तकबाल किया और उन्हें भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी हर दुख दर्द में उनके साथ है । आज के कार्यक्रम में सर्वश्री के के दीक्षित, महेश पंडित ,योगेश जौहरी, जियाउर रहमान अरविंद महाराज, पंकज शर्मा ,राहुल शर्मा, इस्लामुद्दीन ,अफ्जाल हुसैन ,मोहम्मद शाहिद ,हबीब खान, गुड्डू भाई, लतीफ अहमद जफर हुसैन रिजवान साबिर भाई सिराजुद्दीन इकबाल अलाउद्दीन आदि लोगों के ने अपने विचार व्यक्त किए ।

# 4जी क्रॉस कंट्री रेस का हुआ आयोजन

संवाददाता। सीतापुर

- सर्वोदय शिक्षा एवं सेवा संस्थान द्वारा इसका आयोजन किया गया
- मुख्य अतिथि के रूप में सुजीत कुमार ओलंपियन मौजूद रहे
- विशेष अतिथि अनूप गुप्ता पूर्व विधायक महोली ने खेलों को अहम् बताया

**अब खेलों** का आज कल के परिवेश में विशिस्ट स्थान है। मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में 4जी क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन हुआ ,सर्वोदय शिक्षा एवं सेवा संस्थान द्वारा इसका आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुजीत कुमार ओलंपियन ,विशेष अतिथि के तौर पर अनूप गुप्ता पूर्व विधायक महोली और विशिष्ट अतिथि के तौर पर महेंद्र सिंह बोरा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और अविनाश श्रीवास्तव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अंपायर मौजूद रहे। इस रेस में 8 किलोमीटर पुरुष और 5 किलोमीटर महिला वर्ग की रेस हुई जिसमे कुल 168 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमे से बालिका वर्ग में अंजलि पटेल , सिमरन और आरती विष्वासवकर्मा ने प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया , वहीँ बालक वर्ग में बलराम , दिनेश कुमार और इस्लाम अली ने भी पुरुस्कार जीता। जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए. बालक वर्ग में बलराम ने प्रथम स्थान हासिल कर 21000/- , दिनेश कुमार ने द्वितीय स्थान हासिल कर 11000 का पुरूस्कार और इस्लाम अली को 5100 का पुरुस्कार मिला। वही बालिका वर्ग में अंजलि पटेल ने प्रथम स्थान हासिल कर 11000 का पुरुस्कार व सिमरन ने द्वितीय स्थान हासिल कर 5100 का पुरूस्कार और तृतीय स्थान पर रही आरती विश्वकर्मा ने 3100 का पुरूस्कार हासिल किया। पुरस्कार पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खिल उठे तालियों की गड़गड़ाहट से मेजर ध्यानचंद स्टेडियम गूंज उठा। इस मौके पर आरएमपी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव , जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह सहित आयोजक कमेटी में सचिन, देश दीपक, सूरज, सुनील, प्रदीप यादव, शाह आलम रोहित और सौरव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सक की पत्नी का आज होगा अंतिम संस्कार

**निघासन खीरी।** कस्बे के वरिष्ठ चिकित्सक व संघ से जुड़े भाजपा के वरिष्ठ नेता विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी का काम करने वाले डॉक्टर जेपी वर्मा की पत्नी का लंबी बीमारी के चलते है देहांत हो गया जिसका अंतिम संस्कार 28 नवंबर समय 12रू00 सिंगाही रोड सरयू घाट पर किया जाएगा।

## संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**लखीमपुर खीरी।** दर्जनों भाषा सैकड़ो विधि और हजारों विधानों को जोड़कर रखने वाला तत्व संविधान है।इस सुवाक्य के आधार पर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल लखीमपुर खीरी में संविधान दिवस आयोजित किया गया। बच्चों में संविधान और इसके निर्माताओं के प्रति समर्पण भाव जागृत करने के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।जिसमें संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बच्चों ने अपना आभार प्रकट किया। डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रारंभिक संघर्ष और संविधान में उनके योगदान को एक नाटक द्वारा प्रस्तुत किया गया। संविधान दिवस के अवसर विद्यालय में एक अन्तर सदनीय संविधान आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गो गेटर्स दल ने प्रथम स्थान ट्रेल ब्लेजर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय प्रबंधक महोदय श्री आशीष गुप्ता जी ने बच्चों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हमारे बच्चे देश हित के लिए संविधान का आदर करेंए हम इसके लिए प्रयासरत रहेगें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या महोदया श्रीमती शालिनी सचान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने अथक प्रयास से हमारे लिए संविधान तैयार किया है। हमे इसके नियमो और कानूनों का सम्मान करना चाहिए।

## दुधवा प्रशासन के सहयोग से कराएंगे गुरु ओमप्रकाश सुमन का सम्मान

**लखीमपुर खीरी।** पलिया नगर पालिका सभागार में शहर के साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रका ʻओम प्रकाश सुमन की छठी पुस्तक कारवां का विमोचन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पलिया रत्न डॉ एके कपूर ने किया! मनचस्थ अतिथि गण पलिया बीएचएल यूनिट हेड ओपी चौहानए निर्मला सिकरवारए मुकुट बिहारी मिश्राए डॉक्टर ए के अवस्थीए विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए! शहर के सम्मानित पत्रकार गण एवं समाजसेवी संस्थाओं के लोगों की मौजूदगी में साहित्यकार विजय मिश्रा के संचालन में शानदार कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा नेता रवि गुप्ता ने ओमप्रकाश सुमन को सभी पलिया वासियों की ओर से माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मंच पर ऐलान किया कि दुधवा प्रशासन का सहयोग लेकर वह सुमन जी को दुधवा गौरव सम्मान से सम्मानित कराने का पुरजोर प्रयास करेंगे! इस अवसर पर नगर पालिका प्रशासन एवं शहर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे

# ब्रह्म का साक्षात्कार केवल एक पूर्ण गुरु से ही संभव: साध्वी आस्था भारती

संवाददाता। बरेली



**दिव्य ज्योति** जाग्रति संस्थान द्वारा 21 से 27 नवंबर 2022 तक एम.बी. इंटर कॉलेज ग्राउंड, में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया। भागवत कथा के सप्तम दिवस साध्वी आस्था भारती जी ने श्रीकृष्ण के स्वधामगमन को बड़े ही कारुणिक रूप में जनमानस के समक्ष रखा। उसके बाद शुकदेव जी महाराज की कृपा द्वारा प्राप्त परीक्षित की परमगति का वर्णन किया गया। जब-जब भी संसार विकारों के अंधकार से ग्रस्त हुआ, तब-तब तत्त्ववेता ब्रह्मनिष्ठ सदगुरुओं के छत्र तले आध्यात्मिक क्रांतियों ने जन्म लिया। ये क्रांतियाँ अपने संग सदैव एक ही उद्देश्य को लेकर आईं- दम तोड़ती मानवता में पुन: प्राणों का संचार करना। युगप्रवर्तक सतगुरु श्री आशुतोष महाराज जी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के रूप में ऐसी ही आध्यात्मिक क्रांति को जन्म दिया है। जिसका लक्ष्य है- मानव में क्रांति विश्व में शांति। इस लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिस एकमात्र साधन का प्रयोग किया जा रहा है, वह है- ब्रह्मज्ञान। 'ब्रह्म' शब्द 'बृह' धातु से निकला है, जिसका अर्थ होता है- सर्वव्यापी सत्ता। उस सर्वव्यापी सत्ता अर्थात् भगवान का प्रत्यक्ष साक्षात्कार करना ही ब्रह्मज्ञान है। ब्रह्म का साक्षात्कार केवल एक पूर्ण गुरु ही करवा सकते हैं। जिसने स्वयं देखा है, केवल वही गुरु-सत्ता अपनी शरण में आए शिष्यों को दिखाने का सामर्थ्य रखते हैं। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी कहते हैं- यदि भारत को पुनर्जीवित करना है तो अध्यात्म के विराट प्रकाश-पुंज की ओर लौटना होगा। ब्रह्मज्ञान द्वारा ब्रह्म की प्रत्यक्ष अनुभूति करनी होगी, जीवन के मूल स्रोतों एवं शक्तियों को अपने ही भीतर जानना होगा। प्रत्येक व्यक्ति के भीतर ब्रह्मतत्त्व की जाग्रति ही सम्पूर्ण भारत का रूपांतरण व दिव्यीकरण कर सकेगी। आपके जीवन-रथ पर पूर्ण गुरु सारथि बनकर आसीन हों- इसी शुभकामना के साथ भागवत कथा के सप्तम दिवस को विराम दिया गया।

# बीते 3 दिनों में डेंगू से हुई दो युवकों की मौत

संवाददाता। सीतापुर

- ठंड बढ़ने के बावजूद नहीं थम रहा डेंगू का प्रकोप
- होमगार्ड अरविंद श्रीवास्तव के घर का बुझ गया चिराग

**स्वास्थ्य महकमा** यह मानकर चल रहा था कि ठंडक बढ़ते ही डेंगू का प्रकोप थम जाएगा, लेकिन रेउसा कस्बे में लगातार डेंगू का प्रकोप थमने के बजाय, बढ़ता जा रहा है। रेउसा कस्बे में बीते 3 दिनों में डेंगू के डंग ने दो युवकों की जान ले ली। लगातार हो रही मौतों के बाद अब स्वास्थ्य विभाग टीमें बनाकर जांच करवा रहा है। रेउसा कस्बा निवासी पेशे से होमगार्ड अरविंद श्रीवास्तव के इकलौते 20 वर्षीय पुत्र अतुल श्रीवास्तव की शनिवार की रात लखनऊ में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिवारीजनों का कहना है कि अतुल को डेंगू हुआ था उसे स्थानीय अस्पताल में उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया था जहां 1 सप्ताह से उसका उपचार चल रहा था। बताते चलें कि इसके पहले बीते गुरुवार को रेउसा कस्बा निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद जुबेर की मौत डेंगू से उपचार के दौरान हुई थी। रीवा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं जिसे देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तरफसे अभी कोई दवाई का छिड़काव नहीं कराया गया है। ना ही कोई जांच के लिए डॉक्टरों की टीम ग्रामीण क्षेत्र में भेजी गई है। बीते तीन दिनों के अंदर डेंगू की चपेट में आकर हुई दो युवकों की मौत के मामले में रेउसा सीएचसी अधीक्षक डॉ विकास मिश्रा ने बताया की रेउसा के शहरी इलाके में टीमें बनाकर जांच करवाई जा रही है।

# उजागरपुर प्राइमरी स्कूल को मिला बेस्ट स्कूल आफवीक का खिताब

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बेसिक शिक्षा** परिषद की स्कूलों को कायाकल्प करने एवं बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक् कवायद का एक सकारात्मक प्रभाव खीरी के परिषदीय स्कूलों में दिखाई देने लगा है। परिषद के स्कूल में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतरीन टीचर और तकनीकी का उपयोग कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर रहे है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल बेस्ट स्कूल ऑफ द मुहिमष् के तहत परिषदीय विद्यालयों के सर्वांगीण विकास व स्मार्ट शिक्षा देने की कवायद जोरों पर हैए जिसमें बीएसए डॉण् लक्ष्मी कांत पांडेय के नेतृत्व में सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं उनकी पूरी टीम जी.जान से जुटी है।

ऐसा ही एक विद्यालय प्राथमिक विद्यालय उजागरपुर ब्लॉक बाँकेगंजए जनपद.खीरी है जहां विद्यालय के सभी शिक्षक.शिक्षिकाएं एक टीम भावना के साथ कार्य करते हुए बच्चो को एक सहज शैक्षिक परिवेश प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे है। विद्यालय में शिक्षको का बच्चों के साथ बहुत ही अच्छा आत्मीय सम्बंध हैए जो कि शैक्षिक स्तर के सुधार में अहम भूमिका निभाता है। विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष ध्यान देते हुएए प्रार्थना सभा में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अनुशासनपूर्ण वातावरण में बच्चो में देशप्रेम की भावना को विकसित कर रहे है।

ब्लॉक बांकेगंज के प्राथमिक विद्यालय उजागरपुर में कायाकल्प के तहत हुए कार्यो शिक्षकों की टीम के अभिनव प्रयासों से न केवल परिवेश बदला बल्कि लोगों का विश्वास भी बढ़ाया है। विद्यालय में बच्चो के लिए सहज शैक्षिक वातावरण शिक्षकों में एक साथ मिलकर टीम भावना के रूप में कार्य करना गतिविधि आधारित शिक्षणए टीएलएम से सुसज्जित कक्षा कक्ष बच्चो के साथ शिक्षकों का आत्मीय सम्बंधए अभिभावकों के साथ बच्चो की शिक्षा के लिए नियमित चर्चा.परिचर्चा सक्रिय पुस्तकालय सक्रिय खेलकूद सामग्री सक्रिय डिजिटल क्लासरूम विद्यालय का आकर्षक परिवेशए उच्चाधिकारियो का नियमित मार्गदर्शन क्षेत्रवासियों को न केवल अपनी ओर आकर्षित कर रहा बल्कि उनका भरोसा भी जीता है।

इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिनव वर्मा ने परिषदीय विद्यालय उजागरपुर में पठन.पाठन की गतिविधियों को रुचिकर एवं सरल बनाने के उद्देश्य से गतिविधि आधारित यूट्यूब पर अधिगम कार्यक्रम शुरू किया। आमजन यूट्यूब पर प्राइमरी स्कूल उजागरपुर ब्लॉक बांकेगंज सर्च करके विद्यालय के बारे में अन्य जानकारियां प्राप्त कर सकते है। अभिनव बताते हैं कि विद्यालय में शिक्षकों की टीम अभिनव वर्मा प्रमोद कुमारए कुलवीर कौरए नीरपाल कौर लगातार विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने के लिए दृढसंकल्पित है।

उजागरपुर सरकारी स्कूल ऐसा हैए जहां शिक्षकों के साथ ही स्कूल की दीवारें भी बच्चों को जागरूक बनाने में सहयोग कर रही हैं। स्कूल की दीवारों पर अक्षर संख्या व भाषा ज्ञान आदि विषयों को उकेरा गया है। प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिनव वर्मा बताते हैं कि स्कूल की दीवारों पर इस तरह के जागरूक करने वाले चित्र उकेरे गए हैं। इससे बच्चों को सीखने में आसानी होती है। क्योंकि मौजूदा समय में चित्रों के माध्यम से बच्चे बड़ी तेजी से और जल्दी चीजों को समझते व सीखते हैं। सभी कमरों में इस तरह के रंगों का प्रयोग किया गया है जिससे आंखों को सुकून मिले। उन्होंने बताया कि जब से कलाकृतियां बनाई गई साथ। स्कूल में जिस जगह बच्चों के पानी पीने की व्यवस्था है वहां की टाइलों पर कलाकृति बनाकर पानी के महत्व को बताया गया है। वहीं शौचालय की दीवार पर हाथ साफरखने के संबंध में जानकारी दी गई है।

## दो मोटरसाइकिल टकराई युवक घायल

**बरेली।** दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हाफिज गंज थाने के गांव रिठौरा निवासी 25 वर्षीय अमित मौर्य पुत्र आशे राम मौर्य को आज सुबह तड़के घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने बताया कि वह प्रेम नगर थाना क्षेत्र में डीडी पुरम स्थित एक कांप्लेक्स में रात के समय चौकीदारी करता है और आज सुबह ड्यूटी पूरी होने के बाद दो मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था लेकिन इज्जत नगर थाना क्षेत्र के पीर भहोड़ा गांव के पास उसकी मोटरसाइकिल को सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी जिससे वह जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरी मोटरसाइकिल फरार हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी जो मौके पर पहुंची और उसे उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजकर उसके घरवालों को सूचना दे दी ।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 28 नवम्बर 2022


# स्वतंत्रता सेनानियों ने दिखाया अलग विचारधारा वाले लोग एक साथ आ सकते हैं : भागवत



**पटना।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि देश की आजादी के लिए लड़ने वालों ने यह दिखाया कि अलग-अलग विचारधारा वाले लोग कैसे एक साझा उद्देश्य के लिए एकसाथ आ सकते हैं।भागवत बिहार के अपने चार दिवसीय दौरे के तीसरे दिन सारण जिले के मलखचक गांव में एक समारोह में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन अल्प चर्चित स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में किया गया था। भागवत दरभंगा जाने से पहले कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे जहां वह राज्यभर के आरएसएस कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। भागवत ने इस अवसर स्वतंत्रता आंदोलन की बिखरी कड़ियां शीर्षक वाली एक पुस्तक का विमोचन भी किया। आरएसएस प्रमुख ने कहा, आजादी के लिए लड़ने वालों ने यह दिखाया कि अलग-अलग विचारधारा वाले लोग कैसे एक साझा उद्देश्य के लिए एकसाथ आ सकते हैं।

सारण में आयोजित कार्यक्रम में बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य ने भी भाग लिया। उन्होंने विश्व शक्ति की धारणा को खारिज करते हुए इस तरह की गलत महत्वाकांक्षाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि भारत कभी भी ऐसी आकांक्षा नहीं रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन सभ्यता हमेशा सार्वभौमिक कल्याण के लिए खड़ी हुई है। सारण में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद भागवत करीब 150 किलोमीटर दूर दरभंगा जिले के लिए रवाना हुए जहां उनका बिहार के सभी 38 जिलों के आरएसएस के प्रचारकों के प्रतिनिधिमंडल से मिलने का कार्यक्रम है। आरएसएस प्रमुख का बिहार दौरा सोमवार को समाप्त होगा जब वह संघ परिवार के एक खुले सत्र को संबोधित करेंगे।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने ईडी और आयकर विभाग पर अवैध कार्रवाई का आरोप लगाया

**रायुपर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को ईडी और आयकर विभाग की कार्वाई को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया तथा अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे लोगों को मारने-पीटने के साथ उन्हें धमका रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अपने निजी ट्विटर हैंडल से एक के बाद एक कई ट्वीट हिंदी में करके जांच एजेंसी पर हमला किया। हाल ही में ईडी ने खनन ट्रांसपोर्टर से कथित वसूली से जुड़े धन शोधन के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई शामिल हैं। बघेल ने ट्वीट किया, केंद्रीय एजेंसियां देश में नागरिकों की ताकत हैं और यदि लोग इन ताकतों से डर रहे हैं तो निश्चित रूप से यह नकारात्मक ताकत देश को कमजोर करती है। जांच के दौरान ईडी और आयकर विभाग के अधिकारियों की अवैध कार्वाई सामने आ रही है जो अस्वीकार्य है। शिकायतें मिल रही हैं कि लोगों को उनके घर से जबरन उठाया जा रहा है, उनसे उठक बैठक कराई जा रही है, अपराध स्वीकार करने के लिए मार-पीटकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है, उन्हें जेल भेजने की धमकी दी जा रही है और उन्हें भोजन-पानी से वंचित रखा जा रहा है। एक अन्य ट्वीट में बघेल ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस को सूचना दिए बिना ही सीआरपीएफ कर्मियों के साथ एजेंसियों की ओर से छापेमारी की जा रही है। इन घटनाओं और राजनीतिक साजिश के तहत झूठे मामले गढ़ने को लेकर लोग नाराज हैं।



कोच्चि में सेन्ट मेरी कैथड्रल बासिलिका अंगमाली में एकीकृत जन प्रणाली के कार्यान्वयन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र के चंद्रपुर में रेलवे स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढहा, 13 लोग घायल

**नागपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में एक रेलवे स्टेशन पर रविवार को फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा ढह जाने से 13 लोग घायल हो गए और उनमें से चार की हालत गंभीर है। यहां से करीब 150 किलोमीटर दूर बल्हारशाह रेलवे स्टेशन पर लगभग शाम पांच बजे यह हादसा हुआ। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने कहा, पुणे जाने वाली एक ट्रेन में सवार होने के लिए बड़ी संख्या में यात्री इस फुटओवर ब्रिज से जा रहे थे कि तभी अचानक उसका एक हिस्सा ढह गया। फलस्वरूप कुछ यात्री करीब 20 फुट की ऊंचाई से नीचे रेल पटरी पर गिर गए। 13 घायलों को बल्लारपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बाद में चंद्रपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच) भेजा गया। चंद्रपुर के जिलाधिकारी विनय गौडा ने कहा, लगभग चार लोगों को गंभीर चोटें आई है और उनका जीएमसीएच में उपचार जारी है। जिला प्रशासन एवं पुलिसकर्मी घायलों की सहायता कर रहे हैं। प्रशासन ने कहा कि चंद्रपुर के प्रभारी मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने घटना की जांच के आदेश भी दिए हैं। मध्य रेलवे ने एक बयान में कहा कि प्लेटफार्म संख्या एक और दो को जोड़ने वाले इस फुटओवर ब्रिज का एक हिस्सा ढह गया जबकि पुल का बाकी हिस्सा ठीक है।

### मसाज पार्लर की आड़ में होने वाली वेश्यावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए दिल्ली पुलिसः उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मसाज पार्लर की आड़ में की जाने वाली वेश्यावृत्ति पर लगाम लगाने के लिए सभी कदम उठाए जाएं। अदालत ने उस जनहित याचिका पर यह निर्देश दिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में बड़े पैमाने पर इस तरह के रैकेट तेजी से पांव पसार रहे हैं। अदालत ने याचिका का निपटारा करते हुए इस बात को संज्ञान मं लिया कि वेश्यावृत्ति रैकेट के संबंध में जब भी कोई सूचना या शिकायत मिली है तो पुलिस ने आवश्यक कार्वाई की है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, प्रतिवादी पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि मसाज पार्लर की आड़ में होने वाली वेश्यावृत्ति रोकने के लिए सभी कदम उठाए जाएं।

### कार केपेड़ से टकराने से वन विभाग केतीन कर्मचारियों की मौत

**खंडवा (मप्र)।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में रविवार को एक कार के पेड़ से टकरा जाने से वन विभाग के तीन कर्मचारियों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने दी। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि यह घटना खंडवा जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर पिपलौद पुलिस थानाक्षेत्र के ग्राम कुमठा के पास दोपहर एक बजे के आसपास हुई। इस हादसे मे मध्य प्रदेश वन विभाग के तीन कर्मचारियो की मौत हो गई, जबकि कार का चालक घायल हो गया। वही, मुख्य वन संरक्षक आर के राय ने बताया कि मृतकों मे एक रेंजर और दो वनरक्षक शामिल हैं। हादसे के वक्त ए लोग अतिक्रमण के खिलाफ कार्वाई करने के लिए सिंगाजी वन परिक्षेत्र से नेपानगर के नावरा वन परिक्षेत्र जा रहे थे। राय ने बताया कि यह हादसा एक गाय को बचाने के चक्कर मे हुआ।

### पंजाब के रूपनगर में ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत

**रूपनगर (पंजाब)।** पंजाब के रूपनगर जिले में श्री कीरतपुर साहिब के समीप रविवार को एक यात्री ट्रेन की चपेट में आने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना तब हुई जब प्रवासी मजदूरों के चार बच्चे सतलुज नदी पर बने पुल के पास रेलवे ट्रैक के समीप खेल रहे थे। इस घटना में चौथा बच्चा घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि बच्चों की उम्र सात से 11 वर्ष के बीच है।

### संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में जेसपा नामक शेर की मौत

**मुंबई।** मुंबई के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान मे बीमारी के बाद रविवार को जेसपा नामक 11 वर्षीय शेर की मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि सितंबर 2011 मे रवींद्र और शोभा नामक शेर-शेरनी के यहां पैदा हुए जेसपा की तबीयत पिछले कुछ दिन से ठीक नही थी, जिसके चलते उसे लोकप्रिय शेर सफारी से हटा लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मे कुछ संदिग्ध नही मिला, जिसके बाद शव का निपटान कर दिया गया।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए आठ अफ्रीकी चीतों में से दो और चीते बड़े बाड़े में स्थानांतरित

**श्योपुर ( मप्र )।** सितंबर के मध्य में नामीबिया से लाकर मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़े गए आठ अफ्रीकी चीतों में से दो और चीतों को रविवार को पृथक-वास क्षेत्र से निकालकर बड़े बाड़े में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी के साथ अब तक पांच चीतों को पृथक-वास क्षेत्र से निकालकर बड़े बाड़े में स्थानांतरित किया जा चुका है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के वन मंडल अधिकारी प्रकाश कुमार वर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आज दो और चीतों को 71 दिन बाद पृथक-वास क्षेत्र से बड़े बाड़े में छोड़ दिया गया है। उन्होंने बताया कि ए दोनों मादा चीता हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले दो चीतों को पांच नवंबर को और एक चीते को 18 नवंबर को पृथक-वास क्षेत्र से निकालकर बड़े बाड़े में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने कहा कि वहीं, बाकी तीन चीतों को भी चरणबद्ध तरीके से जल्द ही बड़े बाड़ों में स्थानांतरित किया जाएगा।

## रेलवे ने 2021-22 में वरिष्ठ नागरिक यात्रियो की संख्या में गिरावट दर्ज कीः अधिकारी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने 2019-2020 की तुलना में 2021-22 में रेलगाड़ियों से यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में लगभग 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह जानकारी सामने आई है।अधिकारियों ने बताया कि इस गिरावट का कारण कोविड-19 की दूसरी लहर हो सकती है, जब कम संख्या में लोग रेलगाड़ियों से यात्रा कर रहे थे। यह वह समय भी था जब रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायतें वापस ले ली थीं।वर्ष 2018-2019 में 7.1 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने रेलगाड़ियों से यात्रा की, जबकि 2019-20 में यह संख्या बढ़कर 7.2 करोड़ हो गई।महामारी से प्रभावित 2020-21 में, केवल 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 1.9 करोड़ नागरिकों ने रेलगाड़ियों से यात्रा की।

हालांकि, 2021-22 में लगभग 5.5 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने रेलगाड़ियों का इस्तेमाल किया। रेलवे ने यात्रियों की संख्या में कमी के कारण इस श्रेणी से राजस्व में गिरावट देखी है, जिससे आय में 13 प्रतिशत की कमी आई है। आरटीआई के जवाब के अनुसार, 2018-2019 के दौरान वरिष्ठ नागरिक यात्रियों से कुल राजस्व 2,920 करोड़ रुपए, 2019-2020 में 3,010 करोड़ रुपए, 2020-21 में 875 करोड़ रुपए और 2021-22 में 2,598 करोड़ रुपए था। वर्ष 2020 में कोविड-19 की पहली लहर के दौरान लगाए गए कोरोना वायरस से संबंधित यात्रा प्रतिबंध महामारी की दूसरी लहर के अंत तक जारी रहे थे। वरिष्ठ नागरिक महिला यात्री 50 प्रतिशत रियायत के लिए पात्र हैं, जबकि पुरुष और ट्रांसजेंडर लोग सभी वर्गों में 40 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं। महिला यात्रियों के लिए छूट का लाभ उठाने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 58 है, जबकि पुरुषों के लिए यह 60 वर्ष है।

## पंजाब पुलिस ने तस्करी कर लाई गईं आठ चीनी पिस्तौल, 60 गोलियां, दो किलो हेरोइन जब्त की

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से आठ चीनी पिस्तौलें, 60 गोलियां और दो किलोग्राम हेरोइन जब्त की है, जिसे पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारत में तस्करी कर लाया गया था। पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी की पहचान तरनतारन जिले के हवलियां गांव निवासी परमजीत सिंह के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस के पास पुख्ता सूचना थी कि ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की खेप की तस्करी की जाएगी। पुलिस ने कहा कि ड्रोन ने शुक्रवार को भारतीय क्षेत्र के अंदर यह खेप गिरा दी थी और परमजीत सिंह ने शनिवार को इसे बरामद कर लिया। अजनाला रोड पर पुलिस की एक टीम द्वारा रविवार सुबह उसकी कार को रोके जाने के बाद परमजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

## राजस्थान विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का अपमान कर रही है कांग्रेस : धर्मेन्द्र प्रधान

**जयपुर।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को राज्य में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी (कांग्रेस) 2018 के विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का अपमान कर रही है। प्रधान ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के इन आरोपों को खारिज किया कि वह और भाजपा ने 2020 में उनकी सरकार को गिराने का प्रयास किया था। प्रधान ने कहा कि वह कांग्रेस नेताओं की अंदरूनी कलह थी। उस वर्ष जुलाई में, कांग्रेस आलाकमान ने सचिन पायलट को उनके द्वारा गहलोत के खिलाफ बगावत किए जाने के बाद राजस्थान के उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। मुख्यमंत्री द्वारा उनके (प्रधान) और भाजपा के खिलाफ बार-बार आरोप लगाने के बारे में पूछे जाने पर प्रधान ने कहा, नाच न जाने आंगन टेढ़ा। उन्होंने एबीवीपी के राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पुरस्कार समारोह के दौरान कहा, कांग्रेस को जनादेश मिला। सचिन पायलट भाजपा के कार्यकर्ता नहीं हैं, फिर भी कभी-कभी हाय-हैलो हो जाती है। मैं अशोक गहलोत का भी सम्मान करता हूं जो देश के एक सम्मानित जननेता हैं लेकिन वे अपनी अंतर्कलह को छिपाने में सक्षम नहीं हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में राजस्थान की जनता ने कांग्रेस को जनादेश दिया था लेकिन कांग्रेस की ओर से उस जनादेश का सम्मान नहीं किया जा रहा है। प्रधान ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। इससे पूर्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि 15-23 वर्ष आयुवर्ग के लगभग 20 करोड़ लोग अशिक्षित हैं और उन्होंने एबीवीपी कार्यकर्ताओं से उन्हें शिक्षित करने में मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को नई शिक्षा नीति से जोड़कर कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा सकता है।

## न्यायालय की रजिस्ट्री, एनआईसी के पास लाइव स्ट्रीमिंग के लिए तकनीक, बुनियादी ढांचे की कमी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के पास वर्तमान में तीसरे पक्ष के सहयोग के बिना इंटरनेट के माध्यम से अदालती कार्यवाही के सीधे प्रसारण (लाइव-स्ट्रीम) के लिए पर्याप्त तकनीक और बुनियादी ढांचा नहीं है। शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विचारक के.एन. गोविंदाचार्य की याचिका के जवाब में यह जानकारी दी है। शीर्ष अदालत ने 17 अक्टूबर को गोविंदाचार्य की याचिका पर अपनी रजिस्ट्री को नोटिस जारी किया था, जिसमें अदालत की कार्यवाही के सीधे प्रसारण पर कॉपीराइट की सुरक्षा को लेकर यू-ट्यूब के साथ एक विशेष व्यवस्था के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। इसी प्रकार की एक व्यवस्था 2018 के फैसले में की गई थी।

उच्चतम न्यायालय के कंप्यूटर प्रकोष्ठ के रजिस्ट्रार एच एस जग्गी ने एक हलफनामे में कहा, प्रौद्योगिकी में लगातार सुधार हो रहा है और प्रतिवादी संख्या-। (न्यायालय रजिस्ट्री) आत्मनिर्भर प्रणाली विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। यह माननीय न्यायालय के संज्ञान में लाया जा सकता है कि वर्तमान में न केवल रजिस्ट्री, बल्कि एनआईसी के पास भी पर्याप्त तकनीक और ऐसा बुनियादी ढांचा नहीं है जिससे कि बिना किसी तीसरे पक्ष के अनुप्रयोग और समाधान के लाइव स्ट्रीमिंग की जा सके। याचिका में गोविंदाचार्य ने वकील विराग गुप्ता के माध्यम से कहा है कि न्यायालय की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग इस मुद्दे पर शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार की जानी चाहिए जिसमें कहा गया था कि लाइव-स्ट्रीमिंग से की गई कार्यवाही पर कॉपीराइट के अधिकार को छोड़ा नहीं जा सकता है और जैसा कि मौजूदा मामले में है, यू-ट्यूब जैसे मंच द्वारा डेटा का न तो मुद्रीकरण किया जा सकता है और न ही व्यावसायिक रूप से उपयोग किया जा सकता है।

रजिस्ट्रार ने हलफनामे में कहा कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री लगातार स्वपोषित, स्वत: स्फूर्त और आत्मनिर्भर लाइव-स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रही है। जवाब में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर दर्शकों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग सेवाओं की पेशकश करने के लिए तीसरे पक्ष के सहयोग पर निर्भरता अपरिहार्य है। रजिस्ट्री ने शीर्ष अदालत को बताया, हालांकि, यह एक अस्थाईअंतरिम उपाय है। इसे लेकर कार्य प्रगति पर है और पूरी लाइव स्ट्रीमिंग को एक स्व-पोषित परितंत्र बनाने की दिशा में सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

## बाल गृह का कर्मचारी बलात्कार के आरोप में गिरफ्तारः पांच और लड़कियों ने लगाए यौन शोषण के आरोप

**भाषा।** नासिक(महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में एक निजी बाल गृह के निदेशक को 14 वर्षीय एक लड़की से कथित तौर पर बलात्कार करने को लेकर गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद पांच और लड़कियों ने अपना यौन शोषण होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहली घटना 13 अक्टूबर को महसरुल स्थित बाल गृह में हुई थी और इस सिलसिले में 28 वर्षीय निदेशक को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को पीड़िता द्वारा पुलिस में एक शिकायत देने के बाद यह प्रकरण प्रकाश में आया था। उन्होंने बताया कि आरोपी जबरन 14 वर्षीय पीड़िता को भवन के पार्किंग वाले इलाके में टिन से बने एक अस्थाई कमरे में ले गया, उसे मोबाइल फोन पर एक अश्लील वीडियो क्लिप दिखाई और इसके बाद उसके साथ बलात्कार किया। धिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत बलात्कार व अन्य आरोपों में एक मामला दर्ज किए जाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने कहा, पांच और लड़कियों ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उनका यौन शोषण किया है। उनकी मेडिकल जांच कराई गई है और रिपोर्ट का इंतजार है। हमने भवन के मालिक का बयान दर्ज किया है, जहां यह केंद्र संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## अमर कॉलोनी को तेलिन ब्लैक नाइट फिल्म महोत्सव में स्पेशल ज्यूरी पुरस्कार

**मुंबई।** निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की पहली फीचर फिल्म अमर कॉलोनी को 26वें तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में स्पेशल ज्यूरी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। यह एस्टोनिया की राजधानी तेलिन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले महोत्सव में प्रथम फीचर प्रतियोगिता में प्रदर्शित होने वाली एकमात्र फिल्म थी। शिमला में फिल्माई गई निमिषा नायर, संगीता अग्रवाल और उषा चौहान अभिनीत यह फिल्म अमर कॉलोनी में एक चॉल में रहने वाली तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। चौहान ने कहा कि वह प्रतिष्ठित समारोह में फिल्म के पुरस्कार जीतने को लेकर उत्साहित हैं। निदेशक ने एक बयान में कहा, यूरोपीय दर्शकों और महोत्सव ने हमारी फिल्म के प्रति जो प्यार दिखाया है, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं। मुझे वास्तव में मेरी फिल्म के लिए इस तरह की प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी मैं इस योग्य समझने के लिए ज्यूरी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

# केजरीवाल के करीबी लोग सत्येन्द्र जैन के वीडियो लीक करा रहे हैंः भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी लोग जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सतएंद्र जैन की वीडियो और जानकारी लीक करा रहे हैं। भाजपा के इस आरोप पर आप की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जैन को तिहाड़ जेल में वीआईपी सुविधाओं का आनंद लेते हुए दिखाने वाले सिलसिलेवार वीडियो सोशल मीडिया मीम या अखबार के कार्टून का मामला नहीं है, बल्कि नैतिकता का मामला है। जैन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में 31 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनके कुछ वीडियो सामने आए हैं, जिनमें वह कथित रूप से मसाज कराते, अन्य सुविधाओं का लाभ लेते और जेल अधीक्षक से मिलते दिख रहे हैं। ये वीडियो सामने आने के बाद से जैन राजनीतिक आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं।

पात्रा ने केजरीवाल पर इस मुद्दे पर सरासर झूठ बोलने का भी आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह एक आम बात हो गई है क्योंकि कभी (जैन के) मालिश का वीडियो सामने आता है तो कभी जैन की जेल की कोठरी में जेल अधीक्षक के बैठे होने का वीडियो मिलता है। पात्रा ने कहा कि रविवार को एक नया वीडियो सामने आया जिसमें 10 लोग आप नेता की कोठरी की सफाई करते दिख रहे हैं। इस कथित वीडियो को संवाददाता सम्मेलन में प्रदर्शित किए जाने के बाद भाजपा नेता ने दावा किया कि 10 व्यक्तियों को जैन की कोठरी को साफ रखने का जिम्मा सौंपा गया है। पात्रा ने इन कथित वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक गंभीर मामला है न कि सोशल मीडिया मीम या अखबारों में कार्टून का मामला। उनका कहना था कि यह नैतिकता का मामला है, जिसे बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। जैन ने हाल ही में यहां एक अदालत में याचिका दायर कर ईडी के खिलाफ अवमानना कार्वाई की मांग की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ईडी ने जेल की कोठरी के सीसीटीवी फुटेज लीक करने की अनुमति दी है। याचिकाकर्ता ने इसे रोकने का भी आग्रह किया था। ईडी ने अदालत में दावा किया था कि तिहाड़ जेल के अंदर उनके साथ विशेष व्यवहार किया जा रहा है। ईडी ने अपने दावे के पक्ष में सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी पेश किया था। पात्रा ने कहा, ए वीडियो और सूचनाएं जेल अधिकारी नहीं दे रहे हैं। ए उनके (आप के) अपने लोग और केजरीवाल के करीबी मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा, ..... हम शीघ्र ही सूत्र के नाम का खुलासा करेंगे।

# मुझे थरूर के समक्ष खलनायक की तरह पेश किया गयाः सतीशन

**कोच्चि।** केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने रविवार को उनके और अपनी पार्टी (कांग्रेस) के सांसद शशि थरूर के बीच किसी प्रकार के मतभेद की खबरों को सिरे से खारिज किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीशन ने कहा कि कुछ ऐसी खबरें गढ़ी जा रही हैं जिसमें थरूर और उनके बीच कुछ मुद्दा होने का जिक्र किया जा रहा है और उन्हें खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है। उनकी टिप्पणी इन खबरों के बीच आई है कि सतीशन और कांग्रेस का एक वर्ग थरूर के मालाबार दौरे से परेशान है तथा उन्हें आशंका है कि तिरुवनंपुरम के सांसद थरूर 2026 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के मुख्यमंत्री पद के आदर्श उम्मीदवार के रूप में उतर सकते हैं। थरूर के साथ मतभेद या किसी टकराव से इनकार करते हुए सतीशन ने कहा कि वह उन्हें (थरूर को) प्यार करते हैं और उनका सम्मान करते हैं। सतीशन ने ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश स्तर सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद मैंने उन्हें कोच्चि में एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया था, जिसे एक ऐसे समूह ने आयोजित किया था, जिसमें मैं बढ़-चढ़कर आगे हूं। लेकिन वह संसदीय कर्तव्यों की वजह से नहीं आ पाए। मैंने ही उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया था। इसलिए कोई यह प्रश्न क्यों पूछे कि मैं उनसे बात करूंगा या नहीं? मैं उन लोगों से भी बात करता हूं जिन्हें मैं पसंद नहीं करता, लेकिन मैं तो उन्हें (थरूर को) प्यार करता हूं, उनका सम्मान करता हूं। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि उन्हें थरूर से ईर्ष्या है और यह सही है। उन्होंने हास्य शैली में कहा, यह सच है। हम उनसे ईर्ष्या करते हैं। जब हम किसी ऐसे व्यक्ति को देखते हैं जिसके पास वो कौशल हैं जो हमारे पास नहीं है तो क्या हमें जलन नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मजाकिए लहजे में कहा, मैं उदास हूं कि कोई मुझसे नहीं जलता है। उन्होंनें कहा कि बस इतनी बात है, लेकिन उसके इर्द-गिर्द बहुत सारी खबरें और बातें बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी पर दोष नहीं मढ़ रहे हैं, लेकिन जब कोई कहानी गढ़ी जाती है तो खलनायक की जरूरत होती है और इस बार खलनायक बनना उनकी ही किस्मत में आया। इससे पहले दिन में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा था कि वह पार्टी की केरल इकाई में किसी से परेशान या नाराज नहीं हैं तथा उन्हें किसी से बातचीत करने में कोई परेशानी नहीं है क्योंकि हम बालविहार में नहीं जहां एक दूसरे से बातचीत करने की मनाही हो। यहां सम्मेलन में हिस्सा लेने आए थरूर ने संवाददाताओं से कहा था कि उन्होंने पार्टी में किसी के विरुद्ध कुछ नहीं बोला है, न ही उसके (पार्टी के) निर्देश के विरुद्ध कुछ किया, ऐसे में उन्हें समझ नहीं आ रहा कि क्यों ऐसा विवाद खड़ा किया गया है। कार्यक्रम से पहले संवाददाताओं से कहा था, मैं किसी से परेशान या नाराज नहीं हूं। मैंने किसी को दोषी नहीं ठहराया है या किसी पर आरोप नहीं लगाया है। मेरी तरफ से कोई शिकायत या मुद्दा नहीं है। मुझे सभी को एक जैसा देखने में कोई दिक्कत नहीं है और मुझे किसी से बातचीत करने में कोई परेशानी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के सुधाकरण से बातचीत करेंगे, तब उन्होंने कहा था कि वह (सुधाकरण) स्वस्थ नहीं हैं और वह वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेंगे। सतीशन के बारे में उन्होंने कहा था, यदि कार्यक्रम स्थल पर हमारी मुलाकात होती है तो हम मिलेंगे। उन्होंने सवाल किया, यदि वे मुझसे बात करेंगे तो मैं क्यों नहीं बात करूंगा? हम बालविहार में थोड़े ही हैं कि एक-दूसरे से बातचीत न करें। लेकिन यदि एक वक्त पर एक ही जगह पर हम नहीं हैं तो हम कैसे एक-दूसरे से बातचीत करेंगे। सतीशन ने हाल में थरूर का नाम लिए बिना कहा था कि पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी या समानांतर गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि ऐसे कदमों से गंभीरता से निपटा जाएगा। थरूर के मालाबार दौरे के आलोक में विपक्ष के नेता द्वारा दिए गए कई बयानों में से यह एक बयान है। प्रदेश में कांग्रेस का एक अहम वर्ग परेशान है और कुछ को इस कदम के पीछे एजेंडा नजर आता है। उनके हाल के दौरे पर बढ़ते विवाद के बीच प्रदेश कांग्रेस की अनुशासन समिति ने शनिवार को अपने नेताओं को हर स्थान पर कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान संबंधी पार्टी मंचों की अनदेखी नहीं करने का कड़ा निर्देश दिया। समिति ने पार्टी नेताओं को ऐसे कार्यक्रमों में जाने की पहले से सूचना देने का भी निर्देश दिया। जब रविवार को संवाददाताओं ने थरूर के सामने यह विषय उठाया तो उन्होंने कहा कि जब भी वह किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में जाते हैं तो जिला कांग्रेस अध्यक्षों को सदैव सूचना दी जाती है। उन्होंने कहा कि चूंकि यह निजी कार्यक्रम था तो उसके बारे में जिला कांग्रेस अध्यक्ष को सूचना देने की जरूरत नहीं थी।

# यूक्रेन में रूस की गोलीबारी रही जारी

भाषा। खेरसॉन

**यूक्रेन के** पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में रातभर रूसी सैन्यबलों की गोलाबारी होती रही जबकि यूक्रेनी अधिकारी बिजली, पानी की आपूर्ति एवं उष्मा संबंधी सेवाओं की बहाली के प्रयास में जुटे रहे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने यूक्रेन की राजधानी कीव में रविवार को भी बर्फबारी जारी रहने का अनुमान लगाया है और कहा है कि भयंकर सर्दी का लड़ाई की दिशा और दशा पर असर पड़ सकता है। रूस के इस वर्ष फरवरी में यूक्रेन पर धावा बोलने के बाद से दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है। विशेषज्ञों ने कहा कि फिलहाल दोनों ही पक्ष भारी बारिश तथा उसके फलस्वरूप कुछ क्षेत्रों में कीचड़ हो जाने के कारण बहुत परेशान हैं। पिछले दो हफ्तों में कम से कम दो बार रूस के भीषण तोप हमलों के बाद यूक्रेन में अवसंरचना टीम अहम बुनियादी सेवाओं की बहाली के लिए दिन-रात जुटी हैं, क्योंकि कई यूक्रेनवासियों ने कहा था कि उनके पास दिन में महज कुछ घंटे के लिए ही बिजली की सुविधा है। सरकारी बिजली ग्रिड संचालक यूक्रेनेर्गो ने रविवार को कहा कि विद्युत उत्पादक अब करीब 80 फीसद मांग की पूर्ति कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि इसमें शनिवार की तुलना में सुधार है। यूक्रेन के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे थिंक टैंक द इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी ऑफ वार ने कहा है कि दोनों ही पक्षों ने संकेत दिया है कि भारी बारिश एवं कीचड़ से उनपर असर पड़ा है, लेकिन आने वाले दिनों में हाड़ कंपानी वाली सर्दी की और भूमिका हो सकती है।



यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में रातभर रूसी सैन्यबलों की गोलाबारी के बाद क्षतिग्रस्त मकान को देखती महिला

# तीन शूटरों ने मुझे जान से मारने की कोशिश की थी: इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया कि इस महीने की शुरुआत में वजीराबाद शहर में विरोध मार्च के दौरान तीन शूटरों ने उन्हें जान से मारने की कोशिश की थी। तीन नवंबर को पंजाब के वजीरिस्तान इलाके में बंदूकधारियों ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान पर हमला किया था, जिसमें उनके दाएं पैर में गोली लगी थीं। उस समय वह सरकार पर जल्द चुनाव कराने का दबाव बनाने के लिए आयोजित मार्च का नेतृत्व कर रहे थे। खान ने शनिवार रात शहर में अपनी पार्टी की एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पहले जिन दो हमलावर की पहचान की जा चुकी है, उनमें से एक ने उन पर और पीटीआई के अन्य नेताओं पर गोली चलाई थी। दूसरे शूटर ने कंटेनर के सामने वाले हिस्से पर गोलीबारी की जबकि तीसरे हमलावर को पहले हमलावर को खत्म करने का काम सौंपा गया था। खान (70) ने दावा किया कि इस तीसरे हमलावर ने रैली में एक व्यक्ति को मार डाला, जबकि वह पहले हमलावर को मारने की कोशिश कर रहा था। हमले के एक दिन बाद लाहौर के शौकत खानम अस्पताल से राष्ट्र को संबोधित करते हुए खान ने कहा था कि दो हमलावरों ने उनके दाहिने पैर में चार गोलियां मारी थीं। उन्होंने कहा कि वह एक कंटेनर पर थे तभी उन पर गोलियों की बौछार करने का निर्देश दिया गया था। फिर दूसरा हमला किया गया, उसमें दो लोग शामिल थे। खान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि उनकी हत्या के असफल प्रयास में जिन तीन लोगों का हाथ था, वे उन्हें फिर से निशाना बनाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। खान ने कई बार आरोप लगाया है कि उन पर हमले के पीछे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई काउंटर इंटेलिजेंस विंग के प्रमुख मेजर-जनरल फैसल नसीर का हाथ था।

# पाकिस्तानी सेना ने जनरल बाजवा की संपत्ति संबंधी खबरों को खारिज किया

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी सेना** ने रविवार को मीडिया की इन खबरों को खारिज कर दिया कि निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान अरबपति बन गए। सेना ने इन खबरों को भ्रामक और घोर झूठ तथा दुर्भावनापूर्ण बताया। जनरल बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार मिला था। फैक्टफॉकस वेबसाइट द्वारा प्रकाशित एक खबर के अनुसार, जनरल बाजवा (61) के परिवार के कथित कर रिकॉर्ड, (देश-विदेश में) उनकी (सेनाप्रमुख की) संपत्तियों और कारोबार की मौजूदा बाजार कीमत 12.7 अरब रुपए है। रविवार को आखिरकार सेना ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उसके कुछ दिन पहले शहबाज शरीफ सरकार ने जनरल बाजवा तथा उनके परिवार के सदस्यों के कर रिकॉर्ड लीक करने में शामिल दो अधिकारियों को सेवा से निलंबित कर दिया और मामले की जांच शुरू की थी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल बाजवा और उनके परिवार की संपत्तियों से जुड़े भ्रामक आंकड़े सोशल मीडिया पर साझा किए गए और कल्पना पर आधारित आंकड़े विभिन्न मंचों पर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए। सेना के बयान में कहा गया है, यह पूरी तरह झूठ तथा दुर्भावना पर आधारित है। इसमें कहा गया है कि जनरल बाजवा, उनकी पत्नी और परिवार के बाकी सदस्यों की संपत्ति संघीय राजस्व बोर्ड को घोषित की गई है। यह झूठी धारणा बनाई जा रही है कि ए संपत्तियां जनरल बावजा के बेटे के ससुर ने उनके छह साल के कार्यकाल के दौरान अर्जित की। सेना का कहना है कि सेना प्रमुख और उनका परिवार नियमित तौर पर कर रिटर्न भरते हैं। बयान में कहा गया है, हर नागरिक की तरह सेना प्रमुख और उनके परिवार भी अपनी संपत्तियों को लेकर कर प्रशासन के प्रति जवाबदेह हैं। फैक्टफॉकस वेबसाइट ने अपने पेज पर 2013 से 2021 तक जनरल बाजवा और उनके परिवार के कथित संपत्ति ब्योरे को साझा किया है। यह वेबसाइट अपने को आंकड़े के आधार खोजी पत्रकारिता करने वाला पाकिस्तान आधारित डिजीटल मीडिया समाचार संगठन बताती है। खबर में दावा किया गया है कि जनरल बाजवा की पत्नी आयशा अमजद की संपत्ति 2016 के शून्य से बढ़कर छह वर्ष में 2.2 अरब रुपए हो गई है। उसने कहा कि इनमें सेना द्वारा उनके पति को दिए रिहायशी प्लॉट, वाणिज्यिक भूखंड और मकान की कीमत शामिल नहीं है।

# 26-11 की बरसी पर न्यूयार्क में प्रवासी भारतीयों ने किया पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन

एपी। न्यूयार्क (अमेरिका)

**न्यूयार्क में** प्रवासी भारतीयों ने 26।11 के मुंबई हमले की 14वीं बरसी पर पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया तथा इस नृशंस हमले के गुनहगारों को इंसाफ के कठघरे में खड़ा करने की मांग की। ये लोग वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिनपर मुंबई 26।11 , हम नहीं माफ करेंगे और पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाओ जैसे नारे लिखे थे। उन्होंने वाणिज्य दूतावास के बाहर डिजिटल वाहन खड़ा कर रखा था जिसपर 26।11 के षडयंत्रकर्ता हाफिज सईद, आतंकवादी अजमल कसाब तथा हमले के दौरान मुंबई के ताज होटल से उठ रही आग की तस्वीरें दिखाई गईं। वर्ष 2008 में 26 नवंबर को मुंबई हमला शुरू हुआ था जो 29 नवंबर, 2008 तक चला था। इस हमले में कई विदेशी नागरिकों समेत 166 लोगों की जान गई थी तथा 300 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की दुनियाभर में निंदा की गई थी। भारतीय सुरक्षाबलों के हाथों नौ पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए थे। अजमल कसाब एकमात्र ऐसा आतंकवादी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया था। उसे चार साल बाद 21 नवंबर, 2012 को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। प्रदर्शनकारी शशांक तेलकिकर ने कहा, हम अनुरोध करते हैं कि जबतक (पाकिस्तान में) आतंकवादियों को इंसाफ के कठघरे में खड़ा नहीं किया जाता है, तबतक सभी समान विचारधारा वाले देश एकसाथ आएं और पाकिस्तान पर पाबंदियां लगाएं। अन्य प्रदर्शनकारी रविशंकर ने कहा कि सरकार-प्रायोजित इस कायराना हरकत का विरोध करने के लिए प्रवासी भारतीय पाकिस्तान वाणिज्य दूतावास के सामने जुटे हैं। उन्होंने कहा, हम (इस हमले को) कभी नहीं भूलेंगे, कभी नहीं माफ करेंगे। विलास रेड्डी ने कहा कि सभी देशों को आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में एकजुट होना चाहिए और पाकिस्तान को वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) की काली सूची में फिर डाला जाना चाहिए।

## पीओके की नीलम घाटी में नाले में गिरी जीप, छह महिलाओं की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की नीलम घाटी में रविवार को एक जीप के नाले में गिरने से छह महिलाओं की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। डॉन समाचार पत्र ने जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी अख्तर अय्यूब के हवाले से बताया कि घटना दुधनियाल के छरी इलाके में अपराह्न करीब तीन बजे हुई जब जीप 300 फुट गहरे सूखे नाले में गिर गई। उन्होंने बताया कि हादसे में छह महिलाओं की मौत हो गई।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज दिल्ली में मार्च तक शुरू करेगी 8,000 करोड़ रुपए की आवासीय परियोजना

भाषा। नई दिल्ली

**संपत्ति की** खरीद-बिक्री का काम करने वाली कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज आगामी मार्च तिमाही में दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक लक्जरी (महंगे घर) आवासीय परियोजना लेकर आएगी जिससे उसे 8,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने लक्जरी आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी, 2020 में करीब 27 एकड़ भूमि।,359 करोड़ रुपए में खरीदी थी। यह जमीन रेल भूमि विकास प्राधिकरण की थी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि अशोक विहार में अपनी आगामी परियोजना का काम शुरू करने और बिक्री के लिए उसे अंतिम मंजूरी मिलना अभी बाकी है। उन्होंने कहा, मंजूरी को लेकर अच्छी प्रगति हो रही है। हमें उम्मीद है कि चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में परियोजना शुरू हो जाएगी। पिरोजशा ने कहा कि यह परियोजना कुल 40 लाख वर्गफुट क्षेत्र में विकसित की जाएगी और इससे 8,000 करोड़ रुपए का बिक्री राजस्व मिलने की उम्मीद है। इससे पहले मई में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस के निकट गोदरेज कनॉट वन नाम की छोटी लक्जरी परियोजना शुरू की थी। इससे पहले दक्षिण दिल्ली के ओखला में एक परियोजना शुरू की थी। बीते वित्त वर्ष में 7,861 करोड़ रुपए की कंपनी की कुल बिक्री बुकिंग में दिल्ली-एनसीआर के बाजार का योगदान करीब 40 प्रतिशत है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2022-23 के लिए 10,000 करोड़ रुपए की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य रखा है जिसमें दिल्ली-एनसीआर की बड़ी हिस्सेदारी होगी।

# नोबेल विजेता डगलस डॉयमंड ने कहा, अमेरिका के दरों में वृद्धि की रफ्तार घटाने पर स्थिर होगा रुपया

नई दिल्ली, (भाषा)

**आर्थिक विज्ञान** में इस साल के नोबेल पुरस्कार के विजेता डगलस डब्ल्यू डायमंड ने कहा है कि विनिमय दर का अनुमान लगाना कठिन है हालांकि जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति कम होगी तब रुपए में भी स्थिरता आएगी। अमेरिकी अर्थशास्त्री ने पीटीआई-भाषा को ईमेल के जरिए भेजे साक्षात्कार में कहा कि जब अमेरिका विनिमय दरों को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाता है तब डॉलर मजबूत होता है तथा जब अमेरिका और भारत में ब्याज दर लगभग एक समान स्तर पर आ जाएंगी, तो चीजें सामान्य होने लगेंगी। शिकॉगो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर डगलस डब्ल्यू डायमंड को अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पूर्व चेयरमैन बेन बेर्नान्के और अमेरिका के अर्थशास्त्री फिलिप एच डिबविग के साथ नोबेल पुरस्कार मिला है। उनके अध्ययन का विषय था कि बैंकों को बर्बाद होने से बचाना क्यों आवश्यक है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में निरंतर गिरावट आने के बारे में एक सवाल के जवाब में डायमंड ने कहा, विनिमय दरों का अनुमान लगाना कठिन है। जब अमेरिका दरों में अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि करता है, तो डॉलर में मजबूती आती है। जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति घटेगी, तब रुपए में स्थिरता आएगी। शुक्रवार को, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 81.54 पर प्रति डॉलर पर था। डायमंड ने कहा कि बैंकों की निगरानी प्रणाली तब अच्छी तरह से काम करती है जब उनके पास काफी पूंजी होती है और बैंक के अंदरूनी लोगों को बहुत कम उधार मिलता है। उन्होंने कहा, मेरा अनुमान है कि भविष्य में भी यह जारी रहने वाला है। बचतकर्ताओं को उंच्चा रिटर्न मिले इसके लिए बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा भी जरूरी है। नोबेल पुरस्कार विजेता डायमंड ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम जी राजन के साथ 2001 में थ्योरी ऑफ बैंकिंग पर काम किया था। उन्होंने कहा कि इसमें से निकले निष्कर्षों में से एक यह था कि बैंकों को अनुशासित करने के लिए उनका थोड़ा कमजोर होना जरूरी है। बीते 40 वर्ष में उनके अध्ययन का उद्देश्य यह समझाना रहा है कि बैंक क्या करते हैं, क्यों करते हैं और इन व्यवस्था का परिणाम क्या होता है। अर्थव्यवस्था में विशेषकर संकटकाल में बैंकों की भूमिका को और बेहतर तरीके से समझाने वाले अध्ययन के लिए उन्हें नोबेल मिला है।

## सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र की सबसे ज्यादा परियोजनाएं समय से पीछे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग क्षेत्र में सबसे अधिक 243 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इसके बाद 114 परियोजनाओं के साथ रेलवे और 89 परियोजनाओं के साथ पेट्रोलियम क्षेत्र का स्थान है। एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग से संबंधित 826 में से 243 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रेलवे की 173 परियोजनाओं में 114 देरी से आगे बढ़ रही हैं। पेट्रोलियम क्षेत्र की 142 में 89 परियोजाएं समय से पीछे हैं। अवसंरचना और परियोजना निगरानी प्रभाग (आईपीएमडी) केंद्रीय क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक लागत की परियोजनाओं की निगरानी करता है। यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के तहत आता है। मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे लंबित परियोजना है। यह अपने निर्धारित समय से 276 महीने पीछे है।

# वृहद आंकड़ों, वैश्विक रुझानों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा : विश्लेषक

एजेंसी। नई दिल्ली

**शेयर बाजार** की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उनका कहना है कि सप्ताह के दौरान वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े भी आने हैं, जो बाजार को दिशा देने में भूमिका निभाएंगे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट जैसे अनुकूल कारकों से पिछले सप्ताह दलाल पथ पर तेजड़िए हावी रहे। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 630.16 अंक या एक प्रतिशत चढ़ा था। शुक्रवार को सेंसेक्स 62,293.64 अंक पर बंद हुआ, जो इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 18,512.75 अंक के अपने नए रिकॉर्ड



स्तर पर बंद हुआ। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दूसरी तिमाही के आंकड़े आने हैं। इसके अलावा वाहन बिक्री के आंकड़े भी आएंगे। वैश्विक मोर्चे पर बाजार अमेरिका के आंकड़ों और डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड प्रतिफल के उतार-चढ़ाव पर नजर रखेगा। इसके अलावा चीन से आने वाली खबरें भी बाजार के उतार-चढ़ाव की वजह बन सकती हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष-तकनीकी शोध अजित मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह बाजार भागीदारों की निगाह संकेतकों के लिए जीडीपी और विनिर्माण पीएमआई के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही एक दिसंबर को वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े भी आएंगे। दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े बुधवार को आएंगे। वहीं विनिर्माण क्षेत्र के लिए खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का आंकड़ा बृहस्पतिवार को जारी किया जाएगा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, इस सप्ताह फेडरल रिजर्व के प्रमुख का संबोधन भी है। उनके संबोधन के अलावा अन्य वृहद आर्थिक आंकड़े बाजार की दिशा तय करेंगे।

# सर्दियों के उत्पादों की शुरुआती मांग से एफएमसीजी कंपनियां उत्साहित

भाषा। नई दिल्ली

**दैनिक उपभोग** का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियां सर्दियों के उत्पादों की शुरुआती मांग और सकारात्मक रूझान से उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि पारा जैसे-जैसे गिरता जाएगा, इन उत्पादों का इस्तेमाल भी बढ़ेगा और ग्रामीण इलाकों से वृद्धि को गति मिलेगी। डाबर, इमामी और मैरिको जैसी कंपनियों के सर्दियों के उत्पादों की बिक्री तेज हुई है जिनमें त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों से लेकर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले च्यवनप्राश और शहद जैसे उत्पाद शामिल हैं। कंपनियों को उम्मीद है कि फसल अच्छी रहने और सामान्य मुद्रास्फीति में नरमी आने से आगामी तिमाहियों में ग्रामीण क्षेत्रों में बिक्री बढ़ेगी। ई-कॉमर्स और व्यापार के आधुनिक माध्यमों पर भी सर्दियों के उत्पादों की बिक्री अच्छी बनी हुई है। मैरिको में मुख्य परिचालन अधिकारी (भारत में कारोबार) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (नया कारोबार) संजय मिश्रा ने कहा कि सफोला इम्युनिवेदा श्रृंखला के उत्पादों और बॉडी लोशन जैसे के लिए सर्दियों का मौसम अहम होता है जिनके लिए विशेषकर उत्तरी क्षेत्र से मांग आती है। उन्होंने कहा, सर्दियों शुरू होने के साथ ही इस साल भी इन उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ गया है। मिश्रा ने कहा, हमें भरोसा है कि इन सर्दियों में बॉडी लोशन की श्रेणी में मांग में वृद्धि सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक रहेगी। डाबर इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी आदर्श शर्मा ने कहा, अभी तो सर्दियां शुरू ही हुई हैं, हमारे उत्पादों की शुरुआती मांग में निरंतरता बनी हुई है। यदि इस बार अच्छी ठंड पड़ेगी तो मांग में और तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि शहरी बाजारों की तुलना में ग्रामीण बाजारों में मांग अब भी कम है। हालांकि, फसल अच्छी रहने से आगामी तिमाही में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली मांग में वृद्धि की उम्मीद है। इमामी में अध्यक्ष (बिक्री-सीसीडी) विनोद राव ने कहा कि मुद्रास्फीति के कारण मांग संबंधी चुनौतियों के बावजूद कंपनी के सर्दियों के उत्पादों का प्रदर्शन ग्रामीण बाजारों के साथ-साथ थोक बिक्री भी में अच्छा रहने वाला है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष बड़े पैकेट वाले उत्पादों की बिक्री भी बढ़ी है।

## क्विक न्यूज

### नेपाल चुनाव में प्रधानमंत्री देउबा की सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी

**काठमांडू।** नेपाल के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस अब तक सामने आए नतीजों में 53 सीट पर जीत दर्ज करके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। देश की 275 सदस्ईय प्रतिनिधि सभा की 165 सीट का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान से जबकि शेष 110 सीट का चुनाव आनुपातिक चुनाव प्रणाली के जरिए होता है। प्रतिनिधि सभा और सात प्रांतीय विधानसभाओं के चुनाव 20 नवंबर को हुए थे। मतों की गिनती सोमवार को शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत अकेले 53 सीट जीती हैं जबकि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (यूएमएल) ने 42 सीट पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा, सीपीएन-माओवादी सेंटर 17 सीट जीतकर तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी है जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट ने 10 सीट जीती है। नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने सात-सात सीटों पर कब्जा जमाया है। निर्दलीय उम्मीदवारों एवं अन्य छोटे दलों के खाते में 21 सीट गई है। 165 सीट में से आठ के नतीजे आने बाकी हैं। पांच दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन ने 85 सीटों पर जीत हासिल की है जबकि सीपीएन-यूएमएल के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 55 सीट पर कब्जा जमाया है।

### रिलायंस निप्पॉन लाइफ के अधिग्रहण की दौड़ तेज, भारत आएंगे निप्पॉन के शीर्ष अधिकारी

**नई दिल्ली।** रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएनएलआईसी) में रिलायंस कैपिटल की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की दौड़ तेज हो गई है। सूत्रों ने बताया कि संयुक्त उद्यम में जापानी साझेदार के शीर्ष अधिकारी इस सप्ताह भारत का दौरा कर सकते है। उन्होंने बताया कि निप्पॉन इंडिया के अधिकारी दिवाला कानून के तहत चल रही समाधान प्रक्रिया से संबंधित अपनी चिंताओं को दूर करने करने भारत आ रहे हैं। जापान की निप्पॉन लाइफ के पास आरएनएलआईसी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह रिलायंस कैपिटल की हिस्सेदारी हासिल करने की दौड़ में आदित्य बिड़ला सन लाइफ के प्रवेश का विरोध कर रही है।

### गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स वृद्धि को गति देने के लिए 2024-25 तक करेगी 500 करोड़ रुपए का निवेश

**मुंबई।** लॉजिस्टिक्स कंपनी गेटवे डिस्ट्रीपार्क्स (जीडीएल) वृद्धि की अपनी योजनाओं को गति देने के लिए 2024-25 तक कम से कम 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। जीडीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रेम किशन दास गुप्ता ने कहा कि जयपुर में ग्रीनफील्ड अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) तैयार हो रहा है और काशीपुर में आईसीडी टर्मिनल का अधिग्रहण आने वाले महीनों में पूरा होने की उम्मीद है, इनके साथ जीडीएल की योजना 2024-25 तक कुल पांच आईसीडी जोड़ने की है। कंपनी के देश में पांच कंटेनर माल लदाई स्टेशन और कई आईसीडी हैं। गुप्ता ने कहा, हम अब से लेकर 2024-25 तक कम से कम 500 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि कंपनी काशीपुर आईसीडी में 165 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा पहले ही कर चुकी है।

### दिवाला समाधान के तहत कुल वसूली दर सितंबर तिमाही में घटकर 30.18 प्रतिशत पर: रिपोर्ट

**मुंबई।** कर्ज के बोझ से दबी कंपनियो की दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत कुल वसूली दर सितंबर तिमाही के अंत मे घटकर 30.18 प्रतिशत रह गई। केयर रेटिंग द्वारा आईबीबीआई के आंकड़ों का विश्लेषण करने से यह जानकारी मिली। इससे संकेत मिलता है कि कर्जदाता वसूली के लिए बकाया राशि मे अधिक कटौती कर रहे है। कुल वसूली दर वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में 43 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की विभिन्न पीठों द्वारा स्वीकार किए गए वित्तीय लेनदारों के 7,90,626.2 करोड़ रुपए के दावों में से केवल 2,43,452.5 करोड़ रुपए या 30.18 प्रतिशत ही वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही के अंत तक वसूल किए गए है। भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) को लागू करने वाली एक प्रमुख संस्था है।

### सीआईआई ने रिजर्व बैंक से ब्याज दर में बढ़ोतरी की रफ्तार घटाने को कहा

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत बीते दिनो ब्याज दरो मे हुई बढ़ोतरी के प्रतिकूल असर को महसूस कर रहा है। इसके साथ ही सीआईआई ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अनुरोध किया है कि वह ब्याज दर में बढ़ोतरी की रफ्तार घटाए। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में अभी तक रेपो दर मे 1.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ब्याज दर पर विचार करने के लिए केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति की समिति की बैठक दिसंबर के पहले सप्ताह में होगी। सीआईआई के विश्लेषण के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2022) मे बड़ी संख्या मे कंपनियो की आय और मुनाफे मे कमी आई है।

### समुदाय सामाजिक कल्याण के लिए साहसिक सवारी

**लखनऊ।** टीवीएस यूरोग्रिप की मुख्य सामाजिक राइडिंग कार्यक्रम ब्रंच एंड बाइकिंग के 5 सफल आयोजनों के बाद ने लखनऊ के कैसर बाग में अपनी पहली ब्रंच एंड बाइकिंग, सनराइज राइड को हरी झंडी दिखाई। सवार समाज कल्याण के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एक साथ आए।विभिन्न व्यवसायों और आयु समूहों के कुल 60 बाइकिंग उत्साही सुबह की सवारी के लिए पूर्ण सुरक्षा गियर पहने मौजूद थे। यह सभी सवारों के लिए 1 घंटे की दिलचस्प सवारी थी क्योंकि वे शहर के मुख्य स्थानों और राजमार्ग से गुजरते हुए एक लोकप्रिय स्थान पर आकर रुके और सभी ने मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए टीवीएस के विक्रय एवं विपणन के ईवीपी पी माधवन ने कहा कि चंडीगढ़, चेन्नई, भुवनेश्वर, बेंगलुरु और पुणे में ब्रंच एंड बाइकिंग के पांच संस्करण आयोजित करने के बादए हमें सामुदायिक सवारी का एक नया प्रारूप.,सनराइज राइड्स पेश करने की खुशी है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस पेश की

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस का अनावरण कर इनोवाकी यात्रा में एक नए युग की शुरुआत की। यह एक सेल्फ़चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल एसएचईवीद्ध है। टोयोटा न्यू ग्लोबल आर्किटेक्चर ;टीएनजीएद्ध पर आधारितए नवीनतम इनोवा भारतीय ग्राहकोंको आकर्षित करने के लिए टोयोटा की विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त गुणवत्ताए स्थायित्व और उन्नत तकनीकद्वारा समर्थित विश्वसनीयता का जश्न मनाती है। नई इनोवा हाईक्रॉस टीएनजीए 2।0 लीटर के साथ 5वीं पीढ़ी के सेल्फ़चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिकसिस्टम द्वारा संचालित है जिसमें 4 सिलेंडर गैसोलिन इंजन और ई.ड्राइव अनुक्रमिक शिफ्ट के साथ एकमोनोकॉक फ्रेम 137 केडब्ल्यू 186 पीएसद्ध का अधिकतम पावर आउटपुट देता हैए जो तेजी से त्वरण प्रदानकरता है और सेगमेंट ईंधन अर्थव्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ है। टोयोटा इनोवा के चीफइंजीनियर हिदेकी मिजुमा ने कहा कि इनोवा भारतकी गतिशीलता यात्रा में एक प्रतिष्ठित वाहन बन गया है और यह एक घरेलू नाम है। आज हमें अपने भारतीयग्राहकों के लिए पूरी तरह से नई इनोवा हाईक्रॉस लॉन्च करने की खुशी है।

# गोवंश को विस्फोटक पदार्थ लगाकर जबडा उड़ाया,मौत

संवाददाता। बांदा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोवंश ड्रीम प्रोजेक्ट इसी प्रोजेक्ट पर कुछ अराजक तत्व अर्थात कुछ मुस्लिम ऐसी भयानक कृत्य किया है क्षमा योग्य नहीं है। बांदा में अराजक तत्वों के द्वारा एक गोवंश के जबड़े में विस्फोटक पदार्थ लगाकर उसका जबड़ा उड़ाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर गाय का प्राथमिक उपचार कर उसे गौशाला में भेज दिया गया जहां बाद मैं गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। बाद में पुलिस की देखरेख में गोवंश का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात अराजक तत्वों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है । वही इस मामले में आक्रोशित गौ सेवकों ने पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान का है जहां रात रात कुछ अराजक तत्वों ने एक गोवंश के जबड़े में विस्फोटक लगाकर उसका जबड़ा उड़ा दिया जिसकी वजह से गोवंश बुरी तरह जख्मी हो गई थी। स्थानीय लोगों ने जब गोवंश को देखा तो इसकी सूचना पुलिस और गौ रक्षा समिति को दी पुलिस और सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर पशु चिकित्सक को बुला घायल गोवंश का प्राथमिक उपचार करा कर उसे गौशाला भेज दिया लेकिन आज गौशाला में घायल गोवंश की दर्दनाक मृत्यु हो गई इसके बाद गौ रक्षा समिति के सदस्यों ने गोवंश का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस की मौजूदगी में विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से आक्रोशित गौ रक्षा समिति के सदस्यों ने इस मामले में पुलिस.प्रशासन से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**अन्ना पशुओं से परेशान किसान पहुंचे अधिकारियों की चौखट पर:** कोंच(जालौन)। हर गांव और शहर में लाखों करोड़ों की लागत से निर्मित गौशालाओं के अस्तित्व पर उस वक्त सवाल उठना लाजिमी है जब सैकड़ों की संख्या में शहर की सड़कों से लेकर गांवों की गलियों और खेतों में आवारा मवेशी अपनी मौजूदगी दर्शा रहे हैं। ये अन्ना मवेशी किसानों की फसलें बर्बाद कर उनकी बदकिस्मती का सबब बने हैं। ऐसे आवारा मवेशियों को गौशालाओं के अंदर करने की गुहार किसानों ने प्रशासन से लगाई है। पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सौरौठिया व बसपा नेता चौधरी रामसेवक की अगुवाई में तहसील पहुंचे सैकड़ा भर किसानों ने उपजिलाधिकारी कृष्ण कुमार सिंह के अलावा कोतवाली पुलिस को भी प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन लोगों की आराजी कोंच बदनपुरा, झला और आराजी लेन आदि मौजों में स्थित है जिनमें फसलों की बुवाई की जा चुकी है लेकिन सैकड़ों की संख्या में आवारा घूम रहे जानवर लगातार उनके खेतों में धावा बोल कर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसके चलते किसानों को रात दिन जागकर फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है।

## सार्वजनिक, सरकारी जमीन नहीं हो पा रही अतिक्रमण से मुक्त

**जालौन ( उरई )।** सरकार अवैध कब्जा व अतिक्रमण को हटाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है और अधीनस्थों को निर्देश दे रही है। इसके साथ ही लेखपालों से सरकारी व सार्वजनिक भूमि अतिक्रमण मुक्त व अवैध मुक्त होने का प्रमाण पत्र मांग रही है। इसके बाद भी सार्वजनिक व सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रही है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम दौनापुर निवासी रामसिंह ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 178 चकरोड का है। इस चकरोड से उनके खेत कृषि भूमि संख्या 205 को पहुंचने के लिए रास्ता है। गांव के इस चकरोड से गांव के लोगों का आना जाना रहता है। गांव के इन्दल, लखपत, रामलखन, कैलाश व नबाब आदि ने चकरोड पर कब्जा कर लिया है। ग्रामीण का आरोप है कि इन लोगों ने चखरोड को समाप्त कर उसकी जमीन को अपने खेत में मिला है। चकरोड समाप्त होने के उन्हें तथा ग्रामीणों को निकालने में दिक्कत हो रही है।

## स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को ऋण वितरित

**● भारतीय स्टेट बैंक इण्डस्ट्रियल एरिया ने लगाया शिविर**



**संतकबीरनगर।** भारतीय स्टेट बैंक शाखा इण्डस्ट्रियल एरिया में रविवार को आयोजित ऋण वितरण शिविर में 51 स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को 1.5 लाख रूपये का ऋण स्वीकृति पत्र सौंपा गया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा में आयोजित शिविर में जीशान रिजवी उपायुक्त स्वत: रोजगार एवं प्रशून्य कुमार सहायक महाप्रबन्धक (एल0एच0ओ0) लखनऊ द्वारा स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृत पत्र देकर स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के अजीविका संवर्धन में सहायक होगा। ऋण स्वीकृत पत्र में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा इण्डस्ट्रियल एरिया की 15 स्वंय सहायता समूह, धनघटा 7, भदांह चौराहा 17, अगया 6, जिवधरा 2, नन्दौर 1, बघौली 2, विकास भवन की 1 शाखा में सी0सी0एल0 स्वीकृत किया गया। ऋण स्वीकृत पत्र के समय समस्त 51 स्वंय सहायता समूहों के अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष द्वारा प्रतिभाग किया गया। ऋण वितरण के समय रूप सहायक अनुरागी, सीएम सेल गोरखपुर, प्रवीण कुमार मुख्य प्रबन्धक आरएसीसी खलीलाबाद, आलोक कुमार आरएसीसी, मनोज कुमार शाखा प्रबन्धक आरएसीसी, खलीलाबाद के सहयोग से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र का कार्य सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम में आलोक कुमार यादव क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर, विनोद मणि त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी खलीलाबाद एवं सेमरियावा, रामानन्द वर्मा खण्ड विकास अधिकारी बेलहर कला, अशोक कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार, कु0 नीतू शुक्ला सहायक विकास अधिकारी, पी0के0 सिंह, सौरभ गुप्ता, उपेन्द्र कुमार, निष्कर्ष मिश्रा, महेश कुमार, प्रीतम सिंह, सन्नी कुमार, ब्लाक मिशन प्रबन्धक के सहयोग से यह कार्य किया गया। भारतीय स्टेट बैंक भदांह चौराहा द्वारा 17 स्वंय सहायता समूहों के ऋण स्वीकृत में पूरन सिंह नेयाल शाखा प्रबन्धक द्वारा विशेष योगदान रहा। जीशान रिजवी उपयुक्त स्वत: रोजगार एवं मनोज कुमार जिला मिशन प्रबन्धक द्वारा ऋण स्वीकृत के उपरान्त किये जाने वाले कार्यो एवं समय से ऋण की वापसी कराने सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी।

## क्विक न्यूज

### 14 जोड़ों ने वरमाला डाली और 7 ने किया निकाह कुबूल

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के दाता गढ़ी के पास भगवती पैलेस में दममदार वेलफेयर सोसायटी द्वारा सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 14 जोड़ों ने एक दूजे को वरमाला डाली, और सात मुस्लिम जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरुआत बड़ा गांव की रश्मी ने भगौरा गांव के अजय को वरमाला डाल कर की। इसी तरह इटकौर की सुनीता ने कांशीराम कालोनी के जीतेंद्र, सरीला की ज्योति ने अतरौलिया राठ के संजय कुमार, पठानपुरा मोहल्ला की गीता ने श्योढ़ी के राहुल, गुढ़ा की भारती ने पचपहरा के सुनील, परछा की शिखा ने धगवां के प्रशांत, नदना पूनम ने सुगरा के पवन को वरमाला डाल अपना हम सफर बनाया। इसी तरह पठानपुरा राठ की रोजी ने जालौन इकरार, राठ की मुस्कान ने भैसाएं आरिफके साथ निकाह कुबूल किया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष जयनारायण राजपूत, दम मदार वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक छुन्ना शाह वरकाती, बुंदेलखंड प्रभारी जय प्रकाश राठौर, यादवेन्द्र यादव, सरवर हुसैन, सराफत अली, हाफिज सगीर अहमद, हरनारायण अहिरवार, दयाराम मुंशी प्रजापति, दिनेश कुमार अहिरवार, गनेशी लाल राजपूत ने वर वधुओं को आशीर्वाद देकर उपहार भेंट किए।

### बिना रॉयल्टी और ओवरलोड में 11 मौरम भरे वाहन फिर हुए सीज

**कालपी (जालौन)।** बिना रॉयलटी के मौरम लाद कर जा रहे और बेफिक्र हो कर ओवरलोड कर मौरम ढोने वालों की जबसे कालपी एसडीएम ने खबर लेनी शुरू की है कि उनके होश उड़ गये हैं। वाहन स्वामी दहशत में तो हैं परंतु अवैध रूप से ओवर लोड वाहनो को चलाना बंद क्यों नहीं कर रहे। शायद यदि पहली बार की कार्यवाही से सुधार आ गया होता तो उन्हें इस कार्यवाही का सामना न करना पड़ा होता। आपको बता दे कि प्रशासन कि कतई यह मंशा नहीं है कि वेवजह किसी को परेशान किया जाय परंतु प्रशासन कि यह भी तो जिम्मेदारी है कि उनके क्षेत्र में कोई गैर कानूनी कार्य भी न हो इसीलिए तो जब एक बार ओवर लोड के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बावजूद भी मौरम माफियाओं में सुधार न हुआ तो प्रशासन ने दुबारा कार्यवाही की है और इतना ही नहीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस अभिषेक कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार, नायाब तहसील दार राजेश पाल, क्षेत्राधिकारी राम सिंह, कालपी कोतवाल जितेन्द्र सिंह आदि की संयुक्त टीम ने देर रात छापामार कार्यवाही की। सघन चेकिंग अभियान में एक एक वाहन को रोक रोक कर एक एक कागज चेक किये फिर जिनमें कमी पाई गई उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की गई। एसडीएम कालपी ने कहा कि 11 वाहन सीज किये गये जिनमे 10 वाहन बिना रॉयल्टी और 1 वाहन ओवर लोड में सीज किया गया। पकड़े गये ट्रकों में 6 कदौरा मंडी और पांच ट्रकों को कालपी मंडी में खड़ा करवाया गया।

### वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

**जालौन (उरई)।** बिजली चोरी के मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकटौली निवासी बिरजू बिजली चोरी के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उक्त आरोपी अपने गांव में है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वारंटी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चुरा ले गये चोर

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी गोपाल सोनी ने पुलिस को बताया कि उनके घर के बाहर उनकी बाइक खड़ी थी। घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ट्रैक्टर बचाने के चक्कर में बाइकों में भिड़ंत दो युवक घायल

**जालौन (उरई)।** ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में दो लोग घायल हुए। जिसमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी मुकेश मिश्रा (42) अपने गांव के ही केसरीलाल (58) के साथ किसी काम के चलते बाइक से जालौन आ रहे थे। ग्राम नारायनपुरा के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुकेश व केसरीलाल घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां वृद्ध केसरीलाल की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जबकि मुकेश मिश्रा को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### विद्युत शॉर्ट सर्किट कन्फेक्शनरी दुकान में दो लाख का सामान खाक

**जालौन (उरई)।** बिजली के शॉर्ट सर्किट से कन्फेक्शनरी की दुकान में रखा करीब दो लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी हरीसिंह के नाम चुर्खी रोड पर जिला परिषद की दुकानों में दुकान नंबर 9 आवंटित है। वह अपनी दुकान में कन्फेक्शनरी का सामान बेचते हैं। शनिवार की रात करीब 10 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। लगभग 11 बजे रात में बिजली के शॉर्ट सर्किट से उनकी दुकान में आग लग गई। जब सामान जलने से दुकान के अंदर से धुआं बाहर आने लगा तो आसपास के लोगों ने उसे देखा और हरी सिंह को सूचना दी। जब हरीसिंह दुकान पर पहुंचे और शटर को उठाया तो दुकान में रखा सामान जलकर राख हो चुका था। आसपास के दुकानदारों ने मिलकर आग पर किसी तरह काबू पाया। पीड़ित दुकानदार हरीसिंह ने बताया कि जब वह दुकान पर पहुंचे तो बिजली के तार आपस में चिपके हुए थे। आग लगने से उन्हें करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने आग की सूचना कोतवाली में दी है।

### मोक्षदा एकादशी पर संकीर्तन यात्रा की रणनीति को दिया अंतिम रूप

**जालौन (उरई)।** श्रीमद्भगवत गीता जयंती के सोलहवें वार्षिकोत्सव पर मोक्षदा एकादशी यानी 4 दिसंबर दिन रविवार को संकीर्तन यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर वाचस्पति मिश्रा की अध्यक्षता में बैठगंज में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वाचस्पति मिश्रा ने बताया कि गीता जयंती के पावन पर्व पर पहले सत्र में सुबह 8 बजे सभी भक्त लक्ष्मी नारायण मंदिर ज्वालागंज पुरानी गल्ला मंडी में एकत्रित होंगे। जो भगवत नाम का संकीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों पर संयुक्त रूप से गीता पाठ करेंगे। शोभा यात्रा का समापन सुबह साढ़े 10 बजे श्रीपंचमुखी हनुमान गढ़ी नाना महाराज के मंदिर पर होगा। दूसरे सत्र में दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक श्रीपंचमुखी हनुमान गढ़ी नाना महाराज के मंदिर में संतों के श्रीमुख से उनकी अमृतमयी वाणी द्वारा गीताजी के दिव्य वचन सुनने का सुयोग प्राप्त होगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि गीता जयंती के दिन अपने पूजा घर में गीता के 5 श्लोकों पाठ अवश्य करें। बैठक में राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश हूंका, अखलेश गुप्ता, महेंद्र पाटकार, अनिल मित्तल, बबलू सोनी, महेंद्र सिंह, अशोक कौशल, सीताराम हूंका, नंदकुमार राठौर, अभिनय सिंह राजावत, श्रवण कुमार श्रीवास्तव, भगवती मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## प्रभात फेरी के बाद निशान साहेब का चोला बदला गया, हुआ भजन कीर्तन

**संतकबीरनगर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खलीलाबाद द्वारा गुरु तेग बहादुर शहीदी पर्व पर निकाली जा रही प्रभात फेरी के 10 वे दिन प्रभात फेरी प्रात: 5.30 गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर मुखलिसपुर तिराहा मेहदावल तिराहा राम जानकी मंदिर से वापस सरदार ज्वेलर्स की दुकान पहुंची। वहां पर मनदीप सिंह ने निशान साहेब पर माला पहनाकर गुरु के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उसके बाद ड्रेस लैंड शो रूम पर जैकी वर्मा और गोलू वर्मा ने संगतों को जलपान कराया और निशान साहेब पर पर माला अर्पण किया। उसके बाद पजब बूट हाउस पर गुरमीत सिंह ने उसके बाद सतविंदर पाल सिंह जज्जी ने निशान साहेब पर माला पहनाकर गुरु को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा पहुंचकर निशान साहेब का चोला बदला गया। रिजक सिंह ने 40 फिट की ऊंचाई पर जाकर नया चोला बदला वहा पर संगतों द्वारा बोले सो निहाल सत श्री अकाल कलयुग विच झंडा झूल रहा झूले दुनिया सारी। झूलता निशान सदा पंथ महाराज का,, जयकारे से गुरुद्वारा गूंज उठा। प्रभात फेरी में गुरु के शबर जे तू बेलिया तन मन दे नाल सेवा करदा जायेगा सतनाम वाहेगुरु करता भवसागर तो तरदा जायेगा प्रभात फेरी में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन ने अपने स्वय सेवको के साथ भागीदारी की और साथ साथ चलकर श्री गुरु तेग बहादुर महाराज के प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रभात फेरी में गुरुद्वारा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह प्रितपाल सिंह, जसवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि, भास्कर मणि त्रिपाठी, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ नगर अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, दिग्विजय शुक्ला अभय राय, शैलेश श्रीवास्तव, मुक्तिनाथ शर्मा, रजिंदर कौर, मनजीत कौर, आशु सिंह, सवि सिंह, गगनदीप सिंह, सानू सिंह, शानू सिंह, रूद्र नाथ मिश्रा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बसपा कार्यकर्ताओं में निकाय चुनाव को लेकर भरा जोश

**कोंच( जालौन )।** बसपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के आला संगठनकर्ता स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सीख दे गए। साथ ही यह भी संदेश दे गए कि निकाय चुनाव में पालिकाध्यक्ष पद के साथ साथ वार्ड सदस्यों का चुनाव भी पूरी ताकत के साथ लड़ा जाएगा। हालांकि इस सम्मेलन में कई टिकिट दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन करने का प्रयास भी किया लेकिन संगठन के उच्च पदों पर बैठे लोगों ने साफजता दिया है कि अभी आरक्षण का इंतजार है, इसके बाद ही पत्ते खोले जाएंगे।



पार्टी के बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार के मुख्य आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में गहोई धर्मशाला में बसपा का नगर स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि झांसी मंडल प्रभारी ब्रजेश जाटव, बीआर अहिरवार, सुरेशचंद्र गौतम, कैलाश पाल, चरनसिंह कुशवाहा, कन्हैया लाल कुशवाहा आदि मंचस्थ रहे। निकाय चुनाव का समय होने के चलते स्वाभाविक रूप से चर्चा के केंद्र में निकाय चुनाव ही रहा।

पालिकाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टी टिकिट के कुछ दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन करने का भी प्रयास किया लेकिन आला संगठनकर्ताओं ने दो टूक आरक्षण का इंतजार करने की बात कही। मुख्य अतिथि लालाराम अहिरवार ने कार्यकर्ताओं को साफ संदेश दिया कि हर हाल में निकाय चुनाव जीतना है और चुनाव तभी जीता जा सकता है जब कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी ताकत झोंक दें। इस दौरान करीब 18 लोग सपा छोड़कर बसपा में शामिल हुए जिनका अतिथियों ने गर्मजोशी से पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान बसपा नगर अध्यक्ष जितेंद्र राय अहिरवार, अवधेश चौधरी, शिवराम कुशवाहा, अनुरुद्ध गोयल, वीरेंद्र जाटव, उमाचरण कुशवाहा, राजकुमार पड़रया, गोविंद नेता, कमलेश वर्मा, सौरभ गोयल, रज्जाक बेग, रामकिशोर, बॉबी आदि करीब सैकड़ा भर लोग उपस्थित रहे।

## अबुल 'खैर साहब' की 52 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**बस्ती।** खैर इन्टर कालेज एवं बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज बस्ती के संस्थापक अबुल खैर साहब की 52 वीं पुण्यतिथि विद्यालय के प्रांगण में मनाई गई। बस्ती में खैर साहब ने गरीबों के लिए मकान व दुकान बनवायें, बच्चों की तालीम के लिए कई विद्यालय एवम् हास्पिटल की स्थापना किये। यह जानकारी देते हुए बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने बताया खैर साहब बहुत बड़े समाजसेवी एवं गरीबों के रहनुमा थे। बेगम खैर गर्ल्स इण्टर कालेज के प्रांगण में प्रधानाचार्या एवं समस्त स्टाफ और बच्चों के द्वारा कुरआन खानी कराई गई और उनके लिए दुवायें मागीं गई। इस मौके पर प्रबन्धक एवंम् प्रबन्ध समिति के सदस्य और अध्यापिकाएं शबाना अंजुम, मुसरत फातिमा, आरिफा खातून, प्रेम लता मिश्रा, नजराना वतूल, हुमा सदफ, सुप्रभा पाण्डेय, मानिक सवा, इरम फातिमा, हेमलता, आशी फातमा और नूरैन सहित अन्य छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अधिवेशन की सरगर्मियां तेज

संवाददाता। बस्ती



**उत्तर** प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपदीय अधिवेशन एवं चुनाव की प्रक्रिया 28 नवम्बर से शुरू होगी। चुनाव अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव एवं पर्यवेक्षक मार्कण्डेय राय की देख रेख में प्रेस क्लब सभागार में सोमवार 28 नवम्बर को दिन में 10 बजे से 3 बजे तक नामांकन, 3 से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच एवं वापसी के बाद 30 नवम्बर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में दिन में 8.30 बजे से 11.30 तक मतदान और अधिवेशन होगा। अधिवेशन के बाद निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा और शपथ ग्रहण कराया जायेगा। यह जानकारी देते हुये चुनाव अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि चुनाव और अधिवेशन की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। इसी कड़ी में भावी प्रत्याशियों ने ब्लाक स्तर पर शिक्षकों से सम्पर्क अभियान तेज कर दिया है। रविवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ल, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव आदि ने सल्टौआ और रूधौली ब्लाक क्षेत्र में शिक्षकों के साथ संवाद बनाया। संघ अध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने जनपद के सभी शिक्षकों का आवाहन किया कि वे अधिवेशन में निर्भीक होकर अनिवार्य रूप से पहुंचे और चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लें। बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश प्रजापति, सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक सत्य प्रकाश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. इन्द्रजीत प्रजापति, वित्त एवं लेखाधिकारी अतुल चौधरी संयुक्त रूप से करेंगे।

अधिवेशन में प्रदेश संरक्षक अभिमन्यु प्रसाद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय, महामंत्री उमाशंकर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के साथ ही फैजाबाद, गोण्डा, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोरखपुर आदि अनेक जनपदों के अध्यक्ष, मंत्री के साथ ही बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी, डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल आदि हिस्सा लेंगे।

शिक्षकों के बीच सम्पर्क के दौरान बब्बन पाण्डेय, रमेश विश्वकर्मा, चन्द्रशेखर पाण्डेय, प्रमोद पासवान, संदेश रंजन, कुलदीप दूबे, महेन्द्र कन्नौजिया, अनुराधा चौधरी, सुनील भट्ट, चन्द्रभूषण पाण्डेय, शशिकान्त धर दूबे, योगेश्वर शुक्ल कन्हैयालाल, प्रीती ओझा, सदानन्द मौर्य, सुधाकर उपाध्याय, धीरेन्द्र कुमार के साथ ही अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**लखनऊ।** बशीरतगंज गणेशगंज वार्ड स्थित अरविन्दो सेक्रेड हार्ट्स स्कूलए खुर्शेदबाग में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। इस शिविर में आसपास क्षेत्रों के काफी संख्या में लोगों ने मौके पर पहुंचकर जांच करवायी। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन श्रीवास्तवए को.आर्डिनेटर अशोक मिश्रा एवं वार्ड के पार्षद प्रत्याशी व समाजसेवी मोहित मिश्रा के संयुक्त प्रयासों से लगाये गये इस शिविर में फिजियोथेरेपिस्ट डाण् रितेश श्रीवास्तवए दंत चिकित्सक डाण् ऋषि कुमार विश्वकर्माए आयुर्वेदाचार्य डाण् शिव करन वर्माए होम्योपैथ चिकित्सक डाण् अनुपम श्रीवास्तव ने आये मरीजों की जांच की और जरूरी दवाओं का वितरण किया। इसके अलावा ब्लड टेस्ट के लिये प्रमुख लैब के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस शिविर के शुभारम्भ मौके पर हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्माए मानव एकता एसोसिएशन के अध्यक्ष एलण्पीण् सिंहए प्रदीप पाण्डेय सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

### आनुवंशिक परीक्षण और जागरूकता पर दिया जोर

**लखनऊ ।** जीनोमिक्स क्षेत्र में गहन शोध ने रोगजनन और उनके संभावित उपचारों की बेहतर समझ का मार्ग प्रशस्त किया है। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि अलग.अलग रोगियों में समान दवाएं और उपचार कम या ज्यादा प्रभावी हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके शरीर अलग.अलग तरीकों से इन दवाओं को मेटाबोलाइज करते हैं या फिर जेनेटिक मेकअप में अंतर के कारण उपचार पर प्रतिक्रिया करते हैं। यह जानकारी नई दिल्ली स्थित अपोलो जीनोमिक्स इंस्टीट्यूट्स की ओर से 25 और 26 नवंबर को अपोलो इंद्रप्रस्थ अस्पताल में आयोजित एक कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी। ष्व्यक्तिगत चिकित्सा जागरूकता माहष् के ?तहत ष्क्लिनिकल प्रैक्टिस में जीनोमिक मेडिसिनष् विषय पर आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने बताया कि बीते कुछ वर्षों मेंए कैनोपी रोग प्रबंधन से सटीक दवा और व्यक्तिगत प्रबंधन में बदलाव आया है।विशेषज्ञों का मानना है कि प्रेसिजन मेडिसिन एक मरीज के इलाज को उसके अपने जीन के अनुसार तैयार कर रहा है।

## आसपास के किसानों को छानी पंप कैनाल का नहीं मिल रहा कोई लाभ

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र के सिसोलर सहित आसपास के गांवों के दर्जनों किसानों को छानी पंप कैनाल का कोई लाभ नही मिलता है। ग्रामीणों ने अवर अभियंता से शिकायत करते हुए बताया कि नहर में पानी न छोड़े जाने के कारण यहां के सैकड़ों किसान प्रभावित हो रहे हैं और उनकी सिंचाई न हो पाने से फसलें सूख रहीं हैं। जानकारी के मुताबिक सिसोलर क्षेत्र के गांव छानी से निकली कैनाल पंप नहर जो बुढ़ई, भटुरी, भैंसमरी, लेवा, पासुन, खदरा डेरा, मइयादीन का पुरवा, भभई, बक्छा आदि गांवों के किसानों को इसका लाभ सिंचाई के लिए मिलता रहा है मगर इस समय फसलों की सिंचाई की आवश्यकता के दौरान नहर में पानी न छोड़े जाने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों किसान प्रभावित हो रहे हैं जिसके चलते सिसोलर क्षेत्र के किसान राम आसरे, बब्बू, लल्लू, भोजराज, राजकुमार, इंदल, गोपी, रमेश, गंगाचरण, अजय, रामलखन, शिवप्रसाद, कमलेश आदि एक दर्जन से अधिक किसानों ने अवर अभियंता



महेश वर्मा से शिकायत कर बताया कि नहरों की सफाई नहीं कराई गई और न ही इसमें पानी छोड़ा गया जिसके चलते यहां के सैकड़ो किसानों की फसलें सूखने की कगार पर हैं। शिकायत प्राप्त होते ही अवर अभियंता ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया साथ ही उन्होंने दूरभाष के माध्यम से बताया कि नहर की सफाई उनके द्वारा कराई गई है। लेकिन भैंसमरी गांव के किसानों द्वारा आगें का फाटक बंद कर कैनाल का पूरा पानी अपने रकबे में कर लिया है जिससे नहर की टेल तक पानी नहीं पहुंच सका है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कुसमिलिया मेले का हुआ समापन

**● चारों दिन तक मेले में रही रौनक, आखिरी दिन जमकर हुई खरीदारी**

संवाददाता। कुसमिलिया (जालौन)




**डकोर** ब्लाक के गांव कुसमिलिया में चल रहा चार दिवसीय ऐतिहासिक मेले का भारी भीड़ और बंपर खरीदारी के साथ रविवार को हर्षोल्लास से समापन हो गया। इस दौरान हजारों लोगों ने रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम व दिन में मेले का जमकर आनंद उठाया। मेले में भी जमकर भीड़ उमड़ी। ब्रिटिश काल से आयोजित मेले में तीसरे व चौथे दिन दुकानदारों व मेला दर्शकों की काफी भीड़ रही, परंतु किसानों की खरीफ फसल तैयार न होने से मेला के उत्पादों की बिक्री में मंदी के भी आसार दिखे। मेले में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। मेला आयोजन के दौरान मेले के दूसरे और तीसरे दिन माँ संकटा जागरण ग्रुप के कार्यक्रम में राधा कृष्ण की बरसाने की होली, भगवान शंकर की शमशान होली, वीर हनुमान, माँ आदि शक्ति दुर्गा आदि सुंदर सुंदर संगीतमय झांकियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहीं। जागरण ग्रुप के सुदामा चरित कार्यक्रम ने अत्यधिक तालियाँ बटोरी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय चौधरी व पूर्व विधान सभा प्रत्याशी चन्द्रवती वर्मा भी विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे । ग्राम प्रधान चन्द्रवती राजपूत, प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार राजपूत व ग्रामवासियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में पधारे सभी क्षेत्रवासियों व जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। मेले के अंतिम दिन लोगों ने खूब खरीदारी की। दुकानों पर भीड़ से दुकानदार काफी खुश दिखे। दो दिन मेला बढ़ने से अंतिम दिन लोग जरूरत का सामान खरीदने उमड़े। घरेलू सामान, कप, कंबल, ज्वेलरी आदि की दुकानें ग्राहकों से गुलजार रहीं। खानपान की दुकानें भी लोगों से भरी रहीं।

# बेल्जियम भी हुआ उलटफेर का शिकार

● विश्वकपः मोरक्को ने 2-0 से हराया



भाषा। दोहा

**फीफा विश्व** कप में रविवार को यहां एक और उलटफेर देखने को मिला जिसमें मोरक्को ने ग्रुप एफ में बेल्जियम को 2–0 से हरा दिया। इस हार से केविन डि ब्रून और 2018 के सेमीफाइनल में पहुंची बेल्जियम पर ग्रुप चरण में बाहर होने का खतरा छा गया है। कोई बड़ा खिताब नहीं जीतने वाली उम्रदराज सितारों की टीम के कई खिलाड़ियों के लिए यह संभवत: अंतिम विश्व कप होगा। मोरक्को के स्थानापन्न अब्देलहमिद साबिरी ने 73वें मिनट में बाईं ओर से फ्री किक पर गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई जो गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस के शरीर के नीचे आ गया। टीम के लिए दूसरा गोल जकारिया अबोखलाल ने हाकिम जिएच के पास पर स्टॉपेज टाइम में किया जो नेट के ऊपरी हिस्से में लगा। ब्राजील के बाद दुनिया की दूसरी रैंकिंग की टीम बेल्जियम ने इस उलटफेर से पहले विश्व कप में पिछले सात ग्रुप मैच जीते थे। यह मोरक्को की 1998 के बाद विश्व कप में पहली और कुल तीसरी जीत है। बेल्जियम अगर मोरक्को को हरा देती तो वह गत चैम्पियन फ्रांस के साथ नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने वाली दूसरी टीम बन जाती। बेल्जियम अब ग्रुप के अपने महत्वपूर्ण अंतिम मैच में 2018 के फाइनल में पहुंची क्रोएशिया से भिड़ेगा जबकि मोरक्को का सामना कनाडा से होगा। मोरक्को के लिए पहले हाफ में जिएच के एक गोल को ऑफसाइड के बाद अमान्य करार कर दिया गया। जब बेल्जियम 0–। से पिछड़ रही थी तो मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले टीम के कोच रोबर्टो मार्टिनेज ने फॉरवर्ड रोमलू लुकाकु को स्थानापन्न के तौर मैदान पर उतारा। लुकाकू बाएं जांघ की समस्या के बाद वापसी कर रहे हैं और अक्टूबर से नहीं खेले हैं। बेल्जियम ने लुकाकू, डि ब्रून और इडेन हजार्ड के गोलों की बदौलत रूस में 2018 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी लेकिन चैम्पियन बनी फ्रांस से हार गई थी। बेल्जियम की टीम ने पिछले साल की यूरोपीय चैम्पियनशिप में भी प्रभावित किया था जिसमें उसने पुर्तगाल को बाहर किया लेकिन क्वार्टरफाइनल में इटली से हार गई थी। इटली ने फिर खिताब जीता था। बेल्जियम को कतर में शुरूआती मैच में कनाडा पर।–0 की जीत के लिए मशक्कत करनी पड़ी थी। बेल्जियम को अपने स्टार स्ट्राइकर लुकाकू की काफी कमी खली जिसने 2018 विश्व कप में चार और यूरो 2020 में चार गोल दागे थे। मोरक्को ने पहले मैच में क्रोएशिया से गोलरहित ड्रा खेला था और इसी आत्मविश्वास से खेलते हुए

## क्रैमारिच के दो गोल, क्रोएशिया ने कनाडा को 4-1 से हराया



**अल रेयान (कतर)।** आंद्रेज क्रैमारिच के दो गोल से क्रोएशिया ने रविवार को यहां फीफा विश्व कप मैच में कनाडा को 4-। से हराया। अलफोंसो डेविस ने कनाडा के लिए विश्व कप का पहला गोल दागा। उनके दूसरे मिनट में किए गए गोल से टीम ने बढ़त बना ली थी। पर टीम का फुटबॉल के इस महासमर में अभियान गुरूवार को मोरक्को के खिलाफ मुकाबले से खत्म हो गया। मोरक्को ग्रुप एफ में शीर्ष पर है जिसने बेल्जियम को 2–0 से हराकर उलटफेर किया। रूस में 2018 विश्व कप की उप विजेता रही क्रोएशिया के लिए खलीफा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मार्को लिवाजा और लोवरो माएर ने भी गोल किए। कप्तान लुका मौद्रिच (37 वर्ष) टूर्नामेंट में थे लेकिन सफल नहीं हुए। यह संभवत: उनका अंतिम विश्व कप है। कनाडा की टीम 36 साल में पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीद लगाए थी।

## कोस्टारिका ने अंत में किए गए गोल से जापान को।-0 से हराया

**अल रेयान (कतर)।** कीशेर फुलर के 81वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत कोस्टा रिका ने रविवार को यहां फीफा विश्व कप मुकाबले में जापान को।-0 से हरा दिया जिससे ग्रुप ई मे दोनो टीमों के दो मैचो से तीन तीन अंक हो गए है। फुलर ने डिफेंस की गलती का फायदा उठाकर 18 मीटर की दूरी से नेट में शॉट लगाया जो जापान के गोलकीपर शुईची गोंडा की उंगलियों के ऊपरी हिस्सो को छूता हुआ नेट में पहुंच गया। अहमद बिन अली स्टेडियम में मैच ज्यादातर हिस्से में नीरस रहा विशेषकर पहले हाफ मे जिसमें एक भी शॉट गोल में नही लगा। इसकी तुलना मे दूसरा हाफ थोड़ा बेहतर था जिमसें जापान ने दबदबा बनाए रखा, लेकिन कोस्टा रिका ने मिले मौके पर बढ़त हासिल की जो निर्णायक रही। कोस्टा रिका के गोलकीपर केलोर नवास ने बढ़त बनाए रखने के लिए अंतिम मिनट मे तेजी से कई शॉट बचाए। जापान को ग्रुप ई में अपना अंतिम मैच स्पेन से खेलना है जबकि कोस्टा रिका का सामना जर्मनी से होगा। जापान इस मैच में जीत से नॉकआउट चरण मे पहुंच सकता था। उसने शुरूआती मैच मे जर्मनी को 2-। से हराकर उलटफेर किया था। कोस्टा रिका को पहले मैच मे स्पेन से 0-7 की पराजय झेलनी पड़ी थी और टीम टूर्नामेंट मे बने रहने की कोशिश कर रही है। जापान कॉर्नर हासिल करने, शॉट्स लगाने और गेंद पर नियंत्रण के मामले मे आगे रहा लेकिन गोल नही कर सका। पहला हाफ टूर्नामेंट के खराब में से एक हो सकता है, टूर्नामेंट मे पहले ही चार मुकाबले गोलरहित ड्रा हो चुके है। इसमें दोनो मे से कोई भी टीम गोल में शॉट नही लगा सकी। जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत में जापान के लिए गोल करने वाले रित्सु दोआन शुरू मे खतरनाक नजर आ रहे थे, पर कोई मौका नही बना पाए। ब्रेक के बाद पहले दो मिनट मे पूरे पहले हाफ की तुलना मे कही ज्यादा एक्शन दिखा। हिदेमासा मोरिता ने पहले ही मिनट मे एक दनदनाता शॉट लगाकर कोस्टा रिका के गोलकीपर नवास की परीक्षा ली और एक मिनट बाद ही ताकुमा असानो ने शॉट लगाया जिसका भी नवास ने अच्छा बचाव किया। जापान के आक्रमण के इरादो के बावजूद अंत में रक्षात्मक चूक की कीमत उसे चुकानी पड़ी। वर्ना मैच ड्रा की ओर बढ़ता दिख रहा था जिससे टीम को एक महत्वपूर्ण अंक मिलता। सातवी बार विश्व कप में खेल रही जापान की टीम तीन मौको पर नॉकआउट चरण मे पहुंची है और हर बार राउंड 16 मे हारती रही है। कोस्टा रिका 2014 में ब्राजील मे क्वार्टरफाइनल तक पहुंचा था। जापान भले ही विश्व कप नही जीत पाए लेकिन मैच के बाद प्रशंसको के क्षेत्र और खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम को साफ करने की अपनी परंपरा से सभी के दिल जीत रहा है। इसकी शुरूआत जापान के 1998 में विश्व कप मे पहली बार खेलने से ही हुई। इस बार जापान के टीम अधिकारी 8,000 कचरे बैग के साथ पहुंचे जिसमें अरबी, जापानी और इंग्लिश मे लिखे थैंक यू लिखा हुआ है।



## दक्षिण कोरिया के खिलाफ घाना के सामने विश्व कप में बने रहने की चुनौती

**दोहा।** फीफा विश्व कप की सबसे युवा टीम घाना को अगर टूर्नामेंट में बने रहना है तो उसे सोमवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ ग्रुप एच के मैच में हार से बचना होगा। टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच मे घाना ने दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल को कड़ी टक्कर दी लेकिन उसे 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम के कोच औटो एडो ने इस मुकाबले में रेफरी के रोनाल्डो को पेनल्टी देने के फैसले पर सवाल उठाया था। एडो ने आरोप लगाया था कि रेफरी ने रोनाल्डो को पेनल्टी देकर उन्हें एक गोल तोहफे मे दे दी थी। एडो हालांकि बीती बातो को पीछे छोड़कर अगले मुकाबले की तैयारी कर रहे। उन्होंने कहा, वह मैच हो गया। हम उसमें अब कुछ नही कर सकते। हमारा ध्यान अगले मुकाबले पर है। विश्व कप मे घाना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 में क्वार्टर फाइनल मे पहुंचना रहा है। दक्षिण कोरिया की टीम 2002 मे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है और टीम ने लगातार छठी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है। दक्षिण कोरिया अपने शुरुआती मैच में उरुग्वे को गोलरहित ड्रॉ पर रोकने में सफल रहा था। टीम की कोशिश जीत के साथ अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की होगी।

## स्विट्जरलैंड के खिलाफ ब्राजील को नहीं मिलेंगी चोटिल नेमार की सेवाएं



**दोहा।** फीफा विश्व कप के सबसे बड़े दावेदारों में से एक ब्राजील की टीम सोमवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसे दिग्गज खिलाड़ी नेमार के बिना अपना दमखम दिखाना होगा। नेमार सर्बिया के खिलाफ टीम के शुरुआती मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। रिचर्लिसन ने इस मैच में दो गोल कर ब्राजील को जीत दिलाई थी। स्विट्जरलैंड के कोच मुरात याकिन ने हालांकि कि सितारों से भरी ब्राजील की टीम को नेमार के नही होने से भी कोई ज्यादा फर्क नही पड़ेगा। याकिन ने रविवार को कहा, उनकी टीम का हर खिलाड़ी कौशल से भरा है। यहां तक कि सेंटर बैक और गोलकीपर भी बेहतरीन है। वे यहाँ खिताब जीतने के लिए हैं। यह उनके लिए यह काफी अहम है। ब्राजील के कोच टिटे ने भी कहा कि उनके खिलाड़ियों को नेमार के बिना गोल करना होगा। टीम में रिचर्लिसन के अलावा विनिसियस जूनियर, राफिन्हा और रोड्रिगो जैसे अग्रिम पंक्ति के बेहतरीन खिलाड़ी होंगे। टिटे ने कहा, शायद हमें विनिसियस से शानदार ड्रिबल या रिचर्लिसन से अच्छा खेल देखने को मिले। हमारे खिलाड़ियों को पता है कि मुश्किल स्थिति में भी कैसे धैर्य बनाए रखना है। स्विट्जरलैंड को हालांकि पता है कि ब्राजील के आक्रमण को कैसे रोकना है।

## पहले मैच की हार के बाद कैमरून और सर्बिया को जीत की दरकार

**दोहा।** कैमरून और सर्बिया अपने शुरूआती मैच गंवा चुकी है और जब दोनो टीमें सोमवार को फीफा विश्व कप के दूसरे मैच में एक दूसरे के सामने होंगी तो उनकी कोशिश हर हाल मे जीत हासिल करने की होगी। दोनो टीमें शुरूआती मैच मे कोई गोल नही कर सकी। स्विट्जरलैंड से 0-। से हारने के बाद कैमरून के कोच रिगोबर्ट सोंग ने कहा, गलती की कोई गुंजाइश नही है, हमे हर हाल मे जीत दर्ज करनी होगी। सर्बिया के पास युवेंटस का स्ट्राइकर दुसान व्लाहोविच है, लेकिन वह ग्रोइन चोट से जूझ रहे है। अगर वह खेलते है तो कोच ड्रैगन स्टोजकोविच को एलेक्सांद्र मित्रोविच के साथ उतारेंगे जो टीम के लिए 50 गोल कर चुके है। हालांकि ब्राजील के खिलाफ मिली 0-2 की हार मे मित्रोविच और व्लाहोविच दोनो थके हुए दिखे। ग्रुप जी मे इस मैच मे हार सर्बिया को बाहर कर देगी, अगर दूसरे मैच मे ब्राजील की टीम स्विट्जरलैंड पर जीत नही हासिल कर पाई। वही अगर स्विट्जरलैंड नही जीता तो हार कैमरून को बाहर कर देगी।

## अजिंक्य पवार ने तमिल थलाईवाज को गुजरात जायंट्स पर जीत दिलाई

**हैदराबाद।** अजिंक्य पवार के शानदार प्रदर्शन की बदौलत तमिल थलाईवाज ने रविवार को यहां प्रो कबड्डी लीग मैच मे गुजरात जायंट्स पर 42-39 से रोमांचक जीत हासिल की। गुजरात जायंटस ने अंत मे कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तमिल थलाईवाज ने अंतिम सात मिनट में अपनी बढ़त बनाए रखी। हाफ टाइम तक तमिलनाडु की टीम ने 24-20 से बढ़त बनाई हुई थी।

## अगले पांच वर्षो तक अफगानिस्तान के घरेलू मैचों की मेजबानी करेगा यूएई

**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अगले पांच वर्षो तक अफगानिस्तान के घरेलू मैचो की मेजबानी करेगा। इस संबंध मे दोनो देश के क्रिकेट बोर्ड ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए है। अफगानिस्तान मे राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह फैसला किया गया है। अफगानिस्तान अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी नही करता है। समझौते के तहत टेस्ट खेलने वाला देश अफगानिस्तान इन पांच वर्षो मे हर साल यूएई के साथ तीन मैचो की टी20 श्रृंखला खेलेगा।

## जितना हो सके खुली जगह में खेलना चाहिएः स्टीड

**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि क्रिकेट को छत वाले स्टेडियम मे खेलने के विकल्प पर विचार किया जा सकता है लेकिन इस आउटडोर खेल को जितना संभव हो सूरज की रोशनी मे खेला जाना चाहिए। न्यूजीलैंड के पड़ोसी देश ऑस्ट्रेलिया मे हाल ही मे समाप्त हुए टी20 विश्व कप मे चार मैच बारिश के कारण रद्द कर दिए गए थे जबकि तीन का भाग्य डकवर्थ-लुईस पद्धति से निर्धारित किया गया था, जिससे यह बहस छिड़ गई कि क्या बोर्डो द्वारा इनडोर क्रिकेट की खोज की जानी चाहिए।

## कनाडा ने पहला डेविस कप खिताब जीता

**मलागा।** कनाडा ने रविवार को यहां डेनिस शापोवालोव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे की जीत की बदौलत आस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर पहला डेविस कप खिताब अपने नाम किया। ऑगर अलियासिमे ने एलेक्स डि मिनॉर को 6-3, 6-4 से शिकस्त देकर अपनी टीम को विजई अंक दिलाया।

## श्रीलंका–अफगानिस्तान के बीच दूसरा वनडे रद्द

**पालेकल।** श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच रविवार को यहां दूसरा एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भारी बारिश की भेंट चढ़ गया। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को जीत के लिए 229 रन का लक्ष्य दिया। मेजबान टीम ने 2.4 ओवर मे बिना विकेट गंवाए 10 रन बना लिए थे जिसके बाद बारिश के कारण खेल नही हो पाया और मैच रद्द कर दिया गया।

# गोवर्स की हैट्रिक से भारत की हार

● ऑस्ट्रेलिया ने 7-4 से शिकस्त दी

भाषा। एडिलेड



**ब्लैक गोवर्स** ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हैट्रिक जमाई जिससे ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की हॉकी श्रृंखला के दूसरे मैच में रविवार को यहां भारत को 7-4 से करारी शिकस्त दी। भारत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा और वह टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाया। ऑस्ट्रेलिया अभी संभल पाता कि हरमनप्रीत ने तीसरे मिनट में ही करारा शॉट जमाकर पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी। इसके बाद भी भारतीयों ने आक्रामक रवैया जारी रखा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जल्द ही लय हासिल करनी शुरू कर दी और फिर वह भारत पर हावी हो गया। ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से गोवर्स और जैक वेल्च ने दनादन गोल दागने शुरू कर दिए। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन किया और एक समय केवल 3-4 से पिछड़ रहा था लेकिन अंतिम क्वार्टर में रक्षा पंक्ति की गलतियों का खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। इस तरह से भारत को विश्व की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया से लगातार 12वीं हार का सामना करना पड़ा। भारत को श्रृंखला जीवंत रखने के लिए अब अगले दोनों मैच में जीत दर्ज करनी होगी। गोवर्स ने शनिवार को पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की 5-4 से जीत में विजई गोल दागा था और एक बार फिर से उन्होंने भारतीयों को निराश किया। उन्होंने 12वें (पेनल्टी कार्नर), 27वें और 53वें मिनट (पेनल्टी) में गोल किए, जबकि वेल्च ने 17वें और 24वें मिनट में गोल दागकर भारतीयों को पस्त किया। जेक वेटन (48वें) और जैकब एंडरसन (49वें) ऑस्ट्रेलिया के अन्य गोल स्कोरर थे। भारत की तरफ से हार्दिक (25वें) और रहील (पेनल्टी 36वें) ने दो अन्य गोल किए, जबकि हरमनप्रीत ने मैच के आखिरी मिनट (60वें) में अपना दूसरा गोल करके हार का अंतर कुछ कम किया। विश्वकप की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण इस श्रृंखला का तीसरा मैच बुधवार को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एडी ओकेनडेन का यह 400वां मैच था। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह दुनिया के सातवें खिलाड़ी हैं। भारत ने आक्रामक शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षण काफी मजबूत था जब उसने चार पेनल्टी कॉर्नर बचाए, लेकिन गोवर्स ने ताकतवर शॉट से गोल करके अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और स्कोर को बराबर किया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए हार्वी ने वेटन के साथ सुंदर तालमेल दिखाकर वेल्च को गेंद थमाई जिन्होंने करीब से उसे गोल में डाला।

# पीटी का निर्विरोध आईओए अध्यक्ष चुना जाना तय

भाषा। नई दिल्ली



**महान एथलीट** पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का अध्यक्ष बनना लगभग तय है क्योंकि 10 दिसंबर को होने वाले चुनावों में शीर्ष पद के लिए वह अकेली उम्मीदवार हैं। वह आईओए की पहली महिला अध्यक्ष होंगी। कई एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 58 साल की उषा 1984 के ओलंपिक 400 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं थी। उन्होंने रविवार को शीर्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ उनकी टीम के 14 अन्य लोगों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। आईओए चुनावों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा रविवार को समाप्त हो गई। आईओए के चुनाव अधिकारी उमेश सिन्हा को शुक्रवार और शनिवार को कोई नामांकन नहीं मिला लेकिन रविवार को विभिन्न पदों के लिए 24 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। खेल के अपने सुनहरे दिनों की शीर्ष धाविका उषा को आईओए के एथलीट आयोग द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ी (एसओएम) के तौर पर आठ में एक सदस्य में रूप में भी चुना गया है, जिससे वह निर्वाचक मंडल की सदस्य बनी। वह आईओए के 95 साल के इतिहास में इसका नेतृत्व करने वाली पहली ओलंपियन और पहली अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता भी बनेंगी। एशियाई एथलेटिक्स में दबदबा बनाने के बाद उन्होंने 2000 में खेलों को अलविदा कहा था।

## रवीना ने अंतिम दिन जीता स्वर्ण, भारत ने 11 पदकों के साथ अभियान समाप्त किया

भाषा। नई दिल्ली

**मौजूदा** एशियाई चैम्पियन रवीना ने दमखम के साथ मजबूत प्रदर्शन की बदौलत 63 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत ने स्पेन के ला नुसिया में युवा पुरूष और महिला विश्व मुक्केबाजी में अपना अभियान 11 पदकों के साथ खत्म किया। रवीना ने फाइनल में नीदरलैंड की मेगन डेक्लेर के खिलाफ अच्छी शुरूआत नहीं करने के बावजूद अपनी तकनीकी क्षमता और तेज गति का भरपूर उपयोग करके प्रभावशाली वापसी की। संघर्ष से भरपूर रहा यह कड़ा मुकाबला एशियाई युवा 2022 की स्वर्ण पदक विजेता रवीना के पक्ष में समाप्त हुआ। मुकाबले की समीक्षा के बाद रवीना ने 4–3 से जीत हासिल की। एक अन्य फाइनल में कीर्ति (81 किग्रा) को 2022 यूरोपीय चैम्पियन आयरलैंड की क्लियोना एलिजाबेथ डार्सी के हाथों 0–5 से हार मिली।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा वनडे बारिश में धुला



भाषा। हैमिल्टन

**भारत और** न्यूजीलैंड के बीच रविवार को यहां खेला जाने वाला दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच लगातार बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। न्यूजीलैंड की टीम तीन मैच की श्रृंखला में।–0 से आगे चल रही है। तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मुकाबला बुधवार 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। भारत अब तीन मैच की श्रृंखला जीत नहीं सकता लेकिन अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में जीत के साथ श्रृंखला बराबर करने की कोशिश करेगा। रविवार को अधिकतर समय बारिश होती रही या मैदान गीला रहा जिसके कारण दो बार मैच शुरू होने के बावजूद सिर्फ 12.5 ओवर का खेल हो पाया जिसमें भारत ने एक विकेट पर 89 रन बनाए। दूसरी बार मैच जब रोका गया तो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। इस समय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल 42 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि सूर्य कुमार यादव 25 गेंद में तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 34 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। बारिश के कारण टॉस में लगभग 15 मिनट का विलंब हुआ लेकिन मैच समय पर शुरू हुआ। आसमान में छाए बादलों के बीच न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गिल और कप्तान शिखर धवन (03) की सलामी जोड़ी ने जब 4.5 ओवर में बिना विकेट खोए 22 रन बनाए थे तब बारिश आ गई और लगभग चार घंटे तक खेल रुका रहा। खेल दोबारा शुरू होने पर मैच को 29 ओवर का कर दिया गया। भारत ने खेल दोबारा शुरू होने पर दूसरी ही गेंद पर धवन का विकेट गंवा दिया जो मैट हेनरी की गेंद को मिड ऑन पर सीधे लॉकी फर्ग्युसन के हाथों में खेल बैठे। गिल शुरू से ही अच्छी लिय में दिखे। उन्होंने हेनरी पर छक्का जड़ा जबकि सूर्य कुमार ने भी मिशेल सेंटनर और माइकल ब्रेसवेल की स्पिन छोड़ी पर छक्का जड़ने के बाद फर्ग्युसन की गेंद को भी छह रन के लिए दर्शकों के

## कोच और मित्र ने बताया सूर्यकुमार की सफलता का राज

**नई दिल्ली।** कोच विनायक माने का कहना है कि आप भविष्यवाणी नही कर सकते कि सूर्यकुमार यादव टेस्ट क्रिकेट मे सफल होगा या नही लेकिन उन्होने कहा कि अगर मौका मिला जो यह बल्लेबाज पूरा प्रयास करेगा। सूर्यकुमार ने भारतीय क्रिकेट मे कम समय मे काफी सफलता हासिल की है। उनके कुछ शॉट ऐसे होते है जिनकी कल्पना भी नही की जा सकती। सूर्यकुमार 32 साल की उम्र मे दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज बने है और यह सफर उन्होंने काफी तेजी से तय किया।सूर्यकुमार के परिवार के अलावा जिन दो लोगो ने उनमें आए बदलाव को करीब से देखा है वह मुंबई के पूर्व सलामी बल्लेबाज माने और राज्य की टीम में लंबे समय से उनके साथी तथा बचपन के मित्र सूफियान शेख है। माने ने सूर्यकुमार को सबसे पहले 18 बरस की उम्र में देखा जब उन्हें मुंबई का प्रतिभावान अंडर-19 क्रिकेटर होने के लिए भारत पेट्रोलियम से 2009 मे छात्रवृत्ति मिली। माने ने हालांकि सूर्यकुमार को उस समय करीब से पहचाना जब यह क्रिकेटर पारसी जिमखाना से जुड़ा जहां के प्रमुख खोदादाद एस याजदेगाडी ने भी उनकी काफी मदद की। प्रथम श्रेणी के 54 मैच खेलने वाले माने ने कहा, सूर्या जब पारसी जिमखाना आया तो मै थोड़ा बहुत क्रिकेट खेल रहा था और कोचिंग देना शुरू ही किया था। मुंबई क्रिकेट मे उसके लिए असहज समय रहा था और वह अपनी छाप छोड़ने की कोशिश कर रहा था। उसके पास शॉट मे विविधता हमेशा से थी और उसे जिसने भी देखा उसे पता था कि वह भारत के लिए खेलेगा। तो सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के हालात के लिए कैसे तैयारी की? माने ने कहा, श्रेय खोदादाद को जाना चाहिए जिन्हें सूर्या काफी पसंद है। पारसी जिमखाना मैदान में हमने विशेष रूप से उसके लिए काफी घास वाला कड़ा विकेट तैयार किया था। उन्होंने कहा, मेरे शिष्यों में से एक, जो मुंबई अंडर-23 खिलाड़ी है, ओम केशकमत ने बाएं हाथ से रोबो-आर्म के साथ थ्रो-डाउन देने का काम किया। मेरे पास भी हर तरह के गेंदबाज थे जो उसे अच्छा अभ्यास दे रहे थे। सूर्यकुमार 20 मिनट बल्लेबाजी करने के बाद निर्धारित लक्ष्य के साथ ट्रेनिंग करते है। माने ने कहा, जहां लक्ष्य दो ओवर मे 28 रन जैसा होगा वहां लक्ष्य का पीछा करना अलग होगा और अगर पहले बल्लेबाजी करते है तो पावरप्ले के चार से छह ओवर मे 30 रन बनाने हो कहते है। वह अक्सर कहता था कि मेरे लिए क्षेत्ररक्षण सजाओ और मुझे लक्ष्य दो, अगर मै आउट हो गया तो आउट होकर चला जाऊंगा।

### गिल की बल्लेबाजी में कुछ खास हैः शास्त्री

**हैमिल्टन।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के प्रशंसको मे पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री भी शामिल हो गए है। शास्त्री का मानना है कि इस युवा बल्लेबाज मे कुछ खास है। गिल न्यूजीलैड के खिलाफ मौजूदा एकदिवसीय श्रृंखला मे अच्छी फॉर्म मे है। उन्होने गुरुवार को शुरुआती मैच मे 50 रन बनाए और शनिवार को बारिश की भेंट चढ़े दूसरे मैच मे नाबाद 45 रन की पारी खेली। शास्त्री ने तीन मैचो की इस श्रृंखला के आधिकारिक प्रसारणकर्ता प्राइम वीडियो पर कहा, उसे खेलते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। उसकी बल्लेबाजी मे कुछ खास है।

## बारिश खीझ पैदा करने वाला, स्टेडियमों पर छत अच्छा विकल्प : गिल

भाषा। हैमिल्टन

**भारत** के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि बारिश के कारण मैचों के प्रभावित होने से खिलाड़ी और दर्शक दोनों परेशान होते हैं और इसलिए बंद छत वाले स्टेडियम अच्छा विकल्प हो सकते हैं। पहले वनडे में 50 रन बनाने वाले गिल ने दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द किए जाने तक नाबाद 45 रन बनाए थे। उन्होंने कहा कि बारिश से मैचों के प्रभावित होने से खीझ पैदा होती है। गिल ने दूसरा वनडे रद्द किए जाने के बाद संवाददाताओं से कहा, यह फैसला (इंडोर स्टेडियम में खेलने का) बोर्ड को करना है। एक खिलाड़ी और प्रशंसक होने के नाते बारिश के कारण इतने अधिक मैचों के प्र भा वित होने से परेशानी होती है। मैं इस बारे में क्या कह सकता हूं क्योंकि यह बड़ा फैसला है। निश्चित तौर पर बंद छत वाले स्टेडियम अच्छा विकल्प होंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे वनडे में बारिश के पहले व्यवधान के बाद ओवरों की संख्या को घटाकर 29 कर दिया गया था लेकिन मैच में केवल 12.5 ओवर का खेल ही हो पाया। यह बेहद परेशान करने वाला होता है क्योंकि आपको पता नहीं होता है कितने ओवर का खेल होगा और ऐसे में आप उसके अनुसार रणनीति नहीं बना सकते।

## 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल : भारत ने उज्बेकिस्तान को 28.22 गोल से दी मात



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर महिला हैंडबॉल टीम ने इंचियोन कोरिया में आयोजित 19वीं एशियन महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में रविवार को खेले गए अपने तीसरे लीग मैच में उज्बेकिस्तान को 28-22 से हराया। मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल की सहायता से मध्यांतर तक 13-7 से बढ़त बना ली थी। भारतीय टीम की ओर से मेनका ने उम्दा खेल दिखाया और प्रतिद्वंद्वी के खिलाफसर्वाधिक आठ गोल दागने में सफलता हासिल की। इसके अलावा भावना ने सात गोल किए। सोनिकाए प्रियंका व प्रियंका ठाकुर ने तीन.तीन जबकि शालिनी ठाकुर ने तीन गोल दागे। निधि शर्मा व सुषमा को एक-एक गोल करने में सफलता मिली। मैच में कई सुंदर बचाव करने वाली नीना शील को मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। दूसरी ओरप्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान टीम से मदीना खुदोयाकुलोवा ने पांच, रूखसाना रुजेइवा, दिनजोवा, कारोस ओबिदजोनोवा वोसलजोनोवा ने तीन-तीन गोल किए। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय ने यह जानकारी दी।

## इलेक्ट्रानिक मीडिया ने एचटी को हराया

**लखनऊ।** सुभाष मिश्र स्मारक मीडिया क्रिकेट के उद्घाटन मैच में इलेक्ट्रानिक मीडिया ने एचटी मीडिया को 61 रनों से हरा दिया। इससे पहले उद्घाटन अपर मुख्य सचिव खेल नवनीत सहगल ने किया। पहले खेलते हुए इलेक्ट्रानिक मीडिया ने आकाश के116 रन की मदद से 182 रन बनाए। जवाब में उतरी एचटी की टीम 161 रन बना पाई। मयूर ने चार विकेट लिए।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की हुई मौत

● मृतका के शरीर पर दिखे चोट के निशान

● ससुराल पक्ष ने आत्महत्या कहा तो मायके पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

### चार वर्ष पूर्व हुआ था मृतका का विवाह

थाना क्षेत्र शिवरतन गंज के पूरे मैना मजरे खरांवा निवासी रूपनारायन का विवाह वर्ष 2019 में अशोक कुमारी पुत्री राम दयाल निवासी गंगापुर संसारा थाना कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी के साथ हुआ था। मृतका के भाई राम शरन के अनुसार उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी में दान दहेज भी दिया था लेकिन फिर भी आए दिन सुसराल पक्ष के लोग मेरी बहन को प्रताड़ित किया करते थे। कई बार मेरी बहन ने बताया भी लेकिन मैं यह समझाकर बहन को दिलासा देता रहा कि समय के साथ सब ठीक हो जायेगा लेकिन ऐसा न हो सका आखिरकार इन दहेज लोभियों ने मेरी बहन की हत्या कर दी।वहीं दूसरी तरफ ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि महिला ने फांसी लगाई है मृतका के ससुर रामसागर लगातार सफाई देते रहे कि मेरी बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी

**शिवरतनगंज** थानाक्षेत्र के पूरे मैना मजरे खरावा गांव में एक युवती की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई।चार वर्ष पूर्व युवती का विवाह हुआ था। मायके वालों ने ससूराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। जबकि ससुराल पक्ष का कहना है कि युवती ने आत्म हत्या की है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के अनुसार खरांवा ग्राम पंचायत के पूरे मैना निवासी राम सागर रावत की बहू अशोककुमारी 24 की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। सुसराली जनों के मुताबिक अशोक कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है और रविवार सुबह मामले की शिवरतन गंज पुलिस को सूचना की। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने शव को कब्जे में लिया और पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह से मामले पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब मैं मौके पहुंचा तो महिला का शव चारपाई पर थी।महिला की हत्या हुई है या आत्महत्या है यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा।मृतका के भाई राम शरन के द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# प्रांतीय दंगल प्रतियोगिता में चंदन ने जीता केसरी का खिताब

● टोटल एनर्जी मार्केटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने विजेताओं को ट्रैकसूट देकर किया सम्मानित



**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में आयोजित चार दिवसीय श्री कुड़वावीर बाबा के ऐतिहासिक मेले में तीसरे दिन रामलीला के समापन के पश्चात हर साल की तरह प्रांतीय स्तर की विराट दंगल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सलेथू महराजगंज के चन्दन ने अमेठी के संजय को पराजित कर दंगल केसरी का खिताब अपने नाम कर लिया।

दंगल प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित नवागंतुक शिवगढ़ थानाध्यक्ष अरुणेश कुमार गुप्ता द्वारा पहलवानों से परिचय प्राप्त कर किया गया। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में कुल 35 कुश्तियां हुई जिसमें पहलवानों ने अपने-अपने दांवपेच दिखाकर दर्शकों का मन मोह लिया। पहली कुश्ती करन - लाल बहादुर का पुरवा और राजू भवानिन के बीच हुई जिसमें करन विजयी रहे। दूसरी कुश्ती नीरज भावा खेड़ा- शिवा लाही बॉर्डर के मध्य हुई जिसमें नीरज विजयी रहे। तीसरी कुश्ती संदीप लालगंज - श्रवण फतेहपुर के बीच हुई जिसमें संदीप विजयी रहे। चौथी कुश्ती शेर सिंह हरियाणा - अनिल बनारस के बीच हुई जिसमें शेर सिंह विजयी रहे। पांचवी कुश्ती शारुख सालेनगर लखनऊ- सिकंदर नगराम के बीच हुई जिसमें शारुख विजयी रहे। छठवी कुश्ती इंद्रभान भावा खेड़ा - सुरेंद्र फतेहपुर के मध्य हुई जिसमें इंद्रभान विजयी रहे। सातवीं कुश्ती राजेश टाइगर डलमऊ-राजू बनारस के बीच हुई जिसमें राजेश टाइगर विजयी रहे। आठवीं कुश्ती हरिओम अयोध्या - इंद्रभान भावा खेड़ा के बीच हुई जिसमें हरिओम विजयी रहे, इस प्रकार से कुल 35 कुश्तियाँ हुई। दंगल में मुख्य कुश्ती चंदन सलेथू और संजय अमेठी के बीच हुई। जिसमें चंदन ने संजय को चारों खाने चित्तकर दंगल केसरी का खिताब अपने नाम कर लिया।

प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित टोटल एनर्जी मार्केटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मैनेजर बी.के.अवस्थी ने कम्पनी की ओर से दोनों रेफरी को ट्रैकसूट एवं कैप और विजेताओं को ट्रैक सूट देकर सम्मानित करते हुए पहलवानों का उत्साहवर्धन किया, उन्होंने कहा कि टोटल एनर्जी मार्केटिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी सामाजिक आयोजनों एवं खिलाड़ियों और पहलवानों का उत्साहवर्धन करने के लिए हमेशा अग्रसर रहती है।

पहलवानों को नगद पुरस्कार मेला कमेटी द्वारा दिया गया। इस मौके पर गिरजा शंकर मिश्रा, नन्दकिशोर तिवारी, सुखेंद्र अवस्थी, दिलीप अवस्थी, अक्षय द्विवेदी, जीवन पाठक, रमेश सहगल, शिवाकांत अवस्थी, सुशील त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## इहां कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं...लक्ष्मण



**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में आयोजित श्री कुड़वावीर बाबा के चार दिवसीय ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेले में तीसरे दिन धनुष भंग,सीता स्वयंवर, परशुराम लक्ष्मण संवाद का भव्य मंचन किया गया। जिसमें भगवान श्रीराम ने धनुष में प्रत्यंचा चढ़ाकर सीता स्वयंवर में मौजूद राजाओं-महाराआओं को आश्चर्यचकित कर दिया। धनुष भंग होते ही भगवान श्रीराम के जयकारों से समूचा मेला प्रांगण गूंज उठा। धनुष भंग के पश्चात सीता स्वयंवर,लक्ष्मण परशुराम संवाद का अद्भुत एवं जीवंत मंचन किया गया। भगवान परशुराम के संवाद सुनकर लक्ष्मण जी ने लक्ष्मण जी अपनी वीरता और अभिमान का परिचय देते हुए कहते हैं कि इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं ... उन्होंने कहा कि हम भी कोई कुम्हड़बतिया नहीं है जो किसी की भी तर्जनी देखकर मुरझा जाएँ।

# कार की टक्कर से अधेड़ गम्भीर, जिला अस्पताल रेफर

**नसीराबाद रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के जायस सलोन मार्ग टेगना मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को राहगीरों ने पुलिस व एबुंलेंस की मदद से सीएचसी नसीराबाद पहुंचाया। जहां सीएचसी में मौजूद डाक्टर ने घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। रविवार को दोपहर बाद करीब दो बजे राजेन्द्र पुत्र दुखी (42)अपनी बिना नम्बर की बाइक पल्सर से कहीं जा रहे थे।तभी जायस सलोन मार्ग पर टेगना मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार संख्या यूपी 33 बीपी 8850 ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बाइक पर सवार राजेंद्र पुत्र दुखी गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना होते ही कार सवार कार छोडकर फरार हो गये।साथ ही बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में



राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस डायल 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी नसीराबाद भेजा गया।जहां हालत गंभीर होते देख सीएचसी में मौजूद डाक्टर आशीष कुमार ने गंभीर रूप से घायल राजेंद्र को जिला अस्पताल रिफर कर दिया है। बाद मे पुलिस ने कार व बाइक को कब्जे मै लेकर थाने पहुंचा दिया। घटना के संबंध में थानेदार नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि अभी घटना की तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

**ऊंचाहार।** क्षेत्र के उमरन बाजार के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल हो गया, जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसरैना गांव निवासी मोहित कुमार 20 वर्ष शनिवार की रात साइकिल से ऊंचाहार की ओर से घर जा रहा था, तभी उमरन बाजार के पास अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी,घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, राहगीरों की मदद से उसे सीएचसी लाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि घायल अवस्था में युवक सीएचसी आया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### अनियंत्रित कार खड्ड में पलटी, बाल-बाल बचे चालक व यात्री

**तिलोई,अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता रायबरेली मार्ग पर एक अनियंत्रित कार खड्ड में पलट गई,गनीमत रही कि घटना में कोई जन हानि नहीं हुई। शुक्रवार की देर रायबरेली जनपद के लालू सिंह चौहान गांव निवासी अनूप सिंह अपनी कार से निमंत्रण से घर वापस जा रहे थे कि तभी थाना क्षेत्र के पुण्डा बार्डर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई गनीमत रही कि कार में सवार चालक समेत सभी लोग सुरक्षित बच गए।

# राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायाधीश रायबरेली श्री अब्दुल शाहिद के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर अंगदान के संबंध मे जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय रायबरेली में किया गया। अंगदान शिविर की अध्यक्षता डॉक्टर महेंद्र मौर्य मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय रायबरेली के द्वारा की। अधीक्षक ने जागरूकता शिविर मे बताया कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगो को जागरूक करना और मृतक दाताओं द्वारा स्वास्थ्य सेवा और मानव जाति मे किये गए निस्वार्थ योगदान



को पहचानना है साथ ही मानवता मे हमारे विश्वास को फिर से स्थापित करना है। पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव के द्वारा भी इस संबंध मे उपस्थित लोगो को जानकारी दी गयी एवं बताया गया की इस वर्ष हम 13 वां अंगदान दिवस मना रहे है। उक्त शिविर मे डॉ जे के लाल, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, डॉक्टर एस के सिंह, डॉक्टर बीआर यादव के द्वारा भी अंगदान के विषय में चर्चा की गई। राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर पूर्व स्टाफनर्स श्रीमती कमलेश वर्मा ने अंगदान करने का आश्वासन दिया उक्त शिविर में जिला चिकित्सालय का स्टॉप पराविधिक स्वयं सेवक राज देवी, आशीष कुमार भटनागर, मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित थे।

# मां काली मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया

**लालगंज रायबरेली।** कस्बे के नई बाजार स्थित मां काली मंदिर का स्थापना दिवस हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को भव्यता पूर्ण सजाया गया तत्पश्चात विधि विधान से मां काली की पूजा अर्चना की गई वही माता का भव्य श्रृंगार भी किया गया। इसके बाद भक्तजनों ने हवन पूजन किया। समस्त धार्मिक अनुष्ठान पंडित जगदीश त्रिवेदी ने विधिवत संपन्न कराया वही मां काली के वार्षिकोत्सव पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर धन्य हो गए। मंदिर के संस्थापक डॉ शकुन चंद्र गुप्त के पुत्र राणा प्रताप गुप्त ने कहा कि ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में समरसता आ ती है और लोक कल्याण की भावना जागृत होती है। धार्मिक अनुष्ठान में चेयरमैन रामबाबू गुप्ता विहिप के प्रांतीय नेता रामगोपाल त्रिपाठी, भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, शिव कुमार गुप्ता, शिवम गुप्ता, संजय गुप्ता, अवधेश त्रिवेदी, सहित अंजू गुप्ता, मीनाक्षी अग्रहरी, मीरा त्रिवेदी, गुड़िया गुप्ता, संगीता गुप्ता, रेखा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, ममता प्रजापति, अर्चना अंजू द्विवेदी, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सूबेदार जगेश्वर सिंह जू देव प्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता को आयोजन

**लालगंज रायबरेली।** कोरोना महामारी के कारण दो वर्ष से बंद सूबेदार जगेश्वर सिंह जू देव प्रांतीय फुटबाल प्रतियोगिता को आयोजन सोमवार 28 नवम्बर से बैसवारा इंटर कालेज के खेल मैदान में होगा। क्षेत्र का लोकप्रिय यह टूर्नामेंट 1954 से अनवरत जारी है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पूर्व प्राचार्य प्रो0 अरूण कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता व खिलाडियों संबधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री सिंह ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में स्पोट्र्स कालेज सैफई, इटावा, बरेली, अयोध्या हास्टल, गोला स्टेडियम लखीमपुर, इलाहाबाद अकादमी, डीएफए मऊ, सद्भावना क्लब गोरखपुर, कानपुर, न्यू वाच क्लब लखनऊ, उन्नाव, फतेहपुर, हैदरगढ़ व बैसवारा की विभिन्न टीमें प्रतिभाग करेंगी।

# आरआरपीजी में मनाया गया एनसीसी दिवस

**अमेठी।** रणबीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी में एनसीसी कैडेटों द्वारा एन सी सी दिवस मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ दुष्यंत प्रताप सिंह ने परेड की सलामी ली और छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एनसीसी के उद्देश्य और कैडेटों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की एनसीसी द्वितीय पंक्ति की सेना होती है जो आपातकाल में देश सेवा के लिए तैयार रहती है। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेटों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। अट्ठारह यूपी बटालियन एनसीसी के दिशा निर्देशन में एनसीसी के 53 कैडेटों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। महाविद्यालय एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ उमेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और छात्र छात्राओं को एनसीसी दिवस पर शुभकामनाएं दी।

इसी क्रम में श्री रणवीर इंटर कॉलेज में भी हर्षोल्लास से एन.सी.सी.दिवस मनाया गया। श्री रणवीर इंटर कॉलेज, अमेठी में एन.सी.सी. दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया । यह कार्यक्रम एन.सी.सी. की स्थापना के



उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष नवंबर माह के चतुर्थ रविवार को मनाया जाता है। आज के ही दिन पंडित हृदय नाथ कुंजरू की अध्यक्षता में एन.सी.सी. की स्थापना हुई थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि एन.सी.सी. का आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन है जो कि सफलता का मूल मंत्र है। इस अवसर पर कैडेटों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## कन्दरांवा में गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव पूरे तिवारईन मजरे कन्दरांवा में गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला की पिटाई कर दी, मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।मामला शनिवार की शाम का है,गांव निवासी रामावती 42 वर्ष के जेठ के लड़के महिला को शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे, जब उसने इस बात का विरोध किया तो आरोप है कि उन लोगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया, रविवार को पीड़ित महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। सजंय कुमार त्यागी ने बताया कि मारपीट के मामले में संतोष व संदीप के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है,

### प्रधान पति और पंचायत सहायक में गाली-गलौज

**तिलोई अमेठी।** थाना शिवरतनगंज पुलिस ने ग्राम पंचायत की खुली बैठक में गाली गलौज और बवाल करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने प्रधान पति, पंचायत सहायक के पति समेत एक अन्य युवक का शांतिभंग में चालान किया है।विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत जयनगरा में बुधवार को आयोजित खुली बैठक में गाली गलौज और विवाद के मामले ने तूल पकड़ लिया है।ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक में छिड़ी जंग थमने का नाम नही ले रही है। ग्राम प्रधान स्वेता ने पुलिस को सौंपे गये शिकायती पत्र में लिखा है कि बुधवार को ग्राम पंचायत की खुली बैठक सुचारु रुप से चल रही थी कि पंचायत सहायक के पति देशराज आये गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद करने लगे इस पर मेरे पति ने मामले को शांत कराना चाहा तो उनके साथ भी अभद्रता की गई है।पंचायत सहायक पूजा ने परिवार रजिस्टर की नकल को लेकर प्रतिपक्षीगणों पर विवाद किये जाने का आरोप लगाया है। थाना शिवरतनगंज में क्षेत्राधिकारी डा.अजय कुमार सिंह को दोनों पक्षों के लोगों ने अपनी बात बताई तो सीओ ने स्थानीय पुलिस को दोनों पक्षों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया।सीओ के निर्देश पर पुलिस ने प्रधान पति अनिल कुमार, पंचायत सहायक के पति देशराज के साथ ही सुरेन्द्र कुमार को शांतिभंग में पाबंद करते हुये चालान किया।

# गायत्री महायज्ञ का इक्कीसवां चरण संपन्न



**अमेठी।** युगतीर्थ शांन्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत रविवार की सुबह अमेठी नगर में 12 घरों में एक साथ गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ।

आज के कार्यक्रम में इन यजमानों डा धर्मेन्द्र तिवारी, सोमेश सिंह, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, सुधाकर तिवारी, राजू वर्मा, सुशील कुमार यादव, पुनीत अग्रहरि, राजू अग्रहरि, अमृत लाल, सुखराज, राम कुमार के यहाँ पुरोहित रमेश चंद्र पांडेय, इन्द्र देव शर्मा, राम प्रकाश मिश्र, राम यश शर्मा, कविता शर्मा, सविता शर्मा, कोमल मिश्रा, राम शंकर पाठक, सुधीर सिंह, महेश कुमार, चिरौंजी लाल आदि ने गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञादि की व्यवस्था में अशोक कुमार मिश्र, घनश्याम वर्मा, पवन मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# उपजिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

**तिलोई, अमेठी।** शासन के निर्देश पर शनिवार को क्षेत्र के थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पीड़ित फरियादियों ने आला अधिकारियों को अपनी समस्याओं का दुखड़ा सुनाया। शिवरतनगंज में उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह और क्षेत्राधिकारी डा. अजय कुमार सिंह ने समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की और प्रार्थना पत्रों को शीघ्र निस्तारित किये जाने का निर्देश मातहतों को दिया है। थाना शिवरतनगंज में आयोजित समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह और सीओ अजय कुमार सिंह द्वारा आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके गुणवत्तापूर्ण व समयवद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। थाना शिवरतनगंज में उपजिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह व सीओ अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल पांच फरियादियों द्वारा अपनी शिकायतें दर्ज कराई गई जिसमें से दो शिकायतें निस्तारित हो सकी है।इस मौके पर थाना शिवरतनगंज के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संविधान का सम्मान हम सबका दायित्व: देवेंद्र राज

● संविधान दिवस पर रैली निकाल किया जागरूक

**संवाददाता।** तिलोई,अमेठी

**संविधान** दिवस के अवसर पर भीम युवा संगठन द्वारा सम्मान यात्रा एवम महारैली निकाल लोगो को जागरूक किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर भीम युवा संगठन काफी उत्साहित रहा।उनके पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

संविधान दिवस के अवसर पर भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र भीम राज नेतृत्व में सैक ?ों युवा कार्यकर्ताओं ने फुरसतगंज से संविधान सम्मान यात्रा निकाली। संविधान सम्मान यात्रा फुरसतगंज से जायस,मोहनगंज, सेमरौता, अहोरवा भावनी,इन्हौना हजारीगंज से होते हुए शिवरतनगंज रामलीला मैदान पहुंची जहां भीम युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र राज भीम ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ष्ठह्र भीम राव अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। यह संविधान शोषितों,दलितों अल्प संख्यको एवम समाज के सभी वर्गों को बराबर का सम्मान करना सिखाता है।इस मौके पर भीम युवा संगठन के कौशलेंद्र अंबेडकर,जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र भर्ती, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेश राज, मनोज कुमार, मोहम्मद जाबिर, राहुल आजाद सुनील पासी आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहब डा अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाने का लिया निर्णय

**अमेठी।** सिरमौर बुद्ध विहार सेवा संस्थान की बैठक रविवार को बौद्ध विहार पर हुई। बैठक में 6दिसम्बर को बाबा साहब डा अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।बुद्ध चरित्र चंद्रोदय का पाठ पांच दिसंबर को शुरु होगा।पाठ के समापन के बाद त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।सिरमौर बौद्ध विहार यात्रा के सफल आयोजन में तन ,मन,धन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले धम्म सेवकों के प्रति कमेटी ने आभार जताया।विहार के प्रबंधक भंते प्रज्ञा मित्र ने परिनिर्वाण दिवस के कार्यक्रम मे उपासक,उपासिकाओं की भागीदारी और उपस्थिति बढाने पर जोर दिया। संस्थान के सचिव रामफल फौजी ने बताया कि 06 दिसम्बर को बौद्ध धम्म और बाबा साहब डा अम्बेडकर की शिक्षाओं पर आधारित विचार गोष्ठी के बाद भोजन दान का भी कार्यक्रम है।

## चार वर्षीया बच्ची को दो घण्टे में बरामद कर परिजनों की लौटायी मुस्कान



**जगदीशपुर, अमेठी।** आज बन्ने खां पुत्र गफूर खां नि0 सिधियावां थाना जगदीशपुर द्वारा सूचना दी गयी कि वह अपने नातिन आसिफा उम्र 04 वर्ष पुत्री बदरूद्दीन नि0 प्रतापगढ़ को अपने साथ बाजार लेकर आये थे जो गुम हो गयी है, काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रही है । पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना के कुशल नेतृत्व में गुमशुदा बच्ची के सकुशल बरामदगी हेतु थानाध्यक्ष संदीप राय थाना जगदीशपुर द्वारा टीम बनाकर सक्रिय होकर तलाश करना शुरु कर दिया गया , 02 घण्टे में सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया । गुमशुदा बच्ची के परिवारीजन व गांव के तथा क्षेत्र के लोगो ने अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया ।

### अमृत योजना से जिले में बरसेगा अमृत

# पेयजल व सीवर प्लांट में खर्च होंगे पांच सौ करोड़

विनोद शुक्ला। हमीरपुर

● शासन को भेजी गयी रिपोर्ट, हमीरपुर शहर की जर्जर पाइप लाइन,टंकी निर्माण,पेयजल दुरुस्त के लिये शीघ्र ही आवंटित होगे अस्सी करोड़, पूरे जिले में बनेगे सीवर ट्रीटमेंटप्लांट,मेरापुर में पांच एकड़ में चालिस करोड़ का बनेगा शहर का सीवर प्लांट

**जिले में** पहली मर्तवा अमृत दो योजना के तहत पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने व शहर में सीवर प्लांट(एसपीटी) स्थापित करने के लिये जल निगम पांच सौ करोड़ रुपये खर्च करेगा। फ्लिहाल शासन ने हमीरपुर शहर में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये शीघ्र ही अस्सी करोड़ रुपये बजट देने के लिये क्लीन चिट दे दी है। जलनिगम के सहायक अभियंता (एई) एके साहू ने आज बताया कि जिले की शहरी क्षेत्र में पेयजल की लाइन एक दम जर्जर व ध्वस्त हो चुकी है। कस्वाई क्षेत्रों मे नयी वस्तियों में पेयजल की कोई व्यवस्थाएं नही है,ज्यादातर पानी की टंकिया जर्जर व कमजोर हो चुकी है, हनीरपुर शहर व कस्बााई इलाकों में पानी लीकेज की समस्याएं बढ़ती जा रही है,जिले में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट न होने के कारण नालों से बहकर आने वाली गंदगी नदियों में जा रही है जिससे प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है,इन्ही ढेर सारी समस्याओं को देखते हुये शासन ने अमृत दो योजना के तहत जिले के शहरी क्षेत्रों में इन सुविधाओं के लिये पांच सौ करोड़ रुपये का बजट मांगा गया है।इसमें नगर पालिका हमीरपुर,मौदहा राठ व नगर पंचायत सरीला, गोहांड,सुमेरपुर,कुरारा में सीवर प्लांट व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करायी जायेगी। सीवर ट्रीट प्लांट के लिये मेरापुर गांव में पांच एकड़ में ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जायेगा उससे फ्ल्टिर करने के बाद पानी को नदी में डाला जायेगा या उसे सिचाई के काम में लाया जायेगा। इसमें करीब चालिस करोड रुपये से अधिक धन खर्च होगा। जिले में अभी भी चालिस फीसदी मकानों का सीवर नालों में बहकर नदियों में जाता है उसे रोका जायेगा। शहर की सीवर प्लांट करीब तीस किलोमीटर दूरी से डाला जायेगा। एई ने बताया कि हमीरपुर शहर के लिये जर्जर पेयजल लाइनों के लिये शासन ने पूरी रिपोर्ट मांगी है,इसके लिये शीघ्र ही 80 करोड़ रुपये आवंटित हो जायेगे, बजट आतेही काम की शुरुआत करा दी जायेगा।

### राठ पेयजल योजना का खर्च बढ़कर 130 करोड़ पहुंचा

**हमीरपुर।** राठ कस्वे में चौदह साल पहले सपा सरकार में स्थापित की गयी सौ करोड़ की लागत से राठ पेयजल पुनर्गठन योजना बजट के अभाव में आज तक पूर्ण नही हो पायी है लिहाजा योजना का रेट रिवाइज कर उसकी लागत 130 करोड रुपये पहुच गयी है। सहायक अभिंयता एके साहू ने बताया कि बजट आने के बाद योजना का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जायेगा। आधी अधूरी योजना निर्मित होने के कारण जो कार्य कराये गये थे वह भी ध्वस्त होते जा रहे है। अभी तक इस महत्वपूर्ण योजना में करीब बीस करोड़ रुपये खर्च हुये है।

### बजट का चालीस फीसदी धन चला जायेगा शासन के खाते में

**हमीरपुर।** सुनने में जिले के विकास के लिये पांच सौ करोड़ की योजना अच्छी लगती है मगर हकीकत यह है कि बजट का अठारह फीसदी जीएसटी, व साढ़े बारह फीसदी कार्यदायी संस्था जल निगम का सेंटेज चार्ज व करीब पाचं से दस फीसदी इनकम टैक्स में खर्च होगा। इस प्रकार कुल मिलाकर चालिस फीसदी आवंटित बजट की धनराशि शासन के खाते में चला जायेगा साठ फीसदी धनराशि से काम होगा। इसको लेकर कार्यदायी संस्था के अभियंता बड़े ही असमंजस में

### संविधान दिवस पर युवक के साथ की हाथापाई

**जालौन ( उरई )।** संविधान दिवस पर निकाली गई शोभायात्रा के बाद वापस गांव लौट रहे युवक के साथ कुछ लोगों ने गाली, गलौज करते हुए हाथापाई कर दी। शिकायत करने पर जाने से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के मोहल्ला भीमनगर निवासी विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर जालौन नगर में शोभायात्रा निकाली जानी थी। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए वह माधौगढ़ से जालौन आया था। शोभायात्रा समाप्त होने के बाद शाम करीब 4 बजे वह बाइक से वापस अपने गाव जा रहा था। तभी चुंगी नंबर 4 के पास बघौरा उरई निवासी अजय, वीरेंद्र व प्रीतम ने जबरन उसकी बाइक रोक ली और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं।

## क्विक न्यूज

### सांसद के दो फारचूनर पर दर्ज हुआ गैर इरादन हत्या का मुकदमा

**बस्ती।** कोतवाली थाने में ग्राम वासिया निवासी षत्रुघन राजभर ने 27 नवंबर 22 को लिखाए गए मुकदमें में कहा है, कि उसका नौ साल का पुत्र जो कि प्राथमिक विधालय हर्दिया बुजुर्ग में कक्षा दो छात्र है। स्कूल की छूटटी के बाद वह घर वापस आ रहा था, घर आते समय हर्दिया पेटोल पंप के 100 मी. पहले बड़ेबन की तरफपहुंचा तो मनौरी के तरफ से सफेद रंग की दो फारचूनर जो स्थानीय सांसद हरीष द्विवेदी की थी, इसी गाड़ी से उसके बच्चे का एक्सीडेंट हो गया। बताया कि गाड़ी काफी तेज गति में थी। बच्चे को घायल अवस्था में जिला अस्पताल बस्ती भर्ती कराया गया, हालत नाजुक देख डाक्टर ने लखनउ रेफर कर दिया। लखनउ ले जाते समय कप्तानगंज के पास बच्चेकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने धारा 279 एवं 304-ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### वृद्ध ने घर में घुसकर मारपीट का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** एक वृद्ध ने घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की गुहार लगायी है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बस्ती निवासी जान मुहम्मद पुत्र सुबराती ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 23 नवंबर की रात करीब 9 बजे वह घर से निकलकर समीप में ही स्थित पशु बाड़े में लेटने के लिए गया हुआ था। बाड़े का वह ताला खोल ही रहा था तभी गांव का ही कमलेश उर्फछुन्ना लोहार आया और जबरन उसे पकड़कर बाड़े के अंदर ले गया। बाड़े में रखी लाठी उठाकर कमलेश ने गाली गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया जिसके बाद वह धमकी देकर मौके से भाग गया।पीड़ित जान मुहम्मद ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने फौरन ही घटना की सूचना भेंड़ चौकी में दी थी।घटना के अगले रोज चौकी में तैनात पुलिस कर्मी उसके घर आये और आरोपी कमलेश के कहीं भाग जाने की बात कहकर जल्द ही पकड़ लेने का आश्वासन देकर चले गये थे।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को बताया कि आरोपी खुलेआम गांव में टहल रहा है जिससे उसे जानमाल का खतरा है। पीड़ित ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की गुहार लगायी है। वहीं पुलिस द्वारा फिलहाल पीड़ित जान मुहम्मद को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### पूर्वांचल विकास बोर्ड सदस्य आज पहुचेंगे श्रावस्ती

**श्रावस्ती।** सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार बौद्ध अरविन्द सिंह पटेल सोमवार को अपराह्न 2 बजकर 10 मिनट पर सीमा बलरामपुर - श्रावस्ती छाउवा छाबर पहुचेंगे। अपराह्न 3 बजकर 45 मिनट पर सिताद्वार मन्दिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। तत्पश्चात सायं 5 बजे डाक बंगला श्रावस्ती पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। सदस्य महोदय 29 नवंबर को पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मनपुर बाजार का निरीक्षण करेंगे। पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर आशीष कुमार वर्मा के घर भोजन करेंगे तथा अपराहन1 बजे विकासखण्ड सिरसिया के ग्राम कन्जे भरिया में माधवराम पाठक के घर पहुँचेगे जहां से वह 4 बजकर 30 मिनट पर बजे डाक बंगला श्रावस्ती पहुँचेगे। इसके बाद वह 5 बजकर 30 मिनट पर लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी प्रोटोकाल आर पी चौधरी ने दी है।

### अपर जिलाधिकारी ने की आईजीआरएस समीक्षा बैठक

**श्रावस्ती, भिनगा।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सन्तोष कुमार यादव की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में उपजिलाधिकारी ने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का विभागवार समीक्षा कर तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश दिये इस के साथ ही फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्रत्येक दशा में करने हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से बैठकर फरियादियों की समस्याओं को भी सुने और उनका समयबद्ध ढंग से निस्तारण करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारी समयानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देश दिया है कि शिकायती पोर्टल आई0जी0आर0एस0, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आनलाइन प्राप्त सन्दर्भ का निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखेंउन्होने जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देश दिया है कि शिकायती पोर्टल आई0जी0आर0एस0, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, आनलाइन प्राप्त सन्दर्भ का निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा शिकायतों के निस्तारण को अपने दैनिक कार्यों में सम्मिलित करें, कोई भी लम्बित सन्दर्भ न रखें जिससे शिकायतकर्ता को बार-बार जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। जनशिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही निर्धारित तिथि तक गुणवतायुक्त कर आख्या अपलोड कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप जिलाधिकारी भिनगा प्रवेन्द्र कुमार, तहसीलदार जमुनहा मोहम्मद अहमद फरीद खान, नयब तहसीलदार भिनगा, नयब तहसीलदार इकौना ,परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित,, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय,, जिला कार्यक्रम अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर शरद श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### पर्यटकों के लिए बढ़िया लक्ष्य

लखनऊ । जिम कोर्बेट खूबसूरत भूदृश्यों और जँगल के आकर्षण के साथ पर्यटकों के लिए एक बढिया लक्ष्य है। आईटीसी का ष्वेलकमहोटलष् शहर के शोर.गुल से दूरएपहाडी की चोटी परएवुडलैंड वन में 3.5 एकड में फैला हुआ है। यह प्रमुख राष्ट्रीय पार्क से 45 मिनट की दूरी पर स्थित है। आईटीसी होटेलस के डिविज़नल चीफएक्सीक्यूटिव श्री अनिल चडढा ने कहा ब्रांड वेलकम होटल अतिथियों को बढिया अनुभव देता है और नई उम्र के यात्रियों के बीच यह पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है । उत्तराखंड के खूबसूरत पहाडों के बीच स्थित वेलकमहोटेल को इस तरह डिज़ाईन किया गया है कि पर्यटकों के आरामदायक ठहरने के लिए आदर्श है।इस पूरे क्षेत्र्में इस हॉटेल के भीतर ही सबसे बडा बेंकु?ट है जो शादी.विवाह एवम एमआईसीइ के लिए उपयुक्त हैश्।

### नगदी व जेवर चोरी कर ले गये चोर

**कोंच(जालौन)।** सर्दी का मौसम आरम्भ होते ही एक बार फिर चोर नगर में सक्रिय हो उठे हैं। नया पटेल नगर क्षेत्र में चोरों ने कुछ ज्यादा ही आतंक मचा रखा है जिससे नागरिकों में डर देखा जा रहा है। मुहल्ला नया पटेल नगर में बाबू पैलेस के समीप रहने वाले प्रेम सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह नेकोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवारध्रविवार की रात्रि में उसके परिजन घर के अंदर सो रहे थे जबकि वह अपने कार्य से गांव सलैया खुर्द गया हुआ था।

## सम्पूर्ण स्वराज रैली में बिहार के मंत्री करेंगे शिरकतः डॉ. अय्यूब

संवाददाता। संतकबीरनगर


पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**पीस पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक खलीलाबाद डॉ0 मो0 अय्यूब ने रविवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 29 नवम्बर को जूनियर हाईस्कूल खलीलाबाद में पीस पार्टी व किसान पार्टी का संयुक्त सम्पूर्ण स्वराज रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वराज रैली में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास व संसदीय कार्य मंत्रालय मंत्री श्रवण कुमार पटेल होगे तथा विशिष्ट तिथि किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 वीएल वर्मा रैली में शिरकत करेगे। उन्होंने बताया कि इस रैली की अध्यक्षता वह स्वंय करेगे। डॉ0 अय्यूब ने बताया कि रैली को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई और यह रैली ऐतिहासिक होगा। जिले के तीनों तहसीलों से भारी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में काफी उत्साह है। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने का आहवान किया है। पूर्व विधायक डॉ0 मो0 अय्यूब ने कहा कि यह सर्वसमाज की रैली है इस रैली के माध्यम से मौजूदा तानाशाह सरकार के गलत नीतियों व जनता के अहित में किये जा रहे निर्णय को बतायेगी।

## शातिर चोर को सीतापुर चौकी पुलिस ने बाइक व गांजा समेत दबोचा

● सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह की टीम को चेकिंग के दौरान मिली सफलता

संवाददाता। चित्रकूट




**पुलिस** अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देशन में शातिर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जिले की सीतापुर चौकी पुलिस को बडी सफ्लता मिली है। चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने एक शातिर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है।पकडे गये चोर के पास से पुलिस ने एक किलो 400 ग्राम सूखा गांजा भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा' के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली कर्वी अवधेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर तथा उनकी टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर मोटरसाइकिल चोर रिंकू पुत्र राजकुमार निवासी बहादुरपुर मजरा अमानपुर कर्वी को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई एक अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो यूपी96 ई 2796 व 01 किलो 400 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया ।

आपको बता दे कि बीती 24 नवम्बर को रघुवंश भूषण पांडेय पुत्र रामनरेश निवासी कुबेरगंज थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा कोतवाली कर्वी में सूचना दी गई कि अज्ञात चोर द्वारा उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई है। इस पर थाना कोतवाली कर्वी में मुकदमा अपराध संख्या 474/2022 धारा 379 भादवि0 पंजीकृत किया गया। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह चौकी प्रभारी सीतापुर के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना के खुलासे के लिए लगातार प्रयासरत थी। जिसमें सफ्लता प्राप्त करते हुए रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान मंदाकिनी पुल के पास शातिर अपराधी रिंकू पुत्र राजकुमार निषाद निवासी ग्राम बहादुरपुर मजरा अमानपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को चोरी की गई मोटरसाइकिल व 01 किलो 400 ग्राम सूखा नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

## एएसपी ने महुली थाने का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

● असलहा, अभिलेखों के रख-रखाव को जांचा

संवाददाता। संतकबीरनगर


निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देश के क्रम में रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा जनपद के थाना महुली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। एएसपी ने सलामी मे लगी गार्द द्वारा सलामी ली गयी तत्पश्चात उन्होंने परिसर कार्यालय की साफ सफाई का जायजा लिया। सीमित संसाधनों में परिसर की साफ-सफाई उत्कृष्ट पाई गई जिसके लिए थाना प्रभारी की सराहना की गई। तत्पश्चात थाना कार्यालय में रखे समस्त अभिलेखों, शस्त्रागार तथा महिला व पुरुष हवालात का निरीक्षण कर वहां की स्थितियों की जानकारी ली। अभिलेखों के उचित रख रखाव के लिए उन्होंने थाना प्रभारी और थाने के कार्यालय के दीवान एवं मुंशी को निर्देशित किया। आगंतुक रजिस्टर/हेल्पडेस्क में अंकित शिकायतों के विषय में जानकारी लेने के बाद उनके निस्तारण की स्थितियों के बारें में जानकारी की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आंगतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल उनपर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने के महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया एवं महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए卐मिशन शक्ति卐 का शिक्षण संस्थानों सहित अन्य महिलाओं से संबन्धित स्थलों पर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए मनचलों एवं शोहदों के विरूद्ध कार्यवाही एवं महिलाओं एवं बालिकाओं के शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। कार्यालय में निरीक्षण के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मेस का निरीक्षण किया व मेस में साफ सफाई रखने के साथ उन्होंने पौष्टिक भोजन उपलब्ध भोजन कराने को आदेशित किया। इसके पश्चात सभी विवेचको के विवेचनाओ तथा प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की गई तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी धनघटा व थाना महुली की पुलिस बल के साथ कस्बा महुली में पैदल गश्त किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना महुली संतोष कुमार मिश्र सहित थाने के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कन्यादान समारोह में पहुंच दिया नवयुगलों को आर्शीवाद

**चित्रकूट।** कान्यकुब्ज वैश्य समाज के दो दिवसीय कन्यादान समारोह में 11 जोडों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज से हुआ। पदाधिकारियों ने नये जोडों को उपहार भेंट किये। समारोह में राज्यमंत्री रामकेश निषाद एवं कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास महाराज आदि प्रमुख हस्तियों ने शिरकत कर जोडों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलनों से समाज का विकास होने के साथ फिजूलखर्ची से बचत होती है। उन्होने कार्यक्रम के संयोजक रामबाबू गुप्ता के प्रयासों की जमकर सराहना की। रविवार को कान्यकुब्ज वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णदास गुप्ता की मौजूदगी में 26-27 नवम्बर को दो दिवसीय कन्यादान समारोह राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में हुआ। दूसरे दिन जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने शिरकत कर नवदम्पतियों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलनों में शादी करने से अनावश्यक खर्च की बचत होती है। हर वर्ग के लोगों को ऐसे आयोजन करने चाहिए। समाज में एकजुटता का भाव पैदा होता है। उन्होने नये जोडों के सुखमय जीवन की कामना की। वहीं कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने समाजसेवी रामबाबू गुप्ता के प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि समाज की गरीब कन्याओं का विवाह कराना अत्यंत पुण्य का कार्य है।रामबाबू के प्रयाय से आज गरीब कन्याओं के माता-पिता के अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से करने का सपना पूरा हो गया है।उन्होने कहा कि रामबाबू से अन्य समाज को भी प्रेरणा लेकर कार्य करने की जरूरत है। वहीं कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ समाजसेवी रामबाबू गुप्ता ने बताया कि 11 जोडों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज से कराया गया है। उप्र समेत अन्य प्रांत के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

## देश में नई रोजगार क्रांति का आगाज करने का लिया गया संकल्पः श्रद्धा

● प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि को सौंपा

● का. कैलाश पाठक ने 48 घंटे के उपवास को मिठाई खिला तुड़वाया

संवाददाता। उरई (जालौन)



**देशभर** में 60 लाख खाली सरकारी पदों को तुरंत भरे जाने एवं राष्ट्रीय रोजगार नीति कानून संसद में पास करके सभी देशवासियों को रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की जाये की मांग को लेकर, देश की बात फाउंडेशन के आवाहन पर संयुक्त रोजगार आंदोलन समिति के बैनर तले भ्रष्टाचार शिकायत अभियान भारत के समर्थन से रोजगार आंदोलन के तहत 26 नवंबर को गाँधी चबूतरा, कोतवाली के सामने, उरई सुबह 10 बजे से राष्ट्रव्यापी सामूहिक उपवास (सांकेतिक आंदोलन) आयोजन डॉ श्रद्धा चौरसिया एवं कुमार गौरव कुशवाहा द्वारा किया गया। इस आंदोलन में गाँधी डिग्री कॉलेज के छात्र नेता प्रखर बाजपेई, मुकेश राजपूत, सनेश कुमार, राठ से रामपाल वीरा (संगठन लक्ष्य समिति सदस्य), महोबा से महेश कुमार सोनी (संस्थापक भ्रष्टाचार शिकायत अभियान भारत), उरई से सौरभ सौरभ कुमार सिंह ने उपवास रखकर बेरोजगारी के खिलाफविरोध जताया। इसके अलावा इस आंदोलन को विभिन्न प्रकार के स्थानीय संगठनों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, किसानों, अध्यापकों, छात्र छात्राओं का भरपूर समर्थन भी मिला। उपवास के दूसरे दिन रविवार को जनपद जालौन के सबसे वरिष्ठ, संघर्षशील समाजसेवी एवं संयुक्त किसान संघर्ष समिति के संयोजक कैलाश पाठक का भी समर्थन मिला। उपवास में शामिल हुए सभी साथियों का कैलाश पाठक द्वारा मिठाई खिलाकर उपवास तोड़ा गया। उसके पश्चात अपनी मांग को लेकर मप्रधानमंत्री एवं सांसद जी को सांसद प्रतिनिधि अवध शर्मा बब्बा को ज्ञापन सौंपा गया। और आंदोलन का समापन किया गयाद्य आंदोलनरत साथियों ने कहा कि यह तो एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन है अगर हमारी मांगे जल्दी ही पूरी नहीं की जाएंगी तो हम यहां धरना में निरंतर करते रहेंगे। और देश में एक नई रोजगार क्रांति का आगाज करेंगे।

## ग्रामोदय विवि ने निकाली मन्दाकिनी जल संरक्षण जन जागरुकता यात्रा

संवाददाता। चित्रकूट



**ऊर्जा एवं** पर्यावरण विभाग, विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को मंदाकिनी संरक्षण जन जागरूकता यात्रा निकाली गई ।इस यात्रा के संयोजन व संचालन में एमएससी पर्यावरण विज्ञान के छात्र और छात्राओं ने हिस्सा लिया ।

यात्रा प्रात: 9 बजे सती अनुसूया आश्रम से संत महात्माओं के साथ गोष्ठी के उपरांत पैदल प्रारंभ हुई। पैदल मार्ग में स्थित ,पंच प्रयाग आश्रम के महाराजश्री से यात्रा के उद्देश्य और संभावनाओं के संबंध में चर्चा हुई। महाराजश्री ने बताया कि मंदाकिनी नदी,झूरी नदी एवं तीन अन्य जल स्रोतों के मिलने के कारण इस समागम स्थल को पंच प्रयाग कहते है। पंच प्रयाग आश्रम के बाद पैदल यात्रा जोतहारी आश्रम पहुंची। जहां जोतहारी आश्रम में महाराजश्री के साथ हुए विचार विमर्श मे मंदाकिनी नदी के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यार्थियों ने प्राप्त किया।जोतहारी आश्रम में प्रसादी के उपरांत यह यात्रा टाटी घाट पहुंची। इस स्थान में अनेक संत मंदाकिनी के किनारे अपने आश्रम बनाकर रहते हैं एवं भगवत आराधना करते हैं।इन संतो के साथ भी मंदाकिनी यात्रा के उद्देश्यों को लेकर विद्यार्थियों ने चर्चा की आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद नदी के किनारे - किनारे मंदाकिनी नदी यात्रा के प्रतिभागी पैदल चलते हुए मोहकमगढ़ गांव पहुंचे। स्फटिक शिला, आरोग्यधाम, जानकीकुंड, प्रमोदवन, गोयनका घाट होते हुए यात्रा भरत घाट पहुँची।इस दौरान चित्रकूट के गणमान्य नागरिकों के साथ यात्रा के प्रतिभागियों की मंदाकिनी नदी के बारे में विस्तृत चर्चा हुई एवं यात्रा के संस्मरण सुनाए गए। यात्रा करने का क्या उद्देश्य था इससे समाज को क्या संदेश देना है आदि विषय पर विस्तृत प्रकाश डॉ घनश्याम गुप्ता द्वारा डाला गया।डॉ गुप्ता द्वारा यह मांग की गई कि हम सभी लोग अपनी विशेष रुचि में टोकना शामिल करें अर्थात मंदाकिनी में यदि कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार गन्दगी करते या डालते हुए पाया जाता है तो हम उसको टोंके व कहें कि ऐसा न करो। क्योंकि मंदाकिनी चित्रकूट की जीवन रेखा है एवं इसके जल के संरक्षण व संवर्धन की जिम्मेदारी यहां के प्रत्येक व्यक्ति की है। अगर हम सभी लोग इसके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे तो निश्चित ही हमारी मंदाकिनी का दिनो दिन विकास एवं संवर्धन संभव हो सकेगा। चूंकि सभी छात्र पर्यावरण विज्ञान के थे अत: यात्रा के स्थानों पर मंदाकिनी नदी का जल एकत्र किया ताकि उसकी गुणवत्ता जांच कर यह पता लगाया जा सके कि जल की गुणवत्ता किस स्थान पर कैसी है। सभी छात्रों को सिखाया गया कि किसी नदी का नदी का वेग व बहाव कैसे निकालते हैं ।नदी का वेग भी निकाला गया। उक्त यात्रा ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर घनश्याम गुप्ता एवं प्रोफेसर शशिकांत त्रिपाठी के निर्देशन में संपन्न हुई । संक्षिप्त में यात्रा सुखद एवं भूतो न भविष्यति वाली स्थिति की थी। यात्रा से सभी छात्रों ने काफी कुछ सीखा,बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं भरपूर आनंद प्राप्त किया।